# हरिभूमि

जबलपुर

मंगलवार, 22 अप्रैल 2025

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





# आज जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं, वे 1 हजार साल का भविष्य तय करने वाली हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17वें लोक सेवा दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कई अधिकारियों को सम्मानित किया। पीएम मोदी ने 'लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए जिलों का समग्र विकास' और 'लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार से चुनिंदा नवाचार' पर ई-कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। पीएम मोदी ने कहा कि हम आज जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं, जो निर्णय ले रहे हैं, वे एक हजार साल का भविष्य तय करने वाले हैं। इस बार का सिविल सर्विस डे कई वजहों से बहुत विशेष है। इस साल हम अपने संविधान का 75वां वर्ष मना रहे हैं और यह सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती का भी साल है। 21 अप्रैल, 1947 को सरदार वल्लभभाई पटेल ने आप सभी को 'भारत का स्टील फ्रेम' कहा था यानी ईमानदारी और अनुशासन से भरे सिविल सेवक।



**पीएम ने कही खास बातें**

**2014** से ही व्यवस्थागत बदलाव को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया

**10** सालों में भारत ने प्रभावशाली परिवर्तन का सफर देखा

**हमारी नौकरशाही** और नीति-निर्माण पुरानी प्रणालियों पर काम नहीं कर सकते

**एक हिसाब से देखें तो** 1 हजार साल की सहस्त्राब्दी के पहले 25 साल बीत गए हैं

> पीएम ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने आप सभी को 'भारत का स्टील फ्रेम' कहा था यानी ईमानदारी और अनुशासन से भरे सिविल सेवक। सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्र भारत की ब्यूरोक्रेसी की नई मर्यादाएं तय की थीं। एक ऐसा सिविल सर्वेंट जो राष्ट्र की सेवा को अपना सर्वोत्तम कर्तव्य माने, जो लोकतांत्रिक तरीके से प्रशासन चलाए, जो ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण से भरा हुआ हो।

**17वें लोक सेवा दिवस पर बोले प्रधानमंत्री मोदी**



### तेजी से बदल रही है दुनिया

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर पर दिए अपने भाषण का जिक्र करते हुए कहा, कुछ समय पहले मैंने लाल किले से कहा था कि आज के भारत को आने वाले 1 हजार साल की नींव को मजबूत करना है। एक हिसाब से देखें तो 1 हजार साल की सहस्त्राब्दी के पहले 25 साल बीत गए हैं। यह नई शताब्दी का 25वां साल है और नई सहस्त्राब्दी का भी 25वां साल है। हम आज जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं, जो निर्णय ले रहे हैं, वे 1 हजार साल का भविष्य तय करने वाले हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज हम एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं, जो तेजी से बदल रही है। हमारी नौकरशाही और नीति-निर्माण पुरानी प्रणालियों पर काम नहीं कर सकते।

### कोई भी परिवार, नागरिक या गांव पीछे न छूटे

उन्होंने सिविल सेवा की थीम भारत का समग्र विकास पर कहा, मुझे खुशी है कि इस साल की सिविल सेवा की थीम भारत का समग्र विकास है। यह सिर्फ एक थीम नहीं है बल्कि यह राष्ट्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है। समग्र विकास का मतलब है कि कोई भी परिवार, नागरिक या गांव पीछे न छूटे। वास्तविक प्रगति छोटे-मोटे बदलावों के बारे में नहीं है, बल्कि बड़े पैमाने पर सार्थक प्रभाव के बारे में है। हर घर में साफ पानी होना चाहिए और हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए।

### प्रभावशाली परिवर्तन का सफर तय किया है

पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10 सालों में भारत ने वृद्धिशील परिवर्तन से आगे बढ़कर प्रभावशाली परिवर्तन का सफर देखा है। आज भारत का शासन मॉडल देश जनरेशन रिफॉर्म पर ध्यान दे रहा है। हम तकनीक, नवाचार और नवीन अभ्यास के जरिए सरकार और नागरिकों के बीच की दूरी समाप्त कर रहे हैं। इसका प्रभाव ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ दूर दराज के इलाकों में भी दिख रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आज हम एक ऐसी दुनिया में हैं जो बहुत तेजी से बदल रही है। हमारी नौकरशाही और नीति-निर्माण पुरानी प्रणालियों पर काम नहीं कर सकते। यही कारण है कि 2014 से ही व्यवस्थागत बदलाव को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया गया है। हम बहुत तेजी से खुद को बदल रहे हैं। भारत का आकांक्षी समाज चाहे वह युवा हो, किसान हो।

## खबर संक्षेप

### 5 दिन में 2 लाख भक्तों ने कराया पंजीकरण



**जम्मू।** श्री अमरनाथ यात्रा के लिए पांच दिन में करीब दो लाख श्रद्धालु ऑनलाइन और ऑफलाइन अग्रिम पंजीकरण करवा चुके हैं। तीन जुलाई से शुरू होने वाली यात्रा में ज्यादातर शिवभक्त पवित्र हिमलिंग के दर्शन करने को आतुर हैं। इस बार भी यात्रियों में खासा उत्साह है। पिछली यात्राओं में 15 से 20 दिन में ही हिमलिंग अंतर्ध्यान हो गए थे।

### गूगल ने 20.24 करोड़ रुपए में निपटारा किया



**नई दिल्ली।** गूगल ने एंड्रॉइड टीवी खंड में कथित रूप से अनुचित व्यापार व्यवहार से संबंधित करीब चार साल पुराने एक मामले में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के साथ समझौता किया है। प्रौद्योगिकी कंपनी ने इस संबंध में नियामक को 20.24 करोड़ रुपये की निपटान राशि का भुगतान किया है। मामला खत्म हो गया।

### आंबेडकर को कांग्रेस ने हाशिए पर धकेला



**शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को राजनीतिक हाशिए पर धकेला। वह भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत सभाओं को संबोधित कर रहे थे।

### शाह-बिट्टू के खिलाफ साजिश, दो गिरफ्तार



**मोगा (पंजाब)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ साजिश रचने का खुलासा हुआ है। वहीं केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी निशाने पर हैं। मामले की जांच के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वाट्सएप ग्रुप वारिस पंजाब दे की चैट वायरल हो रही थी। जिसमें नुकसान पहुंचाने की बात थी।

## मुर्शिदाबाद हिंसा पर सुनवाई के दौरान बोले जस्टिस गवई

# हम पर पहले से ही संसदीय कार्यों में दखल देने के आरोप हैं, राष्ट्रपति को आदेश कैसे दें?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने और पैरामिलिट्री फोर्स तैनात करने की याचिका पर कोई आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता ने अपील की थी कि वक्फ कानून के विरोध में हुई मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद कोर्ट इस पर फैसला ले। इस पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कोई आदेश नहीं दिया। बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा- क्या आप चाहते हैं कि हम राष्ट्रपति को इसे लागू करने का आदेश भेजें? हम पर दूसरों के अधिकार क्षेत्र में दखलंदाजी के आरोप लग रहे हैं। जस्टिस गवई अगले महीने सीजेआई बनने वाले हैं। याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ कर रही थी। सुनवाई के दौरान ही जस्टिस गवई ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान का जिक्र किया। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने राज्य में 2021 के चुनाव के बाद हुई हिंसा के मद्देनजर दायर एक लंबित याचिका में कुछ नए तथ्य रिकॉर्ड में लाने के लिए कुछ अन्य दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति मांगी है। बता दें कि एक मामले में 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि की कार्रवाई को अवैध और गलत करार दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों के लिए उनके समक्ष प्रस्तुत विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए एक समय सीमा भी निर्धारित की थी। बाद में भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा था, भारत के संविधान के अनुसार, कोई भी लोकसभा और राज्यसभा को निर्देश नहीं दे सकता है और राष्ट्रपति ने पहले ही इस पर अपनी सहमति दे दी है। कोई भी राष्ट्रपति को चुनौती नहीं दे सकता, क्योंकि राष्ट्रपति सर्वोच्च हैं।

> याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ कर रही थी। सुनवाई के दौरान ही जस्टिस गवई ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान का जिक्र किया। हालांकि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया।

**राष्ट्रपति शासन की मांग वाली लगाई थी याचिका**

*केंद्रीय बलों की तैनाती से इनकार किया, वकील के दावों पर भी सवाल उठाए*

*नए तथ्य रिकॉर्ड में लाने के लिए दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति मांगी*



### इसलिए लगाई गई थी याचिका

जस्टिस गवई की टिप्पणी दोनों बयानों का संदर्भ देती हुई लग रही है। इस बीच मुर्शिदाबाद हिंसा के संबंध में सोमवार की याचिका में केंद्र सरकार को अनुच्छेद 355 और 356 के तहत शक्तियों का प्रयोग करने का निर्देश देने की मांग की गई है। भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरा पैदा करने वाली बिगड़ती स्थिति को ध्यान में रखते हुए ये याचिका दायर की गई है।

### लंबित याचिका पर आज होगी सुनवाई

संविधान का अनुच्छेद 355 केंद्र सरकार के कर्तव्य से संबंधित है, जो राज्यों को बाहरी आक्रमण और आंतरिक अशांति से बचाता है, जबकि अनुच्छेद 356 राज्य में संवैधानिक तंत्र की विफलता के मामले में प्रावधानों को दर्शाता है। नए आवेदन में बताया गया है कि लंबित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई होनी है। इसमें 2022 से अप्रैल 2025 तक हिंसा, अधिकारों के उल्लंघन, महिलाओं के खिलाफ अपराधों की घटनाओं, विशेष रूप से मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के बाद हुई हिंसा की जांच करने और अदालत को रिपोर्ट सौंपने के लिए 1 सेनि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश और दो सेवानिवृत्त हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की अध्यक्षता में एक समिति की नियुक्ति की मांग कर एक अतिरिक्त आवेदन दायर करने की अनुमति मांगी।

### मुर्शिदाबाद में हिंसा पीड़ितों से मिले केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार



केंद्रीय मंत्री और बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने सोमवार को हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया और वक्फ अधिनियम विरोध के दौरान हुई हिंसा से प्रभावित पीड़ितों से मुलाकात की। पीड़ितों से मिलने के बाद मजूमदार ने कहा कि अगर कलकत्ता हाई कोर्ट राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) को जांच करने की अनुमति देता है तो सरकार को अदालत के आदेशों का पालन करना होगा। सुकांत मजूमदार ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा अधिकारियों पर दबाव बनाने के लिए कटाक्ष किया और सवाल किया कि अब जबकि उनके घर नष्ट हो गए हैं तो वे कहां जाएंगे। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हम लोगों की मांगों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग एनआईए जांच के लिए अदालत गए हैं। अब हमारी सारी निगाहें अदालत पर टिकी हैं। अगर कलकत्ता हाई कोर्ट एनआइए जांच की अनुमति देता है, तो सरकार भी ऐसा ही करेगी। ममता बनर्जी अधिकारियों पर पीड़ितों को वापस भेजने का दबाव बना रही हैं, लेकिन वे (हिंसा के पीड़ित) कहां जाएंगे? उनके घर जला दिए गए हैं और नष्ट कर दिए गए हैं।

## पूर्व डीजीपी की हत्या का खुलासा

# खाना खाते वक्त पत्नी ने आंखों में मिर्ची डाली फिर चाकू से गोद डाला!

**पत्नी और बेटी से अक्सर अफसर का होता था झगड़ा**



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक ओम प्रकाश की हत्या के मामले में सोमवार को नया खुलासा हुआ। पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि पत्नी पल्लवी ओम प्रकाश की हत्या की प्रमुख संदिग्ध है। घटना के समय ओम प्रकाश खाना खा रहे थे। इस दौरान दोनों के बीच झगड़ा हुआ।

यह इतना बढ़ गया कि पत्नी ने उनकी हत्या कर दी। पल्लवी ने पहले ओम प्रकाश पर मिर्ची पाउडर फेंका, जब जलन से राहत पाने के पूर्व डीजीपी इधर-उधर भाग रहे थे तो पल्लवी ने उनकी गर्दन, पेट और छाती पर चाकू से 10-12 वार किए गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पल्लवी ने गुनाह कबूल कर लिया है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस वारदात के दौरान बेटी कृति भी वहीं मौजूद थी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि हत्या के बाद एक अन्य आईपीएस ऑफिसर की पत्नी को मैसेज किया- एक राक्षस को खत्म कर दिया। बाद में पल्लवी ने उन्हें फोन कर बताया कि उसने ओम प्रकाश की हत्या कर दी है।

इसके बाद ऑफिसर ने ही पुलिस को सूचना दी। वहीं कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा, ओम प्रकाश की हत्या कर दी गई है। शुरुआती जानकारी से पता चलता है कि उनकी पत्नी ने अपराध किया है, लेकिन इसकी जांच चल रही है।

### प्रॉपर्टी को लेकर हुआ था विवाद

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ओम प्रकाश और पत्नी पल्लवी के बीच संपत्ति को लेकर विवाद था। ओम प्रकाश ने प्रॉपर्टी किसी रिश्तेदार को ट्रांसफर कर दी थी। इसके चलते दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था, जो बाद में हाथापाई तक आ गई। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि हत्या में उनकी बेटी की कोई भूमिका है या नहीं। बेंगलुरु के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त विकास कुमार ने बताया कि पुलिस को रविवार शाम करीब 4 बजे रिटायर्ड अफसर की मौत की सूचना मिली।

## चाणक्य सेना ने किया ऐलान

# अनुराग का मुंह काला करने पर मिलेगा 1 लाख का इनाम

एजेंसी ▶▶ जयपुर



सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज पर विवादित टिप्पणी को लेकर फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप के खिलाफ समाज में आक्रोश है। चाणक्य सेना ने अनुराग कश्यप के इस बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है। इसके साथ ही उनका मुंह काला करने का ऐलान किया है। चाणक्य सेना ने अनुराग कश्यप का मुंह काला करने वाले व्यक्ति को एक लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। चाणक्य सेना के संरक्षक और सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा, अनुराग कश्यप की टिप्पणी से समाज में जबरदस्त आक्रोश है। उन्होंने बताया कि समाज के विभिन्न संगठनों ने एक सुर में अनुराग कश्यप के बयान पर विरोध दर्ज करवाया है। चाणक्य सेना, सर्व ब्राह्मण महासभा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, विश्व ब्राह्मण परिषद, अखिल भारतीय ब्राह्मण संघ की वर्चुअल बैठक हुई।

## पीडीईयू में सेमीकंडक्टर निर्माण


# एआई प्रशिक्षण देने वाला कौशल विकास केंद्र शुरू

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर



केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने सोमवार को सेमीकंडक्टर निर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा और कृत्रिम मेधा (एआई) जैसे उभरते क्षेत्रों में युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए 'पीडीईयू-एनएसडीसी कौशल विकास के लिए उत्कृष्टता केंद्र' का उद्घाटन किया। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने पंडित दीनदयाल ऊर्जा विश्वविद्यालय (पीडीईयू) के साथ साझेदारी में गांधीनगर में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की है। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि यह पहल भारत के युवाओं को राष्ट्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उन्नत विनिर्माण और उभरती प्रौद्योगिकियों में व्यावहारिक अनुभव और व्यावहारिक कौशल से लैस करने के लिए तैयार की गई है। अपने संबोधन में, कौशल विकास और उद्यमिता राज्यमंत्री चौधरी ने उद्योग और शिक्षा जगत के बीच अधिक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

## टूटे ब्रिज, मलबे का ढेर बयां कर रहा तबाही



**जम्मू।** मलबे में फंसी गाड़ियां, हाईवे ब्लॉक, रास्तों पर पत्थरों का ढेर, कई मकान-दुकान क्षतिग्रस्त, लोग अपना घर छोड़ सुरक्षित स्थानों पर बनाए गए अस्थायी राहत कैंपों में... कुछ ऐसा ही हालात है इस समय जम्मू कश्मीर के रामबन का। यहां तमाम रास्ते बंद है और पुल भी टूट गए है। ऐसे में आवागमन बंद है और रास्तों में पड़े को हटाया जा रहा है। रात दिन टीमें काम कर रहीं है। माना जा रहा है कि करीब 50 घंटे में रास्ते खुल पाएंगे। इस समय जम्मू कश्मीर पुलिस के साथ-साथ सेना और एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम पूरी मुस्तैदी से हालात को पटरी पर लाने की कोशिश में जुटी है।

## महाराष्ट्र में नए सियासी समीकरणों की आहट

# ये क्या हो रहा है? महीनेभर में चार बार मिले शरद और अजित पवार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में एक तरफ चर्चा है कि उद्धव और राज ठाकरे दोनों ही सुलह के मूड में हैं। दोनों चचेरे भाइयों के साथ आने से भाजपा की टेंशन बढ़ सकती है। दूसरी ओर शरद पवार और अजित पवार के बीच मुलाकातें बढ़ने लगी हैं। बीते एक महीने में ही शरद पवार और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बीच तीन मुलाकात हो चुकी हैं और चौथी मुलाकात 21 अप्रैल को पुणे के शुगर कमिश्नरेट में हुई। ऐसे में कयास लगाए जाने लगे हैं कि महाराष्ट्र में



कोई बड़ा राजनीतिक उलटफेर होने वाला है। दोनों की मुलाकात को लेकर शिवसेना में असंतोष भी देखने को मिला है। कुछ शिवसेना नेताओं ने इस पर नाराजगी जाहिर की। वहीं पुणे के सरसन कॉम्प्लेक्स में कृषि में एआई तकनीक के उपयोग विषय पर आयोजित बैठक में दोनों की मुलाकात हुई।

### पिछले महीने भी हुई थी मुलाकात

इससे पहले 22 मार्च को वसंतदादा शुगर इंस्टिट्यूट में दोनों की मुलाकात हुई थी। इसके बाद 10 अप्रैल जय पवार की सगाई में पूरा परिवार इकट्ठा हुआ था। इसके बाद शरद पवार और अजित पवार रयात शिक्षा संस्थान के कार्यक्रम में भी एक साथ मौजूद थे। शरद पवार ने कहा कि ये दौरे सरकारी या संस्थागत कारणों से थे, लेकिन राजनीतिक गलियारों में चर्चा कुछ और चल रही है। अब देखना होगा कि आगे आने वाले चुनावों से पहले क्या होने वाला है।

## लखनऊ हाईकोर्ट बेंच ने केंद्र सरकार से पूछा

# राहुल गांधी भारतीय हैं या नहीं, नागरिकता मामले में केंद्र से 10 दिन में जवाब मांगा

**अगली सुनवाई 5 मई को होगी**

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा- 'राहुल गांधी ब्रिटिश नागरिक हैं या नहीं, इस पर 10 दिन में जवाब दें। भाजपा कार्यकर्ता विग्नेश शिशिर की याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने एक स्टेटस रिपोर्ट पेश की। कोर्ट ने इसे अपर्याप्त माना और सरकार को और स्पष्ट जवाब देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि यह मामला राष्ट्रीय महत्व का है और इसमें देरी स्वीकार्य नहीं होगी।

### ये है नागरिकता का मामला?



1 जुलाई, 2024 को कर्नाटक के वकील और भाजपा नेता एस विग्नेश शिशिर ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने राहुल गांधी के पास ब्रिटिश नागरिकता होने का भी आरोप लगाया था। याचिकाकर्ता ने ब्रिटिश सरकार के 2022 के गोपनीय मेल का हवाला देते हुए यह आरोप लगाया था।

### ओटीटी एडल्ट कंटेंट: मॉनिटरिंग सरकार का काम

ओटीटी पर एडल्ट कॉन्टेंट को रोकने और पॉलिसी बनाने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर टिप्पणी की है। जस्टिस बीआर गवई ने कहा, ये तो पॉलिसी मैटर है, यह देखना सरकार का काम है। कोर्ट इसमें दखल दे, हम कैसे करें? कोर्ट ने कहा, हमारी तो आलोचना हो रही है कि दखल देने के आरोप लग रहे हैं।

### जेईई एडवांस्ड में शामिल होने की मांग वाली याचिका खारिज

सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने 2023 में 12वीं पास करने वाले छात्रों को जेईई एडवांस्ड 2025 में भाग लेने की अनुमति देने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि यह मामला नीतिगत क्षेत्र का है। 2023 में कक्षा 12 की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 18 आईआईटी के अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

### इलाहाबादिया के पासपोर्ट केस में 28 को सुनवाई



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि 'पॉडकास्टर' रणवीर इलाहाबादिया के संबंध में जांच पूरी हो गई है और यूट्यूब कार्यक्रम में अभद्र टिप्पणी के मामले में पासपोर्ट वापस करने के अनुरोध वाली उनकी याचिका पर 28 अप्रैल को सुनवाई की जाएगी। शीर्ष अदालत ने यूट्यूब कार्यक्रम के दौरान टिप्पणियों को लेकर इलाहाबादिया के खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकी के संबंध में 18 फरवरी को उन्हें गिरफ्तारी से राहत प्रदान की थी और उन्हें ठाणे के नोडल साइबर पुलिस थाने के जांच अधिकारी के पास अपना पासपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया था।

जबलपुर
मंगलवार, 22 अप्रैल 2025
- वैशाख मास कृष्ण पक्ष-10
- वर्ष : 19, अंक : 345
- पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 43
न्यून. 22

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## सीधी रहा 44.6 डिग्री के साथ सबसे गर्म



# गर्मी से तपे 23 शहर, लू के असर से रातें भी हुईं गर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर-चंबल के साथ प्रदेश के पूर्वी हिस्से के शहरों में भी गर्मी बढ़ गई है। सोमवार को सीधी में पारा 44.6 डिग्री के पार पहुंच गया, जबकि 23 शहर ऐसे रहे, जहां तापमान 40 डिग्री या इससे अधिक रहा। यहां दिन के साथ रातें भी गर्म हो गई हैं। भोपाल में बादलों की वजह से पारे में कुछ कमी आई है। यहां तापमान 40.1 दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों में आसमान साफ होने का अनुमान जताया है।

- पांच शहरों में चली लू

### पारे में होगी बढ़ोतरी

मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि अगले कुछ दिन तक पारे में बढ़ोतरी का दौर रहेगा। इस दौरान लू का अलर्ट भी जारी किया गया है। जिससे नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, राजगढ़, गुना, अशोक नगर, शिवपुरी, श्योपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और सीधी में लू का अलर्ट है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर संभाग के अन्य जिलों में भी तेज गर्मी रहेगी।

भारत दौरे पर पहुंचे वेंस, एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत

# भारतीय परिधान में दिखे अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के तीनों बच्चे, हर भारतीय को भाया

## उपराष्ट्रपति वेंस की पत्नी उषा भारतीय मूल की

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति जेडी वेंस अपने पहले आधिकारिक भारत दौरे पर सोमवार को पहुंचे। वेंस जब दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरे तो उनका स्वागत केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने किया। इस दौरान वेंस के बच्चों को देखकर हर कोई हैरान रह गया। अमेरिकी होने के बाद भी वेंस के बच्चे भारतीय परिधान में नजर आए। वेंस के दोनों बेटे कुर्ता-पायजामा पहने हुए हैं जबकि बेटी अनारकली स्टाइल के सूट के साथ कढ़ाई वाली जैकेट पहनी हुई थी। विमान से दोनों बेटे वेंस के साथ उतरते हैं जबकि बेटी को उतरने में दिक्कत होती है तो खुद उपराष्ट्रपति उसे गोद में उठाकर नीचे उतारते हैं।



### पीएम मोदी के साथ किया डिनर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से जारी टैरिफ वार के बीच जेडी वेंस का ये दौरा बेहद खास माना जा रहा है। पीएम मोदी और जेडी वेंस की सोमवार शाम को मुलाकात हुई। इस दौरान दोनों के बीच कई मुद्दों पर बातचीत हुई। बातचीत के बाद पीएम मोदी वेंस और उनके परिवार के साथ डिनर भी किया।

### जयपुर व आगरा भी जाएंगे वेंस

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि मंगलवार को वह जयपुर जाएंगे, जहां वह और उनकी पत्नी उषा वेंस यूनेस्को की वैश्विक धरोहर में शामिल आमेर किला समेत कई ऐतिहासिक इमारतों को देखेंगे। 23 अप्रैल की सुबह वेंस परिवार के साथ आगरा में ताजमहल का दीदार करेंगे। उसी शाम वेंस आगरा से वापस जयपुर जाएंगे और अगले दिन 24 अप्रैल की सुबह अमेरिका रवाना होंगे।

### उषा वेंस के गांव में खुशी की लहर

उषा वेंस का पैतृक गांव वडलूरू, जो आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में है, इस दौरे से बहुत उत्साहित है। गांव के लोग उम्मीद कर रहे हैं कि वेंस दंपती यहां भी आएंगे। गांव में गर्व और खुशी का माहौल है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

IPL आज का मुकाबला
लखनऊ दिल्ली
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### खादी कारोबार 1 लाख 70 हजार करोड़ के पार

नई दिल्ली। देश के खादी और ग्रामोद्योग ने वित्तवर्ष 2024-25 में उत्पादन, बिक्री और नये रोजगार सृजन का नया रिकॉर्ड बनाया है। बीते 11 वर्षों में बिक्री में 447 प्रतिशत, उत्पादन में 347 प्रतिशत और रोजगार सृजन में 49.23 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि वित्त वर्ष 2013-14 में खादी और उत्पादन जहां 26109.07 करोड़ रुपए था, वहीं 2024-25 में यह करीब चार गुना बढ़कर 347 प्रतिशत के उछाल के साथ 1 लाख 70 हजार करोड़ रुपए पहुंच गया।



### सोने की कीमत 1 लाख के करीब पहुंची

नई दिल्ली। सोने की कीमत लगातार अपना रिकॉर्ड हाई बना रही है। इसका मुख्य कारण चीन और अमेरिका के बीच चल रही वैश्विक चिताएं बताई गई है। 21 अप्रैल को 24 कैरेट सोने की कीमत 99,800 रुपये प्रति ग्राम पहुंच गई है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है 22 अप्रैल तक 24 कैरेट सोने का दाम 1 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार को 24 कैरेट सोने की कीमत में 1650 रुपए प्रति 10 ग्राम बढ़ा है।



## सिविल सर्विसेस डे: सीएम ने चाणक्य के जरिए समझाई सिविल सर्विसेस की वर्किंग और इंपोर्टेंस

# चाणक्य द्वारा चंद्रगुप्त को 'राजा' बनाना सिविल सर्विसेस का सबसे बड़ा उदाहरण



अधिकारियों को किया मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित

मुख्यमंत्री ने सरदार बल्लभ भाई पटेल का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने क्या-क्या नहीं किया। सिविल सर्वेंट को क्या करना चाहिए, यह उन्होंने बताया था।

- सिविल सर्विसेस को लेकर याद किए सरदार पटेल द्वारा व्यक्त उद्गार
- लोकसेवकों के नवाचारों को संकलित कर बनें सुशासन की योजना



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश में सिविल सर्विसेस का सबसे बड़ा उदारहण 2200 साल पहले मिलता है, जब चाणक्य ने चंत्रगुप्त को ढूंढ कर राजा बनाया था। डॉ. यादव ने कहा कि सिविल सर्विस के लिए एक व्यक्ति ने कितनी मेहनत की। एक राजा बनाने के लिए एक व्यक्ति चंद्रगुप्त को ढूंढा और कहा कि राजा तुम बन जाओ, पर मंत्री मुझे ही बनाओ। डॉ. यादव सोमवार को सिविल सर्विस डे पर प्रशासन अकादमी, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बाद बोल रहे थे।

### अधिकारियों को एक लाख का पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र

डॉ. यादव ने सिविल सर्विस डे पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के चयनित 16 सिविल सेवकों (अधिकारियों) को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने सभी अवार्डियों को उनके द्वारा किए गए नवाचारों के लिए बधाई देकर एक लाख रुपए का नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया। डॉ. यादव ने सुशासन से जुड़े नवाचारों के लिए कार्य करने वाले सभी लोकसेवकों को राष्ट्रीय लोकसेवा दिवस की बधाई दी।

**इन्हें मिला मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा माधव प्रसाद पटेल माध्यमिक शिक्षक, अदिति गर्ग आयुष्मान कार्ड में नवाचार, डॉ. इंदिरा दांगी शिक्षक आष्टा, शारदा डुवडे शिक्षक, आलोक पौराणिक प्राथमिक शिक्षक पथरिया, चंद्रमोहन ठाकुर अधोसंरचना श्रेणी में पुरस्कार, डॉ. यशपाल सिंह प्राचार्य आवासीय विद्यालय, संजय जोशी प्रबंध संचालक विद्युत वितरण कंपनी, अमित तोमर प्रबंध संचालक विद्युत वितरण कंपनी जबलपुर आदि को पुरस्कृत किया।

### ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण देने के खिलाफ याचिकाओं की सुनवाई

**सीएम: 27% ओबीसी आरक्षण के याचिकाकर्ताओं से बात करेंगे**

भोपाल। मध्य प्रदेश में ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण देने के खिलाफ लगाई गई 52 ट्रांसफर पिटीशंस पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सभी ट्रांसफर पिटीशन को स्वीकार करते हुए कहा कि अब आगे इन मामलों को सुना जाएगा। सुनवाई के दौरान मप्र के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कोर्ट से कहा कि ये 50 फीसदी आबादी से जुड़ा मामला है। उन्होंने कोर्ट से इस मामले की जल्द सुनवाई करने की मांग की। वहीं, सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस मामले में याचिकाकर्ताओं को बुलाकर संवाद करेंगे।

### अवॉर्ड के लिए देश से 16 कलेक्टर चुने गए

**710 कलेक्टरों में मप्र की आईएएस नेहा मीना को पीएम ने सौंपा एक्सीलेंस अवॉर्ड**



नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के 55 जिलों में से 12 जिलों की कमान महिला कलेक्टरों के हाथ में है। प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब महिला आईएएस को इतनी अधिक संख्या में कलेक्टरी सौंपी गई है। सोमवार को सिविल सर्विस डे पर झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना को पीएम मोदी के हाथों सम्मान मिला है। मीना ने ऐसा बीड़ा उठाया है कि जिले की तस्वीर बदल गई। इसी के चलते नेहा को आईएएस को दिए जाने वाले सर्वोच्च पुरस्कार पीएम एक्सीलेंस अवॉर्ड से नवाजा गया है।

## अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

# दुबे पर केस कीजिए... हमारी अनुमति लेने की जरूरत नहीं

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की मुश्किलें बढ़ीं

कोर्ट ने कहा-अटॉर्नी जनरल से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं



दुबे ने सीजेआई पर की थी विवादित टिप्पणी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट और सीजेआई के खिलाफ टिप्पणी करने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की मांग की गई है।

**सुप्रीम कोर्ट को कमजोर करने की कोशिश: कांग्रेस:** कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि इलेक्टोरल बॉन्ड जैसे कई मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सरकार ने जो किया है वह असंवैधानिक है।

## अमेरिका में राहुल गांधी ने मतदान प्रक्रिया पर खड़े किए सवाल

आरोप-चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया, महाराष्ट्र चुनाव के आंकड़ों पर जताया संदेह



# शाम साढ़े 5 के बाद दो घंटे में 65 लाख लोगों ने कैसे डाल दिए वोट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनावी प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने अमेरिका की धरती से कहा कि यह बिल्कुल स्पष्ट है कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है और सिस्टम में कुछ गड़बड़ है। ब्राउन यूनिवर्सिटी में संबोधन के दौरान राहुल ने कहा कि मैंने यह कई बार कहा है।महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में वयस्कों की संख्या से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। चुनाव आयोग ने हमें शाम 5:30 बजे तक के मतदान के आंकड़े दिए और शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे के बीच 65 लाख मतदाताओं ने मतदान कर दिया। ऐसा होना शारीरिक रूप से असंभव है। एक मतदाता को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं और अगर आप गणित लगाएं तो इसका मतलब है कि सुबह 2 बजे तक मतदाताओं की लाइनें लगी रहीं।

### राहुल के बयान पर मचा घमासान



**भाजपा ने खोला मोर्चा कहा-देश को बदनाम करने की पुरानी आदत**

*नई दिल्ली। विदेशी मंचों पर भारत के लोकतंत्र और संस्थाओं पर सवाल उठाना कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भाजपा हमलावर हो गई। भाजपा ने इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि राहुल गांधी का यह पुराना शौक है कि वो विदेश जाकर भारत की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल और उनकी मां सोनिया गांधी, जो खुद 50-50 हजार की जमानत पर हैं, देश को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।*

## रायसेन में बड़ा हादसा

### गहरी खाई में गिर गई जीप, 6 लोगों की मौत

रायसेन। सोमवार सुबह लगभग साढ़े छह बजे नेशनल हाइवे 45 पर ग्राम बम्हौरी के पास एक टेम्पो ट्रेक्स जीप अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराई और 10 फीट गरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में दो साल बच्ची सहित छह लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हुए हैं। घायलों में दूल्हा दुल्हन भी शामिल हैं। घटना का कारण जीप के चालक को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है।



- पटना से इंदौर लौट रही थी बारात

## शादी के नाम पर युवक से धोखा

### सगाई किसी से और फेरे शादीशुदा से कराए

सारंगपुर। राजगढ़ में एक युवक के साथ शादी के नाम पर धोखा हो गया। सात फेरे लेने के अगले दिन उसने दुल्हन का घूंघट उठाया तो पता कि ये लड़की वो नहीं है, जिसे दिखाकर उसकी सगाई और फिर शादी तय की गई थी। दूल्हा पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने जांच की तो पता चला कि लड़की पहले से ही शादीशुदा है। इस शादी का सौदा 11 लाख रुपए में तय हुआ था। इसमें से 5.75 लाख रुपए लड़की के पिता को दिए गए।



- राधा की जगह निकली सलोनी 5 गिरफ्तार

## घर में अचानक धमाका

### 4 बच्चे झुलसे, डायनामाइट से विस्फोट की आशंका

बैतूल। बैतूल बाजार थाना क्षेत्र के मिलानपुर गांव में सोमवार दोपहर एक घर में अचानक विस्फोट हो गया। इसमें चार बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। उनके हाथ-पैर में गहरे घाव हो गए। परिजनों ने कहा कि बच्चे खराब बैटरी लेकर आए थे। खेलने के दौरान ये हादसा हो गया। वहीं डॉक्टर डायनामाइट ने विस्फोट की आशंका जताई है। घायलों में तीन परिवारों के चार बच्चे शामिल हैं।



- विस्फोट की बारीकी से जांच कर रही पुलिस

## नेशनल हेराल्ड मामले में सैलजा बोलीं

### पैसा ही नहीं है तो लॉन्ड्रिंग कहां से हुई

भोपाल। पूर्व केंद्रीय मंत्री और लोकसभा सांसद कुमारी शैलजा ने नेशनल हेराल्ड मामले को देश के सामने मौजूद ज्वलंत मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने और गुमराह करने के लिए भाजपा की साजिश करार दिया। उन्होंने इसे सरासर राजनीतिक प्रतिशोध बताया। सोमवार को पीसीसी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ ईडी द्वारा दायर आरोपपत्र कुछ और नहीं, बल्कि एक गैर-मौजूद मामले के जरिए जनता का ध्यान बेरोजगारी, गिरती जीडीपी और जनता को बरगलाने के लिए गढ़ा गया एक झूठ है।



- सरकार ने ईडी को चुनाव विभाग बनाया

## बाल तस्करी मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को दिया सख्त अल्टीमेटम

बाल तस्करी गिरोह समाज के लिए बहुत बड़ा खतरा

# चार हफ्ते का समय देता हूं कहीं से भी बच्चों को ढूंढो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली के द्वारका इलाके में नवजात शिशुओं की तस्करी के मामले में सख्त रुख अपनाया। अदालत ने कहा कि राजधानी में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। साथ ही कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को गिरोह की सरगना पूजा और तीन लापता बच्चों को ढूंढने के लिए हर जरूरी कदम उठाने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की पीठ ने मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी से सीधे बातचीत की। अदालत ने कहा कि आपको किसी भी कीमत पर इन बच्चों को ढूंढना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने बढ़ते मामले को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि कुछ मामलों में माता-पिता खुद अपने बच्चों को बेच रहे हैं, जो बेहद दुखद है।

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से यह भी कहा कि तस्करी के शिकार बच्चों को शिक्षा के अधिकार के तहत स्कूलों में दाखिला दिलाया जाए और उन्हें लगातार मदद मिलती रहे। अब इस मामले की अगली सुनवाई चार हफ्ते बाद होगी, जिसमें पुलिस को अपनी कार्रवाई की जानकारी देनी होगी।

- ऐसे बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिलाया जाए



## ईस्टर के अवसर पर लंबे समय के बाद वे लोगों के सामने आए थे

वह रोमन कैथोलिक चर्च के पहले लैटिन अमेरिकी थे

# 88 साल के पोप फ्रांसिस का निधन, डबल निमोनिया से जूझ रहे थे, 14 दिन का 'शोक'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पोप फ्रांसिस नहीं रहे। सोमवार 21 अप्रैल, 2025 को 88 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। उन्होंने वेटिकन के कासा सांता मार्टा स्थित अपने निवास पर सुबह 7.30 बजे (स्थानीय समयानुसार) अंतिम सांस ली।

वह रोमन कैथोलिक चर्च के पहले लैटिन अमेरिकी थे। उनके दोनों फेफड़ों में न्यूमोनिया था। वह लंबे समय तक अस्पताल में थे। बीते दिन ईस्टर के अवसर पर लंबे समय के बाद वे लोगों के सामने आए थे।

**14** *दिन बाद कार्डिनल मसीह के नए विकर का चुनाव करने के लिए सम्मेलन होगा*

पोप फ्रांसिस के 2025 के बाद भारत दौरे पर आने की संभावना थी



पीएम मोदी ने पोप फ्रांसिस को दी श्रद्धांजलि

### करुणा-विनम्रता के प्रतीक के रूप में याद किया जाएगा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि पोप फ्रांसिस के निधन से बहुत दुख हुआ। दुख की इस घड़ी में वैश्विक कैथोलिक समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। पोप फ्रांसिस को हमेशा दुनिया भर के लाखों लोगों द्वारा करुणा, विनम्रता और आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में याद किया जाएगा।



### ये था आखिरी संदेश... डर के आगे न झुकें

मैं हमारी दुनिया में राजनीतिक जिम्मेदारी के पदों पर बैठे सभी लोगों से अपील करता हूं कि वे डर के आगे न झुकें। डर दूसरों से अलगाव की ओर ले जाता है। सभी जरूरतमंदों की मदद करने, भूख से लड़ने और विकास को बढ़ावा देने वाली पहलों को प्रोत्साहित करने के लिए उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करें। मानवता का सिद्धांत हमारे दैनिक कार्यों की पहचान बनने से कभी न चूके।

# सहेली

विशेष : पृथ्वी दिवस



आज धरती का अस्तित्व खतरे में है। प्रदूषित पर्यावरण और ग्लोबल वार्मिंग हमारी धरती के सामने बहुत बड़े संकट बनकर खड़े हैं। इस समस्या को वही गहराई से समझ सकता है, जो संवेदनशील है। ऐसी संवेदनशीलता महिलाओं में ही दिखती है। धरती हरी-भरी रहे, संरक्षित रहे, इसके लिए महिलाएं निरंतर एक प्रतिबद्धता के साथ काम भी कर रही हैं। दुनिया भर के पर्यावरणविद भी इस बात को स्वीकारते हैं कि हमारे पर्यावरण को सरकारें नहीं, महिलाएं ही बचा सकती हैं। पृथ्वी के संरक्षण में महिलाओं की भागीदारी पर एक जरूरी विमर्श।

## महिलाओं के ही हाथ सुरक्षित है धरती

आवरण कथा

संध्या सिंह

पृथ्वी केवल एक ग्रह ही नहीं है, हम पृथ्वी को धरती मां भी कहते हैं। ठीक उसी तरह जैसे स्त्री केवल एक इंसान भर नहीं है, वह मां भी है। धरती और स्त्री दोनों में बहुत-सी समानताएं हैं, दोनों ही जीवन देती हैं, दोनों ही जीवन को पालती हैं, वह भी बिना किसी स्वार्थ के उसे सहेजती भी हैं। इसलिए जब हम पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल) मनाते हैं, तो दिलो-दिमाग में यह आना स्वाभाविक है कि धरती को बचाने की सबसे मजबूत आशा महिलाओं से ही की जाती है। विशेषकर उन महिलाओं की ओर हमें देखना होगा, जो मिट्टी से जुड़ी हैं, जंगल को जानती-समझती हैं, जल संरक्षण करती हैं, जिनके कंधों पर सदियों से कृषि का भार रहा है। ये सब महिलाएं हैं, जिन्हें चाहे कोई कहे या न कहे, ये पर्यावरण की स्वतः रक्षक हैं। इसलिए दुनिया को धरती बचाने की मुहिम में महिलाओं को कारगर भूमिका में लाना चाहिए, तभी धरती के बचने की उम्मीद की जा सकती है।

**पृथ्वी-स्त्री दोनों हैं जन्मदायिनी शक्तियां:** प्रकृति को भी भारतीय परंपरा में धरित्री, वसुधा और भूमाता कहा जाता है, क्योंकि स्त्री की तरह पृथ्वी या धरती भी जननी है। दोनों ही जीवन की संरचना और निरंतरता का आधार हैं। दोनों ही सृजन करती हैं,



एक धरती को हरा-भरा करती है, दूसरी कोख को। दोनों का मूल स्वभाव सहनशीलता और पुनर्निर्माण है, क्योंकि दोनों में संवेदना है। यह अकारण नहीं है कि गांव की लाखों महिलाएं, जो रोज जंगल से लकड़ियां बीन कर लाती हैं, कुएं-पोखरों से पानी भरती हैं, वे कुदरत से बिना कुछ चाहे खुशी-खुशी स्वयंसेवकों की तरह रक्षा करती हैं। ये महिलाएं ही हैं, जो समय-समय पर जंगलों की रक्षा के लिए सैनिकों की तरह आगे बढ़कर आई हैं। महिलाएं ही हैं, जो खेतों में जैविक खाद डालती हैं, पेड़ों को कटने से बचाती हैं, क्योंकि उन्हें पता है पेड़ नहीं होंगे तो बारिश नहीं होगी। पूरी दुनिया में अब तक जितने भी जंगल बचाने के लिए आंदोलन हुए हैं, हमेशा इन आंदोलनों में महिलाओं ने न सिर्फ बढ़-चढ़ कर हिस्सेदारी की है बल्कि पहली कतार में वही रही हैं।



**क्या कहते हैं शोध:** संयुक्त राष्ट्र संघ की शोध रिपोर्ट बताती है कि जिन देशों में पर्यावरणीय नीतियों में महिलाओं की भागीदारी होती है, वहां वनों की कटाई, जल प्रदूषण और जैव विविधता पर सकारात्मक असर देखने को मिलता है। इसलिए संयुक्त राष्ट्र दुनिया की सभी सरकारों से कहता है कि वो महिलाओं को स्वच्छ ऊर्जा तकनीक, वनीकरण और स्थाई खेती से जोड़ें। क्योंकि महिलाएं जलवायु परिवर्तन की लड़ाई में निर्णायक रूप से भूमिका निभाती हैं। दरअसल, जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तो वे न सिर्फ आर्थिक रूप से बल्कि शैक्षिक रूप से भी निर्णय लेने की क्षमता रखती हैं। देखा गया है कि महिलाएं हमेशा पर्यावरण के प्रति अनुकूल भाव रखती हैं, वे हमेशा हरित विकल्पों को तरजीह देती हैं। ये महिलाएं ही हैं, जो दुनिया में 90 फीसदी जल संग्रह करती हैं। ये महिलाएं ही हैं, जो जैविक बागवानी का बोझ अपने कंधों पर उठाए हुए हैं। स्थानीय स्तर पर शुद्ध बीजों की सुरक्षा महिलाओं की बदौलत ही हो पा रही है।

**धरती और स्त्री दोनों शोषित:** शायद इसलिए भी धरती के बोझ का दुख महिलाएं ज्यादा संवेदनशीलता से समझती हैं, क्योंकि धरती की तरह ही वे भी शोषित हैं। महिलाओं को समाज में अकसर निचले स्तर के कामों तक सीमित रखा जाता है। शिक्षा से वंचित और निर्णय लेने के मामले में उन्हें बाहर रखा जाता है, इसलिए दुनिया में कई तरह की अव्यवस्थाएं हैं, कई तरह की आक्रामकताएं हैं, क्योंकि नीतिगत निर्णय के मामले में महिलाओं को पुरुषों ने जान-बूझकर पीछे रखा है। वक्त आ गया है कि अब इस अन्याय को सुधारा जाए और धरती और स्त्री दोनों को ही सम्मान मिले, दोनों को ही अपनी-अपनी संवेदनशीलता के लिए आवाज मिले, क्योंकि धरती का दुख महिलाएं ही बेहतर जानती हैं। इसलिए महिलाओं के हाथ में ही धरती की सुरक्षा का भार सौंपना अक्लमंदी है।

**धरती का अंधाधुंध दोहन नहीं करतीं महिलाएं:** महिलाओं के हाथों में धरती को इसलिए सुरक्षित माना गया है, क्योंकि वो अंधाधुंध दोहन के दर्शन को नहीं मानतीं, वे मिलकर जीने के सिद्धांत की समर्थक होती हैं। महिलाएं कभी भी पर्यावरण को उस तरह हृदयहीनता से नुकसान नहीं पहुंचातीं, जैसे आमतौर पर धरती को पुरुष नुकसान पहुंचाते हैं। महिलाएं शांति पसंद होती हैं, वे पर्यावरण के साथ बेरहमी से पेश नहीं आतीं, इसलिए वक्त आ गया है कि धरती के सामने जो सवालिया निशान लगा है, उस निशान को हटाने के लिए यह भूमिका महिलाओं की दी जानी चाहिए। a

### पर्यावरण संरक्षक

**महिलाएं जन्मजात** पर्यावरण संरक्षक होती हैं। ये महिलाएं ही हैं, जो भारत के गांवों में जलस्रोतों की देखभाल करती हैं, पूरे देश में जैविक खाद तैयार करती हैं, बीजों को सहेजती हैं। जंगल, चारागाह, तालाब ऐसी विरासतें हैं, जिनकी देख-रेख आज भी महिलाओं के कंधों पर ही टिकी है, क्योंकि इनके प्रति उनका बेहद संवेदनशील रवैया है। ये महिलाओं का स्वभाव ही है, जो उन्हें पर्यावरणीय फैसलों का स्वाभाविक अगुवा बना देता है। यह सिर्फ अपने देश तक ही सीमित नहीं है, संयुक्त राष्ट्र संघ भी इस बात की तस्दीक करता है कि धरती के प्रति सबसे ज्यादा संवेदनशीलता अगर कोई रखता है तो वे महिलाएं हैं। साल 1973 में जब भारत में चिपको आंदोलन हुआ था तो ये महिलाएं ही थीं, जो पेड़ों से चिपक जाती थीं। लकड़हारों से कहती थीं, 'अगर पेड़ काटना है, तो पहले हमें काटो।' महिलाओं ने पेड़ों के लिए खुद को दांव पर इसलिए लगाया, क्योंकि वे जानती हैं कि पेड़ नहीं होंगे तो हवा जहरीली हो जाएगी। शायद इसीलिए दुनियाभर के पर्यावरणविद कहते हैं, 'दुनिया के पर्यावरण को सरकारें नहीं बचा सकती, उन्हें सिर्फ महिलाएं ही बचा सकती हैं।'



विशेषः विश्व पुस्तक दिवस, 23 अप्रैल

## किताबें सिखाती हैं जीना



इस नए दौर में अधिकांश लोग हाथों में मोबाइल लिए सोशल मीडिया की दुनिया में खोए रहते हैं। किताबें पढ़ने की हमारी आदत खत्म होती जा रही है, जबकि किताबें हमारी सबसे भरोसेमंद दोस्त होती हैं, जीने की सही राह दिखाती हैं, जो जिंदगी की खुशहाली के लिए जरूरी है।

सलाह

सरस्वती रमेश

भावना बहुत अच्छी जॉब में थी, लेकिन एक एक्सीडेंट के चलते उसे अपना बायां पैर खोना पड़ा, जॉब छोड़नी पड़ गई। चलने से मजबूर भावना घर के एक कमरे में सिमट कर रह गई। पति ऑफिस चले जाते, बच्चे स्कूल। घर में बस वह अकेली बचती। उसे टीस होती कि अपने खोए पैर के कारण अब वह जीवन में कुछ नहीं कर पाएगी। धीरे-धीरे वह बहुत परेशान रहने लगी, चिड़चिड़ी हो गई। अपनी स्थिति के बारे में लगातार सोचने से वह मानसिक रूप से बीमार रहने लगी। उसका किसी काम में मन नहीं लगता था। तभी एक दिन भावना की सहेली ने उसे एक किताब गिफ्ट की। यह किसी दिव्यांग महिला की ऑटोबायोग्राफी थी कि उसने कैसे अपना जीवन संवारा और आत्मनिर्भर बनी। किताब को पढ़ते ही भावना के भीतर नई आशाएं जागीं। फिर क्या था, भावना ने किताबों से दोस्ती कर ली। हर हफ्ते एक नई किताब पढ़ती। इन्हें पढ़ने से उसे नई दृष्टि मिली। वह अपने आपको ऊर्जावान महसूस करती। साल भर बाद उसने महसूस किया कि किताबें पढ़-पढ़ कर वह इतना कुछ जान-समझ चुकी है कि उसे अपनी विकलांगता से कोई शिकायत नहीं रही। उसने अपनी लाइफ नए सिरे से प्लान की, भविष्य की सुनहरी राह बनाई। अब वह आत्मनिर्भर है, दूसरों के लिए एक मिसाल है।



**हर किसी को पढ़नी चाहिए किताब:** किताबें हम सबकी सच्ची दोस्त होती हैं। क्योंकि किताबें हमारा अकेलापन छांटती हैं, जीने का सलीका सिखाती हैं। जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता दिखाती हैं। मुश्किलों से उबरने की तरकीब भी बताती हैं। हमारा आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। किताबें पढ़कर हम हर तरह का ज्ञान अर्जित करते हैं, बौद्धिक रूप से समृद्ध होते हैं। किताबें महिलाओं के सशक्तीकरण की राह बनाती हैं।

**पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती:** कुछ लोगों को यह कहते हुए सुना जाता है कि अब हमारी पढ़ने की उम्र नहीं रही। बुढ़ापे में पढ़कर क्या होगा? ऐसे लोगों को केरल की भागीरथी अम्मा से सबक लेना चाहिए, जो अब इस दुनिया में नहीं रहीं। उनको किताबें पढ़ने का जुनून था, इसलिए उन्होंने 105 साल की उम्र में चौथी क्लास की परीक्षा दी और पास हुईं। किताबें पढ़ने की अपनी इच्छा उन्होंने पूरी की। इसी तरह महाराष्ट्र के बारामती की रहने वालीं बेबी गुरव को परिवार की आर्थिक स्थिति के कारण बचपन में ही अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ी थी। सालों बाद जब उनका बेटा दसवीं में पहुंचा तो बेबी ने भी बेटे के साथ ही दसवीं की परीक्षाएं दीं और और पास भी हुईं। अब वह जमकर अपनी मनपसंद किताबें पढ़ती हैं, ज्ञान बढ़ाती हैं। ये कहानियां हमें बताती हैं कि पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती। उसके लिए सिर्फ हमें किताबों से प्रेम करना आना चाहिए।

**तन्हाई की सबसे भरोसेमंद साथी:** माता-पिता की जिंदगी में एक ऐसा समय आता है, जब उनके बच्चे पढ़ने या जॉब करने के लिए घर से दूर चले जाते हैं। शादी के बाद अपनी दुनिया में व्यस्त हो जाते हैं। ऐसे में अकेले रह रहे माता-पिता के लिए किताबें अच्छी दोस्त साबित होती हैं। मन को शांत, एकाग्र और स्वस्थ रखने में किताबें इनकी मदद करती हैं।

**उम्र बढ़ाती हैं किताबें:** किताबें हमारे दिमाग को स्वस्थ और संतुलित रखने में मददगार होती हैं। शोध बताते हैं, नियमित रूप से किताबें पढ़ने से ब्लड प्रेशर सही रहता है। चूंकि किताबें हमारा मनोरंजन करती हैं, इसलिए इनसे तनाव कम होता है। शोध तो यहां तक कहते हैं कि किताबें पढ़ने से उम्र लंबी होती है।

**बदलती है समाज की सोच:** किताबें पढ़कर हम उन्नत विचारों को ग्रहण करते हैं, रूढ़िगत परंपराओं से बाहर आते हैं। किताबें परिवार-समाज को विचारों से प्रगतिशील बनाती हैं। इस तरह किताबें समाज में एक अच्छा बदलाव लाती हैं। इसलिए अपना और दूसरों का भी जीवन बदलने के लिए अधिक से अधिक किताबें पढ़ें। a

केयर

सरिता गुप्ता

## इस मौसम में ऐसे करें स्किन केयर

गर्मी के मौसम में स्किन का बहुत ध्यान रखना पड़ता है, नहीं तो तेज धूप की वजह से स्किन पर रैशेज, टैन, सनबर्न और एक्ने जैसी बहुत-सी प्रॉब्लम हो सकती हैं। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए हम आपको ऐसे स्टेप्स बता रहे हैं, जिन्हें आजमाकर आप अपनी स्किन को ग्लोइंग बनाए रख सकती हैं।

**फेस वॉश करें:** आप जब भी बाहर से घर लौटकर आएं तो सबसे पहले फेस वॉश जरूर करें। इससे आपके चेहरे पर जमा पसीना, धूल, प्रदूषण आदि सब साफ हो जाएगा। ऐसा करने से आप फ्रेश भी फील करेंगी। इसके साथ ही हफ्ते में एक बार स्क्रब भी कर सकती हैं।

**सनस्क्रीन:** वैसे तो सनस्क्रीन का यूज हर मौसम में करना चाहिए, लेकिन गर्मियों में तो घर से बाहर जाते समय एसपीएफ 30 वाली सनस्क्रीन का यूज जरूर करना चाहिए। यदि ज्यादा देर तक धूप में रहना हो, तो एसपीएफ 50 का यूज करें क्योंकि सूरज से निकलने वाली बहुत खतरनाक अल्ट्रावायलेट किरणें, हमारी त्वचा को काफी नुकसान पहुंचाती हैं। सनस्क्रीन हमारी त्वचा को धूप के सीधे संपर्क में आने से भी बचाती है।



**एक्सफोलिएट:** स्किन को हफ्ते में एक बार एक्सफोलिएट जरूर करना चाहिए। इससे फेस बिल्कुल साफ नजर आता है। इसके लिए ऐसे स्क्रब का चयन करें, जो फेस की सूजन को कम करें और डीप क्लीन करे। यह स्किन के टेक्सचर को सुधारने के साथ-साथ झुर्रियों को भी दूर रखता है।

**नाइट केयर:** रात को सोते समय हमारी स्किन रिपेयरिंग का काम करती है। इसलिए रात को जब नाइट क्रीम का यूज करते हैं तो इससे स्किन रिंकल फ्री और ग्लो करने लगती है। इसके लिए आप ऐलोवेरा जैल का भी यूज कर सकती हैं। इसमें एंटी ऑक्सीडेंट, एंटी-बैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं।

**केमिकल प्रोडक्ट्स:** जहां तक संभव हो स्किन केयर के लिए हमेशा बिना केमिकल वाले प्रोडक्ट्स का यूज करना चाहिए। केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से स्किन पर एक्ने और रिंकल जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इनकी जगह नेचुरल प्रोडक्ट्स यूज करें।

**होम रेमेडीज:** स्किन को हाइड्रेट करने और फ्रेशनेस बनाए रखने के लिए आप होममेड फेसपैक जैसे मुल्तानी मिट्टी, चंदन पावडर और गुलाब जल से बने फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं। इनसे स्किन को कूलिंग इफेक्ट और फ्रेशनेस बनाए रखने में मदद मिलती है।

**मॉयश्चराइजर:** गर्मियों में अकसर लोग स्किन को मॉयश्चराइज करना अवॉयड करते हैं, जबकि यह स्किन केयर का जरूरी स्टेप होता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार गर्मी में लाइट या वॉटर बेस्ड मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए, जिससे स्किन ऑयली और डल न लगे। a

**(ब्यूटी एक्सपर्ट सीमा शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

डाइट सजेशन

मुक्ता भावसार

गर्मी के मौसम में खुद को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी होता है। इससे आप एनर्जेटिक फील करेंगी। हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसी डाइट के बारे में, जो आपको रखेंगे हाइड्रेटेड।

## गर्मी के मौसम में ऐसे रखें खुद को एनर्जेटिक-हाइड्रेटेड

गर्मी का मौसम अपने साथ लू, थकान और शरीर में पानी की कमी जैसी कई समस्याएं लेकर आता है। जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, वैसे-वैसे शरीर से पसीने के रूप में पानी और जरूरी मिनरल्स बाहर निकल जाते हैं। ऐसे में अगर शरीर को समय-समय पर हाइड्रेट न किया जाए, तो चक्कर आना, थकावट और डिहाइड्रेशन जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। गर्मियों में सही खान-पान और पर्याप्त पानी पीना न सिर्फ शरीर को ठंडक देता है, बल्कि ऊर्जावान भी बनाए रखता है। गर्मियों में थोड़ी-सी सावधानी और कुछ घरेलू उपाय अपनाकर आप न सिर्फ खुद को हाइड्रेटेड रख सकती हैं, बल्कि लू और थकान जैसी समस्याओं से भी बच सकती हैं।

**पर्याप्त पानी पिएं:** गर्मी में रोजाना कम से कम 8-10 गिलास पानी पीना जरूरी है। अगर पसीना ज्यादा आता है, तो मात्रा और बढ़ा दें। ठंडा पानी नहीं, बल्कि सामान्य तापमान या हल्का ठंडा पानी पीना ज्यादा फायदेमंद होता है। अगर सादा पानी पीने का मन न हो, तो उसमें नीबू, पुदीना, खीरा या तुलसी डालकर फ्लेवर्ड वाटर बनाएं। घर से निकलते समय एक गिलास पानी जरूर पीएं और पानी की बोतल साथ रखें।





**हाइड्रेटिंग फ्रूट्स:** तरबूज, खीरा, संतरा, अंगूर जैसे फलों में पानी भरपूर होता है। लौकी, तोरई जैसी सब्जियां और नारियल पानी शरीर को ठंडक और इलेक्ट्रोलाइट्स प्रदान करते हैं। गर्मी के मौसम में इनका भरपूर सेवन करें। इसके साथ ही, नीबू पानी, लस्सी, बेल शरबत, आम का पना, जलजीरा और सौंफ-गुलकंद का पानी शरीर को ठंडा और पाचन को दुरुस्त रखते हैं। लस्सी, छाछ, पुदीना-तुलसी ड्रिंक, सत्तू का शरबत, पान-गुलाब शरबत जैसे पेय शरीर को ठंडा रखने के साथ-साथ एनर्जी भी देते हैं। गर्मी के मौसम में कोल्ड ड्रिंक्स और कैफीन का सेवन करने से बचें।



**मसालेदार खाने से करें परहेज:** अपने भोजन में सलाद, दही, ताजे फल, दालें और हरी सब्जियां जरूर शामिल करें। तले-भुने और मसालेदार खाने से परहेज करें। जंक और स्ट्रीट फूड का सेवन ना करें, क्योंकि यह पेट में गर्मी और एसिडिटी बढ़ा सकता है। बेहतर पाचन और शरीर में पानी की संतुलित मात्रा बनाए रखने के लिए हल्का, सुपाच्य और पौष्टिक भोजन ही लें। a

**(आहार विशेषज्ञ पूनम विशाल ज्वेल से बातचीत पर आधारित)**



## ग्लोबल डिफेंस सप्लाई चेन को मजबूत कर रहा भारत

# रक्षा उपकरण निर्यात को बढ़ावा, समझौते के तहत ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम की दूसरी खेप भेजी गई फिलीपींस, 290 किमी की है रेंज

*ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की सप्लाई के लिए फिलीपींस के साथ सौदे की घोषणा जनवरी 2022 में की गई थी। फिलीपींस को मिसाइल सिस्टम के लिए तीन बैटरियां मिलेंगी, जिसकी रेंज 290 किलोमीटर है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


भारत के रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल सिस्टम की बैटरियों का दूसरा बैच फिलीपींस भेजा गया है। पहली बैटरी अप्रैल 2024 में भारतीय वायुसेना के विमान में भेजी गई थी, जिसमें सिविल एयरक्राफ्ट एजेंसियों से सहायता मिली थी। ये खेप दोनों देशों के बीच हुए रक्षा समझौते के तहत भेजी गई है। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की सप्लाई के लिए फिलीपींस के साथ सौदे की घोषणा जनवरी 2022 में की गई थी।

मिसाइल की सप्लाई के लिए सौदा जनवरी 2022 में किया

मिसाइल सिस्टम की बैटरियों का पहला बैच अप्रैल 2024 में भेजा

### बिना रुके 6 घंटे में पहुंचाए हेवी लोड मिसाइल उपकरण





रिपोर्ट्स के अनुसार, उपकरणों के फिलीपींस के पश्चिमी हिस्से में पहुंचने तक हेवी लोड के साथ लंबी दूरी की यह उड़ान, बिना रुके करीब 6 घंटे की थी। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की सप्लाई के लिए फिलीपींस के साथ सौदे की घोषणा जनवरी 2022 में की गई थी। फिलीपींस को मिसाइल सिस्टम के लिए तीन बैटरियां मिलेंगी, जिसकी रेंज 290 किलोमीटर है और इसकी गति 2.8 मैक (लगभग 3,400 किलोमीटर, ध्वनि की गति से तीन गुना) है। ब्रह्मोस मिसाइल को सबमरीन, जहाज, विमान या जमीन से लॉन्च किया जा सकता है।

### रक्षा उत्पादन 1.27 लाख करोड़ से अधिक

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अनुसार भारत में रक्षा उत्पादन वर्ष 2014 में 40,000 करोड़ रुपए से बढ़कर वर्तमान में 1.27 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। इस वर्ष रक्षा उत्पादन के 1.60 लाख करोड़ रुपए को पार करने की उम्मीद है। भारत का लक्ष्य वर्ष 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपए के रक्षा उपकरण बनाना है।

### मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत हो रहा उत्पादन


रक्षा मंत्री ने कहा है कि देश आयात पर अपनी निर्भरता कम करेगा और एक डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स बनाएगा जो न केवल भारत की जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि रक्षा निर्यात की क्षमता को भी मजबूत करेगा। 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम न केवल देश के रक्षा उत्पादन को मजबूत कर रहा है बल्कि ग्लोबल डिफेंस सप्लाई चेन को मजबूत और लचीला बनाने में भी मदद कर रहा है।

### भारत विकसित देशों में शामिल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अनुसार भारत की रक्षा विनिर्माण क्षमताएं राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक स्वायत्तता के उद्देश्य से जुड़ी हैं, साथ ही यह क्षमताएं 'विनिर्माण' को ग्लोबल सप्लाई शॉक से भी बचा रही हैं। भारत आज मिसाइल टेक्नोलॉजी (अग्नि, ब्रह्मोस), सबमरीन (आईएनएस अरिहंत) और विमान वाहक जहाज (आईएनएस विक्रांत) जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विकसित देशों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

## खबर संक्षेप

### वायुसेना अधिकारी पर हमला, आरोपी गिरफ्तार



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में सोमवार सुबह वायुसेना के अधिकारी और उनकी पत्नी पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। उनके साथ मारपीट के अलावा गाली-गलौज भी की गई। ऑफिसर ने वीडियो जारी कर घटना की जानकारी दी है। पुलिस के मुताबिक विंग कमांडर शिलादित्य बोस पत्नी स्क्वाड्रन लीडर मधुमिता दत्ता के साथ कोलकाता की फ्लाइट पकड़ने एयरपोर्ट जा रहे थे। वायुसेना अधिकारी की कार में लगे डैशकैम रिकॉर्ड के आधार पर आरोपी की पहचान स्विगी के डिलीवरी ब्वॉय के तौर पर की गई है। पुलिस ने उसे अरेस्ट कर लिया।

### एवरेस्ट पर 31वीं बार चढ़ खुद का रिकॉर्ड तोड़ेंगे



**काठमांडू।** दुनिया के सबसे चर्चित पर्वतारोहण गाइड कामी रीता अब 31वीं बार विश्व की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़कर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ने जा रहे हैं। कामी रीता ने पहली बार 1994 में एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी और तब से वह लगभग हर साल ऐसा करते आ रहे हैं। शेरपा कामी रीता (55) रविवार को काठमांडू से माउंट एवरेस्ट के लिए रवाना हुए जहां वह पर्वतारोहियों के एक समूह का नेतृत्व करेंगे। यह समूह पर्वतारोहण के मौसम में 8,849 मीटर (29,032 फुट) ऊंचे शिखर पर पहुंचने का प्रयास करेगा।

## 13 साल बाद भारत दौरे पर आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति

# वेंस ने परिवार संग दिल्ली का अक्षरधाम मंदिर देखा, विश्व शांति व एकता के संदेश को सराहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सोमवार को पत्नी उषा, अपने तीन बच्चों इवान, विवेक और मीराबेल के साथ सोमवार को भारत पहुंचे। उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह जेडी वेंस का पहला आधिकारिक भारत दौरा है। वे 4 दिन भारत में रहेंगे। 13 साल में यह किसी अमेरिकी उपराष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा होगी। इससे पहले पिछली बार जो बाइडेन उपराष्ट्रपति के रूप में साल 2013 में भारत आए थे। वेंस का प्लेन सुबह 9:45 बजे दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरा। यहां केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें रिसीव किया। एयरपोर्ट पर ही उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वेंस, उनकी पत्नी और बच्चों के सामने कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य पेश किया।

*वेंस का केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वागत किया*

*एयरपोर्ट पर ही उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' भी दिया*

### मंदिर की कलात्मक रचना से हुए प्रभावित



स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर प्रबंधन ने सभी को मालाएं पहनाईं। मंदिर भ्रमण के दौरान वेंस ने भारतीय कला, पारंपरिक हिंदू वास्तुकला और सांस्कृतिक विरासत को करीब से देखा। मंदिर के जटिल नक्काशीदार स्तंभों, भव्य गुंबदों और कलात्मक छतों ने उन्हें गहरे प्रभावित किया। उन्होंने मंदिर में समाहित विश्व शांति और एकता के संदेश को भी सराहा। अतिथि पुस्तिका में वेंस ने लिखा कि इस खूबसूरत जगह पर मेरे परिवार का स्वागत करने के लिए आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। भारत के लिए यह गर्व की बात है कि आपने इतनी सटीकता और देखभाल के साथ यह सुंदर मंदिर बनाया। हमारे बच्चों को यह विशेष रूप से बहुत पसंद आया। भगवान भला करे।

### दौरे से दो देशों के बीच सम्मान बढ़ा

वेंस की यह यात्रा भारत और अमेरिका के बीच सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को और मजबूत करने का प्रतीक बनी। मंदिर के अधिकारियों ने उनके दौरे को दोनों देशों के बीच आपसी सम्मान और साझा मूल्यों का उदाहरण बताया। बीएपीएस संस्था ने उपराष्ट्रपति और उनके परिवार के आतिथ्य को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यह दौरा न केवल मंदिर की वैश्विक पहचान को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक समृद्धि और आतिथ्य को भी विश्व मंच पर प्रदर्शित करता है।

### पोप फ्रांसिस से मिले थे वेंस, बोले- उन्हें देखकर खुशी हुई थी

कैथोलिक चर्च के शीर्ष धार्मिक नेता पोप फ्रांसिस का सोमवार को 88 साल की उम्र में निधन हो गया। भारत दौरे से एक दिन पहले उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईस्टर रविवार को पोप फ्रांसिस से इटली के वेटीकन सिटी में मुलाकात की थी। उपराष्ट्रपित जेडी वेंस ने पोप के निधन पर सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि मुझे अभी पोप फ्रांसिस के निधन के बारे में पता चला। मेरी संवेदनाएं दुनिया भर के उन लाखों ईसाइयों के साथ हैं जो उनसे प्यार करते थे। उन्होने आगे लिखा कि कल उन्हें देखकर मुझे खुशी हुई, हालांकि वे जाहिर तौर पर बहुत बीमार थे। लेकिन मैं उन्हें हमेशा कोविड के शुरुआती दिनों में दिए गए उनके प्रवचन के लिए याद रखूंगा। यह वाकई बहुत खूबसूरत था। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे।



### जयपुर पहुंचे वेंस

### 2167 सुरक्षा कर्मी तैनात मिलने और आसपास रहने वालों का कोरोना टेस्ट



**जयपुर।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड (जेडी) वेंस सोमवार की रात जयपुर पहुंच गए। वेंस 24 अप्रैल तक जयपुर में रहेंगे। 24 अप्रैल को सुबह करीब 6:30 बजे वे वॉशिंगटन के लिए रवाना होंगे। जयपुर में वेंस की सुरक्षा में 7 आईपीएस अधिकारी, 20 एडिशनल डीसीपी, 40 एसीपी, 300 एएसआई, एसआई और सीआई हैं। 2100 कॉन्स्टेबल को फील्ड में तैनात किया गया है। जयपुर के तीन हॉस्पिटल (सरकारी-प्राइवेट) को हर ब्लड ग्रुप की 5 यूनिट रिजर्व रखने के निर्देश दिए गए हैं। उपराष्ट्रपति से मिलने वाले या आसपास रहने वाले हर शख्स का कोरोना टेस्ट कराया जाएगा। सुरक्षा एजेंसियों की ओर से चिह्नित हॉस्पिटल में हर प्रकार की बीमारी के स्पेशलिस्ट (कार्डियक, ऑर्थो, एलर्जी, इनफेक्शन, चर्म रोग) डॉक्टर तैनात हैं। इसके अलावा दौरे के दौरान अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एंबुलेंस और डॉक्टरों की टीम साथ रहेगी। वेंस की टीम जहां भी रुकेगी, वहां फूड टेस्टिंग टीम रहेगी। खाने-पीने वाली हर चीज की पहले जांच होगी, फिर सर्व किया जाएगा। वीवीआईपी दौरे को देखते हुए संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन भी कराया गया है। वेंस के दौरे के दौरान काफिले में एक एम्बुलेंस 24 घंटे मौजूद रहेगी। इसमें सीनियर डॉक्टर्स की टीम मौजूद रहेगी। टीम के पास इमरजेंसी पर दी जाने वाली सभी दवाएं और अन्य उपकरण होंगे।

## केंद्रीय वित्त मंत्री अमेरिका में बोलीं

# .... अब विश्व भारत की क्षमता और आर्थिक ताकत को स्वीकार कर रहा



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि भारत पीएम नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और एक सतत सरकार द्वारा प्रदान की गई स्थिरता से प्रेरित होकर सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। मौजूदा परिस्थितियों में विश्व भारत की क्षमता को पहचाना जा रहा है और इसकी आर्थिक ताकत को स्वीकारा जा रहा है। अमेरिका में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि जब हम कहते हैं कि भारत एक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है तो इस तथ्य को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक भी स्वीकार करते हैं। वे मानते हैं कि अपनी विकास क्षमता के कारण भारत विश्व व्यापार को बढ़ाने वाले एक इंजन के रूप में काम कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस क्षमता के विकास के साथ हम वैश्विक स्तर पर विभिन्न अनिश्चितताओं के कारण देखे जा रहे ट्रेंड को बदल सकते हैं।

### दोनों ही देशों को मिलता है लाभ

सीतारमण ने कहा कि अमेरिका और भारत की साझेदारी से दोनों ही देशों को लाभ मिलता है। साथ मिलकर, हम वैश्विक व्यापार और विकास को आगे बढ़ाएंगे। मुझे लगता है कि यह एक बहुत बड़ा योगदान है जो यहां रहने वाले भारतीय प्रवासी दे सकते हैं। उन्होंने भारतीय प्रवासियों से अपील की कि वे अधिक रुचि लें और अपने चुने हुए क्षेत्रों में भारत के साथ साझेदारी करें। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान, हमारा राजकोषीय घाटा बढ़ गया था। लेकिन 2021 में, हम एक स्पष्ट संकेत के साथ आए कि हम अपने राजकोषीय घाटे का प्रबंधन किस तरह करना चाहते हैं।

### 'विकसित भारत' के लक्ष्य पर हमारा ध्यान

वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार का प्राथमिक ध्यान 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करना है। इस दृष्टिकोण में महिलाओं, गरीबों, युवाओं और किसानों को प्रभावित करने वाले क्षेत्रों में सुधार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत 'सूर्योदय क्षेत्रों' को प्राथमिकता देता है और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में अग्रणी के रूप में खड़ा है, जो नवाचार और विकास को बढ़ावा देता है। पीएम नरेंद्र मोदी भारतीय प्रवासियों से जुड़ने के लिए अपनी हर विदेश यात्रा का हिस्सा बनाते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि भारत आप में से हर एक से जुड़े, जो दुनिया के किसी भी हिस्से में स्थित हैं, दुनिया में योगदान देने और एक उदाहरण के रूप में खड़े होने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं।

## यूएई में वायुसेना का युद्धाभास शुरू

### 8 मई तक होगा आयोजन, जर्मनी ब्रिटेन, अमेरिका भी हुए शामिल



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना की एक टुकड़ी रविवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अल धफरा एयर बेस पहुंची। वायुसेना का दल ने यहां सोमवार से शुरू हुए एक बहुराष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय हवाई युद्धाभ्यास 'डेजर्ट फ्लैग-10' में हिस्सा लिया। इसमें भारत और यूएई के अलावा फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कतर, दक्षिण कोरिया और तुर्की जैसे देश शामिल हैं। यह अभ्यास 21 अप्रैल से 8 मई 2025 के बीच आयोजित किया जाएगा। भारतीय वायुसेना के मिग-29 और जगुआर विमान अभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं।

## गृह मंत्री शाह का बड़ा ऐलान

### नक्सलवाद को खत्म करने की हमारी मुहिम निरंतर जारी रहेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



झारखंड में सुरक्षा बलों की तरफ से आठ नक्सलियों को मार गिराने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद को खत्म करने के लिए उनकी सरकार की प्रतिबद्धता बरकरार है। बता दें कि, झारखंड के बोकारो जिले में सीआरपीएफ और पुलिस के कोबरा कमांडो के साथ मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए, जिनमें एक करोड़ का इनामी नक्सली भी शामिल है। केंद्रीय गृह मंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि नक्सलवाद को खत्म करने के लिए हमारा अभियान निरंतर जारी है। आज सुरक्षा बलों को नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए चल रहे अभियान में एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली।

## अब फ्रांस और इजराइल के बीच ठनी!

# 27 सांसदों का वीजा किया रद्द बताया- वे देश के लिए 'खतरा'

एजेंसी ▶▶ येरुशलम

इजराइल और फिलिस्तीनी इलाकों की यात्रा से सिर्फ दो दिन पहले 27 फ्रांसीसी सांसदों और स्थानीय नेताओं को बताया गया कि उनके वीजा रद्द कर दिए गए हैं। इस समूह में फ्रांस की वामपंथी, पर्यावरण समर्थक और कम्युनिस्ट पार्टियों के नेता शामिल थे। उन्होंने कहा कि उनका मकसद इस यात्रा के जरिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और शांति को बढ़ावा देना था। येरुशलम में फ्रांसीसी वाणिज्य दूतावास ने सांसदों को पांच दिन की यात्रा के लिए बुलाया था।



### रिश्तों में आएगी दरार

इजराइल के आंतरिक मंत्रालय ने उनका वीजा एक खास कानून के तहत रद्द कर दिया। इन सांसदों और अधिकारियों ने एक संयुक्त बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने इस कदम को सामूहिक सजा और राजनयिक रिश्तों में बड़ी दरार बताया।

### फैसला बदलने राष्ट्रपति मैंक्रो से किया अनुरोध

सांसदों ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रोन से प्रतिक्रिया देने और यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि इजराइल अपना फैसला बदल दे। सांसदों ने कहा कि उनके राजनीतिक दल लंबे समय से फिलिस्तीनी राज्य का समर्थन करते रहे हैं, जैसा कि हाल ही में मैक्रोन ने किया। उन्होंने यह भी कहा कि फ्रांस जून में होने वाले अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता दे सकता है। इस महीने की शुरुआत में इजराइल ने तेल अवीव हवाई अड्डे पर दो ब्रिटिश सांसदों को निर्वासित कर दिया था।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने चली नई चाल

# जारी की गैर टैरिफ धोखाधड़ी सूची दुनियाभर के देशों को दी चेतावनी



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को एक आठ सूत्रीय गैर टैरिफ धोखाधड़ी की सूची जारी की है। इस सूची में ट्रंप ने दुनियाभर के देशों को चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने कोई गैर टैरिफ धोखाधड़ी लागू की तो उनके अमेरिका के साथ संबंध खराब हो सकते हैं। ट्रंप की आठ सूत्रीय गैर टैरिफ धोखाधड़ी की सूची में मुद्रा अवमूल्यन शामिल है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि कुछ देश जानबूझकर अपनी मुद्रा का अवमूल्यन करते हैं ताकि उनके निर्यात अमेरिका में प्रतिस्पर्धी बने रहें और अमेरिका के उत्पाद उनके बाजार में महंगे हो जाएं। अन्य गैर टैरिफ धोखाधड़ी में ट्रंप ने वैट का जिक्र किया है और कहा कि किस तरह से कुछ देश आयात पर वैट लगाते हैं और निर्यात पर उसे वापस कर देते हैं। ट्रंप ने कम कीमत पर दूसरे देशों में सामान डंप करने की भी आलोचना की।

### ट्रांसशिपिंग को बताया गलत

अमेरिकी राष्ट्रपति ने एग्रीकल्चर स्टैंडर्ड के बचाव को भी गलत बताया और यूरोप द्वारा जेनेटिकल इंजीनियर मक्का को प्रतिबंधित करने पर तीखा निशाना साधा। उन्होंने प्रोटेक्टिव टेक्निकल स्टैंडर्ड को भी गलत बताया। ट्रंप ने पाइरेसी और टैरिफ से बचने के लिए ट्रांसशिपिंग से भी नाराजगी जताई। साथ ही निर्यात पर सरकारों द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी और अन्य सरकारी सब्सिडी को भी गलत बताया।

## मौसम की बेरुखी ने बढ़ाई वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों की चिंता

# बदरीनाथ की चोटियां बर्फविहीन, ग्लोबल वार्मिंग बड़ा कारण

एजेंसी ▶▶ जोशीमठ (चमोली)

उत्तराखंड के बदरीनाथ धाम और आसपास के क्षेत्रों में इस बार मौसम का रुख बदला-बदला नजर आ रहा है। हर साल नवंबर तक हिमाच्छादित रहने वाली बदरीनाथ की ऊंची चोटियां इस बार बर्फविहीन हैं। बर्फबारी की कमी ने न केवल स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं की चिंता बढ़ाई है, बल्कि पर्यावरणविदों और मौसम विज्ञानियों के लिए भी यह एक चिंताजनक संकेत है। वैज्ञानिकों का मानना है कि बर्फ के जल्दी पिघलने से ग्लेशियरों पर काफी दुष्प्रभाव पड़ेगा। दो दशक पहले तक बदरीनाथ धाम अप्रैल माह तक बर्फ से ढका रहता था। मई माह के अंतिम समय तक चोटियों में बर्फ दिखाई देती थी। लेकिन बढ़ती मानवीय गतिविधियां और ग्लोबल वार्मिंग के चलते अब स्थिति यह है कि अप्रैल माह में ही बदरीनाथ धाम में बर्फ नहीं है, यहां तक कि धाम की की चोटियों में भी बर्फ काफी कम रह गई है, वह भी तेजी से पिघल रही है। इसका असर आने वाले समय में ग्लेशियरों पर पड़ेगा। वैज्ञानिकों का मानना है कि पिछले कुछ वर्षों से मौसम का मिजाज बदला है, जिससे धाम में समय पर बर्फबारी नहीं हो रही है, जो बर्फ बाद में पड़ रही है, वह तेजी से पिघल रही है।



### हेमकुंड साहिब में भी बर्फबारी का अभाव

बदरीनाथ धाम से 15 किमी दूर स्थित सतोपंथ ट्रेक पर भी बर्फ के दर्शन कम ही हो रहे हैं। वहीं, हेमकुंड साहिब में भी बर्फबारी का अभाव देखा जा रहा है। गोविंदघाट गुरुद्वारे के वरिष्ठ प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने बताया कि पहली बार शीतकाल में हेमकुंड साहिब की पहाड़ियों पर बर्फ नहीं दिखाई दे रही है। हालांकि, झील ठंड के कारण जम गई है। बदरीनाथ के पूर्व धर्माधिकारी भुवन चंद्र उनियाल का कहना है कि धाम में बर्फबारी का अभाव चिंताजनक है। पिछले चार महीने से बारिश और बर्फबारी बिल्कुल नहीं हुई है। बर्फबारी से न केवल मौसम में निखार आता है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन भी बना रहता है।

### पहले नवंबर के मध्य तक शुरू हो जाती थी बर्फबारी

*पिछले कुछ वर्षों तक नवंबर के मध्य तक बदरीनाथ और आसपास के क्षेत्रों में बर्फबारी शुरू हो जाती थी। ऊंची चोटियां बर्फ से ढक जाती थीं और निचले इलाकों में भी बर्फ की हल्की परत दिखाई देने लगती थी, लेकिन इस साल, नवंबर बीत जाने के बावजूद बदरीनाथ धाम और हेमकुंड साहिब की ऊंची चोटियां बर्फ से खाली हैं। धाम में रात के समय तापमान माइनस 7 डिग्री सेल्सियस तक गिर रहा है।*

### भविष्य पर्यावरण के लिए अशुभ संकेत

ग्लोबल वार्मिंग के चलते बदरीनाथ में बर्फ का तेजी से पिघलना आने वाले समय में पर्यावरण के लिए अशुभ संकेत हैं। दो दशक पहले जब बदरीनाथ धाम के कपाट खुलते थे, उस समय धाम बर्फ से पूरी तरह ढका रहता था। उसके बाद बर्फ पिघलनी शुरू होती थी। बर्फ ग्लेशियर पर एक तरह से जैकेट का काम करती है, जो सूर्य के रेडिएशन को ग्लेशियर तक पहुंचने से रोकती है, लेकिन यह जैकेट खत्म होते जा रहे हैं, जिससे आने वाले समय में ग्लेशियर तेजी से पिघलेंगे जो पर्यावरण के लिए ठीक नहीं हैं। - **डॉ. मनीष मेहता, ग्लेशियर विशेषज्ञ व वैज्ञानिक, वाडिया इंस्टीट्यूट।**



# सोना और चांदी एक लाख रुपए की दहलीज पर

## विदेशी बाजारों में सोने का भाव 3400 डॉलर के पार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



**आम आदमी की पहुंच से बाहर सोना चांदी**

स्थानीय बाजार में सोने-चांदी के भाव आम आदमी की पहुंचे से बाहर हो गए है। सोने-चांदी के भाव अब एक लाख रुपए प्रति दस ग्राम की दहलीज पर पहुंच गया है। यह हुआ है ट्रंप प्रशासन के टैरिफ वार से चल रहे व्यापार तनाव, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और कमजोर डॉलर के कारण।

मौजूदा समय में सोने और चांदी की कीमतों में काफी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। ट्रंप प्रशासन के टैरिफ वार से अब तक सोने में 25 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। राजधानी भोपाल में सोमवार को सोने की कीमत एक लाख रुपए की दहलीज पर पहुंच गई।

स्थानीय सराफा कारोबारी नवनीत अग्रवाल के अनुसार विदेशी बाजारों में सोना के भाव 3400 डालर के पार होने जाने का असर स्थानीय घरेलू बाजारों में बतौर दोनों ही मूल्यवान धातुओं के भाव में तेजी के रूप में दिखा। अग्रवाल के अनुसार सराफा चौक बाजार में 24 कैरेट सोना 99600 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है तो वहीं चांदी पाट 99000 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर बोली गई।

उनके अनुसार गत शुक्रवार को सोन 98600 रुपए प्रति दस ग्राम और चांदी 97500 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। लेकिन सोमवार को बाजार तेजी के साथ खुले और खबर लिखे जाने तक स्थानीय सराफा बाजार में सोना 1 हजार रुपए तेजी के साथ 99600 रुपए प्रति दस ग्राम और चांदी 1500 रुपए की तेजी के साथ 99000 रुपए किलोग्राम बोली गई।

### 40-45 फीसदी गहनों की खरीद एक्सचेंज के जरिए

*कारोबारियों के अनुसार दोनों की बहुमूल्य धातुओं के भाव रिकार्ड स्तर पर होने से यह आम आदमी की पहुंच के बाहर हो गया है। अतः वैवाहिकी घरों के लोगों गहनों की खरीदी का टेंड बदला है। बताया जा रहा है कि वर्तमान में गहनों की कुल खरीदारी में से 40-45 फीसदी एक्सचेंज के रूप में हो रही है। उपभोक्ता पुराने गहनों को बेचकर या बदलकर नए डिजाइन वाले गहने खरीदने में ज्यादा रुचि दिखा रहे हैं। शादी-ब्याह जैसे जरूरी मौकों पर खरीदारी जारी है, लेकिन आम उपभोक्ता केवल जरूरत के अनुसार ही खरीद कर रहे हैं।*

### सोने में रीसाइक्लिंग का चलन बढ़ा

*कारोबारी आनंद सोनी के अनुसार मौजूदा हालात में 60 फीसदी से अधिक ग्राहक अपने पुराने गहनों को पिघलवाकर नए बनवा रहे हैं। इससे उन्हें केवल मेकिंग चार्ज देना पड़ता है, जिससे कुल खर्च थोड़ा कम हो जाता है। हालांकि पुराने गहने बेचने पर जीएसटी, मेकिंग चार्ज कटौती और मूल्य कटौती के कारण मिलने वाली राशि कम हो जाती है। नए गहने खरीदते समय ग्राहकों को 10–25 फीसदी तक मेकिंग चार्ज और 3 फीसदी जीएसटी का भुगतान करना होता है। ऐसे में बहुत से लोग एक्सचेंज को एक बेहतर विकल्प मान रहे हैं।*

---

#### काराकल और आईकॉम ने हैदराबाद में किया आधुनिक शस्त्र निर्माण सुविधा का उद्घाटन

## असॉल्ट राइफल, स्नाइपर राइफल और पिस्तौल जैसे शस्त्रों का होगा उत्पादन




एजेंसी ▶▶ हैदराबाद



संयुक्त अरब अमीरात की प्रमुख शस्त्र निर्माता कंपनी काराकल और भारत की प्रमुख रक्षा कंपनी आईकॉम ने हैदराबाद में एक आधुनिक शस्त्र निर्माण सुविधा का उद्घाटन किया है। इस सुविधा के तहत काराकल के शस्त्रों का स्थानीय उत्पादन किया जाएगा, जिससे भारत की रक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस सुविधा में असॉल्ट राइफल, स्नाइपर राइफल और पिस्तौल जैसे विभिन्न शस्त्रों का उत्पादन किया जाएगा। यह सुविधा भारत की आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देने में मदद करेगी।

### भारत में शस्त्र उत्पादन की क्षमता बढ़ेगी

*काराकल और आईकॉम के बीच हुए समझौते के तहत काराकल अपनी प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञता आईकॉम के साथ साझा करेगी, जिससे भारत में शस्त्र उत्पादन की क्षमता बढ़ेगी। इससे भारत की रक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी और देश की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।*

### विदेशी मुद्रा की बचत करने में भी मदद मिलेगी

*इस सुविधा के उद्घाटन से भारत को अपनी रक्षा आवश्यकताओं के लिए विदेशी मुद्रा की बचत करने में भी मदद मिलेगी। काराकल और आईकॉम दोनों कंपनियां इस सुविधा को और भी विस्तार देने की योजना बना रही हैं, जिससे भारत में शस्त्र उत्पादन की क्षमता और भी बढ़ सके।*

---

#### सोरोग्रिट टैबलेट और दिव्य तेल सोरायसिस की अचूक औषधि : आचार्य बालकृष्ण

**चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में पतंजलि की बड़ी उपलब्धि**

## पतंजलि को सोरायसिस के आयुर्वेदिक उपचार में मिली सफलता, रिसर्च में सामने आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार




**टेलर और फ्रांसिस समूह के रिसर्च जर्नल ऑफ इंफ्लेमेशन रिसर्च में प्रकाशित किया**

सोरायसिस एक पुराना और तकलीफदेह त्वचा रोग है, जिससे दुनिया भर में लाखों लोग पीड़ित हैं। यह एक ऑटो इम्यून डिजीज है, जिसमें शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली खुद ही त्वचा पर हमला करने लगती है, जिससे त्वचा पर लाल चकत्ते, खुजली और सफेद-सी परतें बनने लगती हैं। आमतौर पर इसका इलाज एलोपैथी में सिर्फ लक्षणों को दबाने तक सीमित होता है, जिससे मरीज को आराम तो मिलता है, लेकिन लंबे समय तक इसका समाधान नहीं होता। लेकिन अब पतंजलि आयुर्वेद में इस बीमारी के इलाज को लेकर उम्मीद की एक किरण जगी है।

पतंजलि की दवाओं से इस बीमारी का इलाज किया जा सकता है। पतंजलि रिसर्च इंस्टीट्यूट की ओर से किए गए शोध को विश्व प्रसिद्ध टेलर और फ्रांसिस समूह के रिसर्च जर्नल ऑफ इंफ्लेमेशन रिसर्च में प्रकाशित किया गया है। यह शोध बताता है कि पतंजलि की ओर से तैयार की गई सोरोग्रिट टैबलेट और दिव्य तेल सोरायसिस बीमारी के इलाज में प्रभावशाली साबित हुई हैं। पतंजलि के आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि पतंजलि के वैज्ञानिकों ने लंबे समय से शोध करके सोरायसिस की जड़ तक पहुंचने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि सोरायसिस एक दीर्घकालिक त्वचा रोग है, जिसमें त्वचा पर चांदी जैसी चमकदार पपड़ी और लाल चकत्ते दिखाई देते हैं। इन चकत्तों में बहुत खुजली होती है। गौरतलब है कि सोरायसिस एक गम्भीर ऑटो इम्यून रोग है जिसमें रोगी को असहनीय परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अभी तक इसका कोई स्थाई उपचार नहीं था। अब पतंजलि ने सिद्ध कर दिया है कि प्राकृतिक जड़ी-बूटियों के माध्यम से सोरायसिस जैसे लाइलाज समझे जाने वाले रोग को भी ठीक किया जा सकता है। सोरोग्रिट और दिव्य तेल दोनों ही आयुर्वेदिक औषधियों पर आधारित हैं। इसमें प्रयुक्त जड़ी-बूटियां त्वचा की सूजन को कम करती हैं, त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाने में मदद करती हैं और शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली को संतुलित करती हैं। यह इलाज ना केवल लक्षणों को कम करता है, बल्कि रोग की जड़ पर काम करता है, जिससे दीर्घकालिक राहत संभव हो पाती है।

### एलोपैथी की तुलना में सुरक्षित विकल्प

*एलोपैथिक दवाएं जहां लक्षणों को दबाने पर जोर देती हैं। वहीं उनके कई साइड इफेक्ट्स भी देखने को मिलते हैं, जबकि पतंजलि द्वारा तैयार यह आयुर्वेदिक उपचार प्राकृतिक है और इसके कोई दुष्प्रभाव नहीं बताए गए हैं. इससे मरीज को शरीर और मन दोनों स्तर पर संतुलन मिलता है।*

### आयुर्वेद का बढ़ता वैश्विक महत्व

*इस शोध के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित होने से यह सिद्ध होता है कि आयुर्वेद अब केवल भारत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया में इसका वैज्ञानिक आधार और प्रभावी परिणाम पहचाने जा रहे हैं। यह भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के लिए एक बड़ा सम्मान है।*

---

#### नेपाल के रास्ते आ रहा सोयाबीन-पाम ऑयल

## व्यापारियों ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह को लिखा पत्र, की हस्तक्षेप की मांग



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

खाद्य तेल के व्यवसाय से जुड़े लोगों का आरोप है कि नेपाल से भारत में तेल आयात पर शुल्क नहीं लगने के कारण कई ऐसे देश जिन पर इंपोर्ट ड्यूटी लगी है, वे नेपाल को एक चैनल की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं और नेपाल के रास्ते खाद्य तेल भारत पहुंचा रहे हैं।

नेपाल से आया तेल सस्ता होने के कारण घरेलू किसानों और व्यापारियों को कीमत कम होने से घाटा उठाना पड़ रहा है। इतना ही नहीं व्यापारियों को भी कीमतों में प्रतिस्पर्धा करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए भारतीय वनस्पति तेल उत्पादकों के संघ (आईवीपीए) ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह को पत्र लिखकर इसमें हस्तक्षेप की मांग की है। आईवीपीए ने सरकार से मांग की है कि वह आयात करने वालों पर लागू शुल्क अंतर के बराबर बैंक गारंटी लगाए, ताकि मूल स्थान के नियम के दिशा-निर्देशों का हो रहा है, यह सुनिश्चित हो सके। रिफाइंड ऑयल पर कृषि अवसंरचना और विकास उपकर 5 फीसदी से 10 से 15 फीसदी करने की मांग की है। इसके अलावा वह नैफेड जैसी एजेंसियों के जरिए आयात को चैनलाइज करें और आयात की मात्रा पर लिमिट लगाए। उल्लेखनीय है कि भारत तिलहन फसलों के बंपर उत्पादन और खाद्य तेल उत्पादन के बाद भी मांग पूरी करने के लिए बड़ी मात्रा में इसका आयात करता है। इस पर सरकार का काफी धन खर्च होता है। खाद्य तेल के शुल्क मुक्त आयात के कारण यहां के किसानों को अपनी फसल का सही दाम नहीं मिलता, इसलिए सरकार ने ज्यादातर देशों से इसके आयात पर शुल्क लगाकर रखा है, लेकिन नेपाल इस लिस्ट में शामिल नहीं और अब यहां के खाद्य तेल व्यापार के लिए यह चुनौतियां पैदा कर रहा है।

---

## वर्ल्ड अर्थ डे आजः पर्यावरण के लिए टीवी सितारे भी हुए सजग, अपनाई इको-फ्रेंडली आदतें



**मुंबई।** 22 अप्रैल को वर्ल्ड अर्थ डे की पूर्व संध्या पर एण्डटीवी की अभिनेत्रियों ने पर्यावरण और संसाधनों की रक्षा के लिए अपनाए गए अपने तरीके और सुझाव साझा किए। इस्मिता सेबल, जो 'भीमा' में धनिया की भूमिका निभा रही हैं, ने बताया कि हम घर में भी कचरे को अलग-अलग करने और रसोई के कचरे से जैविक खाद बनाने की प्रक्रिया अपनाते हैं, जिससे घर के बगीचे को पोषण मिलता है। वहीं कपड़े के थैले इस्तेमाल करती हूं और बेटे को भी स्कूल और घर में प्लास्टिक से बचने के लिए प्रेरित करती हूं। 'हप्पू की उलटन पलटन' की कटोरी अम्मा, ऊर्फ हिमानी शिवपुरी ने बताया कि पहाड़ियों और प्राकृतिक सुंदरता के बीच बसे देहरादून के माहौल में परवरिश के कारण पर्यावरण से मुझे गहरा प्यार और आदर है। मैंने उत्तराखण्ड में पैतृक गांव को गोद लिया है, ताकि उस धरती के लिये कुछ कर सकूं, जहाँ मेरा बचपन बीता। मैंने वहाँ टेरेस फार्मिंग का प्रचार किया है, जो कि एक महत्वपूर्ण पहल है। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण टेरेस फार्मिंग संवहनीय होने के साथ-साथ मिट्टी के कटाव को रोकने और जमीन का सक्षम तरीके से इस्तेमाल करने का आदर्श तरीका है। कृषि को बढ़ावा देकर पहाड़ियों से शहरी क्षेत्रों की ओर लोगों का पलायन कम कर सकते हैं और ग्रामीण जीवन की आत्मनिर्भरता का उत्साह लौटा सकते हैं। इस अर्थ डे पर सभी जड़ों से जुड़ें, संवहनीय पद्धतियों में सहयोग करें और सार्थक कदम उठायें। यह कदम चाहे जितने छोटे हों, हमारे ग्रह की सुरक्षा और पोषण के लिये काम ही आएंगे। भाबीजी घर पर हैं की अंगूरी, ऊर्फ शुभांगी अत्रे ने बताया कि ऑर्गेनिक खेती के फायदे जानने के बाद मैंने फ्रूट फार्म पर काम शुरू किया और महाराष्ट्र में अपने फार्महाउस पर अमरूद, चीकू, आम, कटहल और जामुन उगाये। खेती ने प्रकृति के साथ मेरे जुड़ाव को गहरा किया है और जब भी मेरी शूटिंग नहीं होती है, मैं खेती में ही ज्यादातर वक्त बिताती हूँ। सच कहूं, तो ऑर्गेनिक खेती कोई नई चीज नहीं है। हमें दशकों पुराने खेती के तरीके पर ही लौटना होता है और हानिकारक रसायनों या कीटनाशकों के इस्तेमाल से बचना होता है। इस अर्थ डे पर लोगों से कहना है कि वे ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगायें और ऑर्गेनिक खेती करें।

## राशिफल

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। |
| वृष | कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। |
| मिथुन | लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें। |
| कर्क | सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान–सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है। |
| सिंह | कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। |
| कन्या | आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं। |
| तुला | व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। |
| वृश्चिक | पठन–पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। |
| धनु | जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान–सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे। |
| मकर | व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। |
| कुंभ | नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। |
| मीन | शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान–सम्मान मिलेगा। शासन–सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे। |



## लॉ प्रेप ट्यूटोरियल का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** लॉ प्रेप ट्यूटोरियल जबलपुर का पहला ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। लॉ प्रेप ट्यूटोरियल के संस्थापक डॉ ऐश्वर्य शर्मा द्वारा बताया गया की पुनः 27 अप्रैल को ओरिएंटेशन का प्रोग्राम रखा जाएगा। इसमें बताया कि क्लैट (कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट) एक राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है जो भारत भर के विभिन्न राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों (एनएलयू) में स्नातक और स्नातकोत्तर विधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। इससे विधि संकाय से संबंधित छात्र अपने सपनो को साकार कर पा रहे हैं।

---

#### एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी ने हासिल की उल्लेखनीय उपलब्धि

## गन्ने के रस से हाइड्रोजन उत्पन्न करने की विशेष प्रक्रिया विकसित की



एजेंसी ▶▶ पुणे

एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी ने पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल) से पहले सतत ऊर्जा अनुसंधान में दो प्रमुख प्रगति की घोषणा की है। गन्ने के रस से सीधे हरित हाइड्रोजन (ग्रीन हाइड्रोजन) उत्पन्न करने की एक अनोखी प्रक्रिया और एग्रो-वेस्ट आधारित हेटेरोजीनियस कैटालिस्ट का उपयोग करते हुए बायोडीजल उत्पादन के लिए एक अभिनव बैच रिएक्टर प्रणाली। ये दोनों विकास भारत की हरित ऊर्जा संक्रमण और सतत भविष्य की दिशा में एमआईटीडब्ल्यूपीयू की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

विश्वविद्यालय ने गन्ने के रस से सूक्ष्मजीवों की सहायता से हाइड्रोजन उत्पन्न करने की एक विशेष प्रक्रिया विकसित की है, जो कार्बन डाइऑक्साइड को भी एसिटिक एसिड में परिवर्तित करती है, जिससे यह प्रक्रिया और अधिक सतत बन जाती है। यह शोध भारत सरकार के ग्रीन हाइड्रोजन मिशन का समर्थन करता है और चीनी उद्योगों को हाइड्रोजन उत्पादन का अवसर देता है, जिससे आयातित जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम हो सकती है। इस तकनीक के लिए पेटेंट पहले ही दायर किया जा चुका है और परियोजना प्रस्ताव को नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय को फंडिंग के लिए प्रस्तुत किया गया है।ग्रीन हाइड्रोजन पर उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव भी एमएनआरई को भेजा गया है। डॉ. भारत काले, एमेरिटस प्रोफेसर और मैटेरियल साइंस केंद्र के निदेशक ने बताया कि हमारी बायोप्रोसेस तकनीक कमरे के तापमान पर गन्ने का रस, समुद्री जल और अपशिष्ट जल का उपयोग कर कार्य करती है, जिससे वैश्विक स्तर पर हाइड्रोजन लागत को 1 डालर प्रति किलोग्राम तक लाने के प्रयासों को बल मिलता है।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**



सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5844



**बाएँ से दाए**

1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**

1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

**शब्द पहेली - 5843 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5854

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5853 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |






## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 7 | 5 | 2 | 10 |
| दिल्ली | 7 | 5 | 2 | 10 |
| बेंगलुरु | 8 | 5 | 3 | 10 |
| पंजाब | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| मुंबई | 8 | 4 | 4 | 8 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| राजस्थान | 8 | 2 | 6 | 4 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| चेन्नई | 8 | 2 | 6 | 4 |

**ऑरेंज कैप**



निकोलस पूरन
368 रन
लखनऊ

**पर्पल कैप**



प्रसिद्ध कृष्णा
14 विकेट
गुजरात

## खबर संक्षेप



### भारतीय मुक्केबाजों का जीत का सिलसिला जारी

**अम्मान।** भारतीय मुक्केबाजों ने एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन जीत का सिलसिला जारी रखा। भारतीय स्कूल खेल महासंघ के स्वर्ण पदक विजेता टीकम सिंह (52 किग्रा) ने तीसरे दौर में रैफरी द्वारा मुकाबला रोकने के बाद यूएई के अली अल्मेस्मारी के खिलाफ जीत दर्ज की। उधम सिंह (54 किग्रा) ने ईरान के मोहम्मदपरसा मोटेवालियनस्तानहसारी को 5-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की जबकि राहुल गरिया (57 किग्रा) ने शुरुआती दौर में आरएससी के फैसले के साथ चीनी ताइपे के ली शू-जुन को हराया।

### मुंबई ने किया रोहित को प्रोत्साहित : जयवर्धने

**मुंबई।** रोहित शर्मा की आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करने के कारण अपना विकेट गंवाने के लिए आलोचना होती रही है।



रोहित ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 76 रन की मैच विजेता पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की। जयवर्धने ने कहा, 'जब वह इस तरह से आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हैं तो हम सभी जानते हैं कि वह पल भर में मैच का पासा पलट सकते हैं। इससे लय बन जाती है जिसका असर बाद के बल्लेबाजों पर भी पड़ता है।

### रोहित ने पुराने दोस्त नायर को दिया धन्यवाद

**मुंबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने सोमवार को अपने पुराने दोस्त अभिषेक नायर को धन्यवाद दिया जिन्हें कुछ दिन पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच पद से हटा दिया गया था। रोहित ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के लिए नाबाद 76 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपना अर्धशतक पूरा करने का जश्न मनाते हुए अपनी एक तस्वीर साझा की और 'कैप्शन' में नायर को टैग किया। सैंतीस वर्षीय रोहित ने सोमवार को लिखा, 'धन्यवाद भाई अभिषेक नायर।

### भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना

**बेंगलुरु।** सलीमा टेटे की अगुवाई में भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से पर्थ में शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला में भाग लेने के लिए रविवार देर रात ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गई। भारतीय टीम का यह दौरा जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए महत्वपूर्ण है। श्रृंखला 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैचों के साथ शुरू होगी। इसके बाद 26 सदस्यीय भारतीय टीम एक, तीन और चार मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में दुनिया की पांचवें नंबर की ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैच खेलेगी।

**आईपीएल : तीन जोड़ियों ने पहले विकेट के लिए बनाए 23, 34, 00, 09 और 00 रन**

# दिल्ली का सलामी बल्लेबाजी संयोजन फेल, लखनऊ आज देगा कड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

दिल्ली कैपिटल्स जब मंगलवार को यहां आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स का सामना करेगा तो उसकी उम्मीद रहेगी कि उसके सलामी बल्लेबाज फॉर्म में लौटकर टीम को अच्छी शुरुआत देंगे। दिल्ली के सलामी बल्लेबाज वर्तमान सत्र में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसने सलामी जोड़ी के रूप में अभी तक चार बल्लेबाजों के साथ तीन संयोजन आजमाए हैं लेकिन इसके बावजूद उसकी टीम पिछले पांच मैचों में पहले विकेट के लिए 23, 34, 00, 09 और 00 रन की साझेदारी ही निभा पाई है।

दिल्ली ने अब तक फाफ डु प्लेसी, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल और करुण नायर को सलामी बल्लेबाज के रूप में आजमाया है लेकिन उसे अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं। इसका संबंध डु प्लेसी की चोट से भी है और इस मैच से पहले दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी की फिटनेस पर कड़ी नजर रहेगी। दिल्ली के सलामी बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर अभी तक बहुत गौर नहीं किया गया है क्योंकि उसकी टीम ने सात मैचों में से पांच में जीत हासिल की है और केएल राहुल की मौजूदगी वाले मध्य क्रम ने अच्छा प्रदर्शन किया है।



### लखनऊ की मजबूत गेंदबाजी आक्रमण

लखनऊ की टीम में दिग्वेश राठी, रवि बिश्नोई, आवेश खान और शार्दुल ठाकुर जैसे कुशल गेंदबाज हैं जिनके सामने दिल्ली के बल्लेबाजों को संभलकर खेलना होगा। आवेश खान की डेथ ओवरों की शानदार गेंदबाजी के कारण लखनऊ ने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स को दो रन से हराया था जिससे निश्चित तौर पर उसकी टीम का मनोबल बढ़ा होगा। लखनऊ की टीम के पास मिशेल मार्श, निकोलस पूरन और एडेन माक्ररम के रूप में शीर्ष क्रम में तीन धाकड़ बल्लेबाज हैं जिन्होंने अभी तक अपने अच्छे प्रदर्शन से टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है।

### दोनों टीमों के कप्तान फेल



दिल्ली और लखनऊ अभी तक अच्छा प्रदर्शन करके 10-10 अंक हासिल कर चुके हैं लेकिन दोनों टीमों के कप्तानों का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है। ऋषभ पंत का रन बनाने के लिए संघर्ष करना लखनऊ के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने अभी तक आठ मैच में केवल 106 रन बनाए हैं जिसमें 63 रन की एक पारी भी शामिल है। उनका स्ट्राइक रेट 98 है जो चिंता का विषय है। दिल्ली के खिलाफ पंत को मिशेल स्टार्क, कुलदीप यादव, विपराज निगम और मुकेश कुमार की बेहतरीन गेंदबाजी इकाई से निपटना होगा। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल भी अभी तक उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। बल्लेबाजी में उन्होंने 159 के स्ट्राइक रेट से 140 रन बनाए हैं लेकिन उनकी गेंदबाजी चिंता का विषय है। वह अभी तक सात मैच में केवल एक विकेट ले पाए हैं और उनका इकोनॉमी रेट 9.36 है।

## खुद की क्षमता पर संदेह नहीं करता



**मुंबई।** स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि लंबे समय तक खराब दौर से गुजरने के बावजूद उन्होंने अपनी क्षमता पर कभी संदेह नहीं किया। इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लगाए गए अपने अर्धशतक को खुद के कौशल पर भरोसा दिखाने का परिणाम बताया। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रोहित ने 45 गेंद पर नाबाद 76 रन बनाए। मुंबई इंडियंस ने उनकी इस शानदार पारी की मदद से यह मैच नौ विकेट से जीता। रोहित का आईपीएल के वर्तमान सत्र का यह पहला अर्धशतक है। इससे पहले वह पिछले मैचों में 0, 8, 13, 17, 18 और 26 रन ही बना पाए थे।

### गिल के लिए दबाव में प्रदर्शन करने का मौका



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान का कहना है कि आईपीएल में प्रदर्शन का दबाव विश्व कप से अधिक है। गुजरात टाइटंस के कप्तान के रूप में शुभमन गिल के पास एक बेहतरीन कप्तान के रूप में अपनी साख साबित करने के लिए साहसिक निर्णय लेने का शानदार मौका है। गुजरात टाइटन्स में गिल की अगुआई में खेलने वाले राशिद ने अपने कप्तान की तारीफ में कहा, 'एक नेतृत्वकर्ता के रूप में शुभमन का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। केवल एक बल्लेबाज के रूप में ही नहीं बल्कि जिस तरह से वह सोचता है और खेल को समझता है उसमें भी।'

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, तहसील अधारताल जिला जबलपुर**

रा.प्र. क्र./141/अ-20 (3)/2025 2026 — अधारताल, दिनांक 21/04/2025

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि ग्राम औरिया प.ह.न. 72 तहसील अधारताल जिला जबलपुर में रकवा 5.835 हेक्टयर भूमि आवेदक राजेश कुमार सैयाम पिता गनेश सिंह सैयाम निवासी औरिया जबलपुर के द्वारा ग्राम औरिया के खसरा नं. 378 रकवा 0.6300 हे. 376/1 रकवा 0.7800 हे., 376 / 2 रकवा 2.000 हे. 375/रकवा 0.6200 हे., 386/1 रकवा 0. 1300 हे 385 / 1 रकवा 0.4300 हे. 384 रकवा 0.9400 हे. 381 रकवा 0.9200 हे. में राजस्व अभिलेखो में शासकीय भूमि दर्ज है, माननीय कलेक्टर जिला के न्यायालय के प्रकरण कमांक 0144/अ-20 (अ) / 2024 - 25 एवं न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग अधारताल के आदेशानुसार सचिव कृषि उपज मंडी द्वारा मूल मंडी प्रांगण जबलपुर में स्थित आलू प्याज एवं फल के व्यापारियों द्वारा नवीन मटर मंडी प्रांगण में व्यवसाय करने हेतु अतिरिक्त भूमि 6.45 हेक्टेयर भूमि ग्राम औरिया तहसील अधारताल में मांग की गयी है।

आवेदक द्वारा माननीय न्यायालय कलेक्टर जिला जबलपुर में उक्त भूमि को आवंटित किये जाने के संबंध में आवेदन नजूल निर्वतन नियम 2020 के तहत ऑनलाईन आवेदन किया है, एवं तत्संबंध में प्रतिवेदन हेतु प्रकरण इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था या विभाग को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक 05/05/2025 तक इस न्यायालय में स्वंय अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

**यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।**

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**अधारताल जबलपुर**

# चोटिल सैमसन एक मैच से बाहर जयपुर में करेंगे 'रिहैबिलिटेशन'

एजेंसी ▶▶| जयपुर



राजस्थान रॉयल्स ने सोमवार को पुष्टि की कि कप्तान संजू सैमसन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आगामी इंडियन प्रीमियर लीगमैच से बाहर रहेंगे क्योंकि वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान हुए मांसपेशियों में खिंचाव से उबर रहे हैं। सैमसन पहले ही लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ रॉयल्स के घरेलू मैच से बाहर हो चुके हैं और गुरुवार को टीम का आरसीबी के खिलाफ मैच होना है। रॉयल्स के मेडिकल स्टाफ ने सैमसन की वापसी की तारीख तय नहीं की है। रॉयल्स ने एक बयान जारी कर कहा, 'राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन फिलहाल उबरने की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और वह राजस्थान रॉयल्स मेडिकल स्टाफ के साथ टीम के 'होम बेस' पर ही रहेंगे। 'रिहैबिलिटेशन' प्रक्रिया के अंतर्गत वह आरसीबी के खिलाफ आगामी मैच के लिए बेंगलुरु नहीं जाएंगे। टीम प्रबंधन उनकी प्रगति पर बारीकी से नजर रख रहा है और उनकी वापसी के लिए मैच दर मैच का दृष्टिकोण अपनाएगा।' सैमसन की अनुपस्थिति में रियान पराग टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे।

### *अगले साल के लिए तैयार करेंगे 11 खिलाड़ी*

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि उन्हें इस पर गौर करने की जरूरत है कि क्या वह सही तरह की क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने अगले साल होने वाले आईपीएल के लिए 11 खिलाड़ी तैयार करने की योजना को ध्यान में रखते हुए अपने साथियों से थोड़ा आत्ममंथन करने का आग्रह किया। धोनी ने रविवार शाम यहां आईपीएल मैच में मुंबई इंडियंस के हाथों नौ विकेट से हार के बाद कहा, "हमारे जितने भी मैच बचे हैं उनमें हमें जीत हासिल करनी होगी।

**कार्यालय नगर परिषद डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी (म.प्र.)**
Phone : 07644-234534 Email: cmodidori@mpurban.gov.in

एन.आई.टी. क्र./987/7040/2025-26 — **ई-निविदा आमंत्रण सूचना** — डिण्डौरी, दिनांक 21/04/25

एतद् द्वारा समस्त पंजीकृत विक्रेता एवं सप्लायर्स को सूचित किया जाता है कि इस निकाय द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये तालिका में वर्णित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा टेण्डर पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। अतः इच्छुक विक्रेता एवं सप्लायर्स आयटम दर के आधार पर निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा का विस्तृत विवरण निम्नानुसा है-

| टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2025_UAD_417877 | नगर परिषद डिण्डौरी अंतर्गत स्टेशनरी सामग्री का प्रदाय कार्य। | वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु 500000/- | 2000/- 10000/- | 07/05/25 |
| 2025_UAD_417878 | नगर परिषद डिण्डौरी अंतर्गत फ्लेक्स सामग्री का प्रदाय कार्य। | वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु 1000000/- | 2000/- 20000/- | 07/05/25 |

शर्त - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद डिण्डौरी**
**जिला डिण्डौरी (म.प्र.)**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बालाघाट**
**जिला- बालाघाट (म.प्र.) 481001**

क्रं. एफ/उद्यान शाखा/50-2/2025/749 — बालाघाट दिनांक 21/04/2025

**// तृतीय निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत बेवसाईट https:www.mptenders.gov.in पर देखा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर आईडी नम्बर | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_396012_3 | उद्यानिकी सामग्री प्रदाय किये जाने | 15 दिवस 600000=00 | 2000=00 एवं 12000=00 | 24.04.2025 |

**नोट-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https:www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बालाघाट**
**जिला- बालाघाट म.प्र.**

**LIC HFL — LIC HOUSING FINANCE LTD**

**एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.**
एरिया ऑफिस :-18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर - 482001 (म.प्र.) फोन नं. 0761-2401338, Website: www.lichousing.com

**मांग सूचना**

( वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण और सिक्योरिटी इन्ट्रेस्टे एक्ट 2002 की प्रवर्तन की धारा 13 ( 2 ) के अन्तर्गत मांग नोटिस ) ( 1 ) क्रमांक ( 2 ) गृह ऋण खाता क्रमांक ( 3 ) ऋणी का नाम व पता ( 4 ) सम्पत्ति का पता ( 5 ) स्वीकृत ऋण राशि एवं दिनांक ( 6 ) बकाया राशि क्र .

| क्र | गृह ऋण खाता क्रमांक | ऋणी का नाम व पता | सम्पत्ति का पता | स्वीकृत ऋण राशि एवं दिनांक | बकाया राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | 120500010372 120500010911 | सुश्री सिया बाई एडी हाउस नं 31, ऑरासिटी बरेला मेन रोड जबलपुर एम.पी. 482001 | लेआउट प्लॉट नंबर 31, ऑरेसिटी मौजा बरेला बंदोबस्त नंबर 34, पटवारी हल्का नंबर 52 न्यू 80, आरएनएम खमरिया वार्ड नंबर 10 जबलपुर म.प्र. क्षेत्रफल 1000 वर्ग फुट | 18/11/2017 6,00,000/- 11/04/2025 21/02/2018 3,60,000/- 11/04/2025 | 7,40,020.81/- 1,37,623.73/- + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 2. | 120500016639 | श्रीमती राजेश्री साहू सोनवाने श्री साहू गोविंदराव सोनवाले पता डुप्लेक्स बंगला नंबर 03 आशियाना कॉम्प्लेक्स सामने नवयुग कॉलेज 482001 श्री साजिद अख्तर (गारंटर) पता हाउस नंबर ए-5 अनुज एमआईटी एन्क्लेव पचपेड़ी जबलपुर म.प्र. 482001 | प्लॉट नंबर बी-97 का हिस्सा, खसरा नंबर 4/1,5/1(5/1क) का हिस्सा, खसरा नंबर 4/1,5/1क का नया हिस्सा, मौजा महगावा, एनबी 682, पटवारी हल्का नंबर 28/45, आरएनएम रांझी, वार्ड नंबर 79, प्रियदर्शिनी कॉलोनी, तहसील रांझी, जिला जबलपुर, मप्र क्षेत्र 1320 वर्ग फुट | 27/01/2021 22,00,000/- 11/04/2025 | 10,15,697.79/- + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 3. | 120500012905 | श्री एंड्रयू थॉमस पता मकान नंबर 132, क्रिश्चियन कॉलोनी, केरल भवन के पास, कटंगा गोरखपुर, जबलपुर, म.प्र. -482001 | प्लॉट नंबर 30-डी, खसरा नंबर 538/9 का हिस्सा, कृष्णा विहार कॉलोनी, मौजा करमेता, एन.बी. 497, पटवारी हल्का नंबर 78/23, आरएनएम महाराजपुर, तहसील पनागर, जिला जबलपुर, एमपी क्षेत्र 1250 वर्ग फीट | 30/11/2018 20,00,000/- 11/04/2025 | 5,53,614.28/- + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 4. | 120500014577 120500017167 | श्री स्वप्नेश मिश्रा श्रीमती श्रद्धाली मिश्रा पता लेआउट प्लॉट नंबर 161, खसरा नंबर 80/2,81/2 का हिस्सा, विश्वसनीय संपत्ति, मौजा जिलहरी, एनबी 265, पटवारी हल्का नंबर नया 8 (पुराना 45/27), आरएनएम जबलपुर-1, तहसील और जिला जबलपुर, मप्र। राजेश कुमार यादव (गारंटर) पता मकान नंबर 1205, गढ़ा रोड, रॉयल हॉस्पिटल के पीछे, कमला नेहरू नगर वार्ड, जबलपुर, मप्र - 482001 | लेआउट प्लॉट संख्या 161, खसरा संख्या 80/2,81/2 का हिस्सा, रिलाएबल एस्टेट, मौजा जिलहरी, एनबी 265, पटवारी हल्का नंबर नया 8 (पुराना 45/27), आरएनएम जबलपुर-1, तहसील और जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश क्षेत्र 1155 वर्ग फीट | 17/09/2019 20,00,000/- 11/04/2025 31/03/2021 9,50,000/- 11/04/2025 | 15,07,470.24/- 9,51,339.14/- + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 5. | 120500010947 120500010948 | श्री दिनेश कुमार त्रिपाठी श्रीमती आकांक्षा त्रिपाठी पता प्लॉट नंबर 31, खसरा नंबर 297/49 भाग का हिस्सा, मैत्री नगर, मौजा महाराजपुर, एनबी 664, पटवारी हल्का नंबर 17/20 नया 60, आरएनएम महाराजपुर, वार्ड नंबर 75, तहसील पनागर, जबलपुर, मप्र | प्लॉट नंबर 31, खसरा नंबर 297/49 भाग का हिस्सा, मैत्री नगर, मौजा महाराजपुर, एनबी 664, पटवारी हल्का नंबर 17/20 नया 60, आरएनएम महाराजपुर, वार्ड नंबर 75, तहसील पनागर, जबलपुर, मप्र क्षेत्र 1000 वर्ग फीट | 05/02/2018 9,00,000/- 11/04/2025 05/02/2018 15,00,000/- 11/04/2025 | 6,03,277.50/- 14,71,185.81/- + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 6. | 120500010103 | श्री दिलीप विश्वकर्मा पता प्लॉट नंबर 673, चेरीटल वार्ड, शिव नगर, जबलपुर, मप्र - 482001 | प्लॉट संख्या 204 (प्लॉट एरिया 30.60 वर्ग मीटर), और प्लॉट संख्या 205 (प्लॉट एरिया 30.60 वर्ग मीटर), एमपी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सुभाष नगर, नया वार्ड नंबर 75, महाराजपुर, जबलपुर, मप्र कुल क्षेत्रफल 61.20 वर्ग मीटर | 27/09/2017 13,00,000/- 11/04/2025 | 13,56,517.09/- + ब्याज व अन्य खर्चे |

आपके अनुरोध पर हमने आपको गृह ऋण वित्त राशि के रूप में इकरार नामे की शर्तो के अनुसार स्वीकृत की थी । जिनको आपने स्वीकार किया था । ( 1) स्वीकृत ऋण राशि स्वीकृति दिनांक एवं आपके खाता संख्या का ब्यौरा ऊपर दिया गया है । ( 2 ) आपको विदित है कि आपको प्रदत्त ऋण राशि उपरोक्त ( कालम नं . 5 ) आस्ति । प्रतिभूति अनुबंध ( रक्षित आस्ति ) से रक्षित है । इसके लिए आपने आवश्यक दस्तावेज निष्पादन करके प्रतिभुति के रूप में सम्यबंधक किया है । ( 3 ) हम आपको यह भी सूचित करते है कि संपूर्ण ऋण अंदा करने हेतु बार - बार मांग नोटिस भेजे गए और मौखिक रूप से अनुरोध किए जाने के पश्चात भी अभी तक आपने ऋण अदा नहीं किया है । इस तरह आपने ऋण की अदायगी में गंभीर अनियमितता बरती है । ( 4 ) आज दिनांक तक आपको उपरोक्त राशि देय है ( कालम नं . 6 ) 1 ( 5 ) ऊपर लिखे कारणों से हम एतद द्वारा आपको सूचित करते हैं कि इस नोटिस की प्राप्ति के 60 दिन के अंदर आप समस्त देय राशियों की भुगतान करें , न करने की स्थिति में हम सिक्योरिटाईजेशन एक्ट की धारा 13 ( 4 ) की शक्तियों का उपयोग करेंगे । ( 6 ) उपरोक्त शक्तियों के अधीन कार्यवाही करने पर प्राप्त धनराशि प्रथमतः समस्त व्यय प्रभार व खर्चे हेतु उपयोग की जावेगी । जो हमारी राय में उचित प्रकार से किए गए है या संबंधित हो एवं इसके पश्चात हमारे शेष जैसा कि उपरोक्त अदित है में दिनांक **30.04.2025** से वसूली की तारीख की संविदा गत हित के निस्तारण में प्रयोग की जावेगी एवं शेष धनराशि ( यदि कोई हो तो ) आपको भुगतान दिया जायेगा । ( 7 ) एक्ट की धारा 13 ( 13 ) के अन्तर्गत आगाह करे कि इस नोटिस की प्राप्त के पश्चात आप इस नोटिस के दर्शायी गई किसी भी रक्षित आस्ति का अन्तरण , बिक्री पट्टे के द्वारा रक्षित ऋण दाता की लिखित पूर्ण सहमति के बिना नहीं कर सकेंगे । ( 8 ) एक्ट की धारा 13 ( 10 ) के अन्तर्गत हम आपको यह भी सूचित करते है कि यदि रक्षित आस्तियों बिक्री से प्राप्त हमारे ऋण की भरपाई नहीं होती है तो हम आपके विरूद्ध ऋण वसूली अधिकरण ( DRT ) में जाकर शेष धन राशि की वसूली के लिए कार्यवाही करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं । यह मांग नोटिस दो समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जा रहा है ।

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

दिनांक : **22.04.2025**
स्थान : जबलपुर

### जाति प्रमाण पत्र फर्जी होने की शिकायत पर एसडीएम जांच में खुलासा

# क्रिश्चियन युवक ने गौड़ बनकर 25 साल की पुलिस में नौकरी

हरिभूमि, जबलपुर।

फर्जी जाति पत्र के आधार पर एक क्रिश्चयन युवक ने गौड़ बनकर फर्जी प्रमाण पत्र बनाकर न केवल आरक्षण का लाभ लिया, बल्की 25 साल से पुलिस विभाग में नौकरी भी कर रहा था।

एक शिकायत के बाद कलेक्टर दीपक सक्सेना नम रांझी रघुवीर सिंह मरावी से इसकी जांच कराई। तब इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। फिलहाल यह व्यक्ति मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले में पुलिस लाई में पदस्थ है। आरोप है कि नेपियर टाउन निवासी अमिताभ नामक के युवक ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर 25 साल तक पुलिस विभाग में नौकरी की। एसडीएम द्वारा की जांच में पाया गया कि वर्ष 2000 में अभिताभ सब-इंस्पेक्टर के पद पर भरती हुआ था। उस वक्त अभिताभ ने गौड़ जाति का प्रमाण पत्र




लगाया था, जबकि वह क्रिश्चियन है। एसडीएम की जांच में खुलासा होने के बाद कलेक्टर दीपक सक्सेना ने शासन को कार्यवाही के लिए पत्र लिखा है। कथित आरोपी अमिताभ प्रताप सिंह उर्फ अमिताभ थियोफिलस वर्तमान में बुरहानपुर जिले में पुलिस लाइन में एसआई के पद पर पदस्थ है।

जिसके खिलाफ वर्ष 2019 में भोपाल निवासी सोनाली दात्रे ने जनजातीय विभाग की तत्कालीन आयुक्त दीपाली रस्तोगी से अमिताभ सिंह के फर्जी जाति प्रमाण पत्र को लेकर शिकायत की थी। लेकिन तब जांच को ठण्डे बस्ते में डाल दिया गया। फिर उसके बाद 9 अक्टूबर 2024 को फिर से अमिताभ सिंह की फर्जी जाति प्रमाण पत्र होने की शिकायत भोपाल निवासी प्रमिला तिवारी ने आयुक्त जनजातीय ई-रमेश से की। आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने अमिताभ सिंह के जाति प्रमाण पत्र की जांच के लिए जबलपुर कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना को फरवरी 2025 में पत्र भेजा। जिसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम रघुवीर सिंह मरावी ने जांच रिपोर्ट में खुलासा किया अमिताभ सिंह ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र के जरिए पुलिस की नौकरी पाई थी।

#### गृह विभाग जल्द ही करेगा कार्रवाई

एसआई ने 1998-99 में फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाया था। फिर आरक्षण का लाभ लेते हुए पुलिस विभाग में भर्ती हुआ। अब ऐसा माना जा रहा है कि कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना की रिपोर्ट पर गृह विभाग जल्द ही अमिताभ थियोफिलस के खिलाफ कार्यवाही कर सकता है।

#### गोंड जनजाति के कोई भी दस्तावेज नहीं हैं

जबलपुर के नेपियर टाउन का रहने वाला अमिताभ थियोफिलस ने 1 जुलाई 1980 को कक्षा पहली में दाखिला लिया था। उस दाखिला पत्र में धर्म क्रिश्चियन एवं जाति एसटी गोंड अंकित है। वर्ष 1980 के पहले के गोंड जनजाति के संबंध में अमिताभ अथवा उसके पूर्वजों के पास कोई भी दस्तावेज नहीं हैं। एसआई ने अपने कथन के दौरान वर्ष 1980 के पूर्व के जाति एवं निवास संबंधी कोई भी दस्तावेज नहीं दिए। जिससे स्पष्ट होता है कि अमिताभ अथवा उसके पूर्वज वर्ष 1950 की स्थिति में तहसील रांझी जिला जबलपुर में निवासरत नहीं थे। एसडीएम ने अपनी जांच में यह भी पाया कि अमिताभ प्रताप सिंह (थियोफिलस) के रीति रिवाज, संस्कृति गोंड जनजातियों के अनुसार नहीं थे। अमिताभ का दाखिला सेंट पॉल हायर सेकेण्डरी स्कूल 1075 नेपियर टाउन जबलपुर में वर्ष 1 जुलाई 1980 में कक्षा

#### जनजाति का लाभ लेने स्कूल में गौड़ लिखाया

एसडीएम ने अपनी जांच रिपोर्ट में बताया है कि अमिताभ अथवा उसके पिता स्व धीरेंद्र प्रताप सिंह ने सुनियोजित तरीके से जनजाति आरक्षण का लाभ लेने के लिए स्कूल के कक्षा पहली के दाखिला खारिज में गोंड लिखवाया है। अमिताभ के परिवार में कोई भी सदस्य रिश्तेदार अथवा नातेदार गोंड जनजाति का नहीं है। अमिताभ प्रताप सिंह द्वारा दिए गए पते 206 अंकुर अपार्टमेंट जबलपुर निवासी बताए गये हैं।

## पनागर का ग्वारीघाट में खिला रहा था क्रिकेट का सट्टा

**जबलपुर।** ग्वारीघाट पुलिस ने एक सटोरिये को गिरफ्तार कर 15 हजार 4 सौ रुपेय और एक मोबाईल जप्त किया है। आरोपी आईपीएल क्रिक्रेट का सट्टा खिला रहा था। ग्वारीघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर सिद्धघाट शिव मंदिर के पास मोबाईल के जरिये सट्टा की बुकिंग कर रहे आरोपी गांधी वार्ड पनागर निवासी प्रहलाद ठाकुर को पकड़ा, जिसके मोबाईल में सट्टे बुकिंग की लिंक मिली, साथ ही बुकिंग के15 हजार 400 रूपये जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय का अहम फैसला


# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से नहीं हो सकती धन वसूली

हरिभूमि जबलपुर।

शहडोल जिले के निवासी संतलाल झारिया, जो चतुर्थ श्रेणी (चपरासी) के पद पर कार्यरत थे, ने सेवा निवृति के पश्चात विभाग द्वारा की गई राशि वसूली को लेकर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर में याचिका दायर की थी। याचिका में यह उल्लेख किया गया कि सेवानिवृत होने के बाद विभाग ने उनके पेंशन और अन्य देयों से बिना उचित प्रक्रिया के धनवसूली का आदेश दिया, जो पूरी तरह अवैधानिक था। इस आदेश को याचिकाकर्ता ने चुनौती दी। इस मामले की सुनवाई माननीय न्यायमूर्ति श्री द्वारिकाधीश बंसल की एकलपीठ द्वारा की गई। न्यायालय ने अंतिम सुनवाई के दौरान विभाग द्वारा की गई समस्त वसूली को रद्द करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता से वसूली गई राशि 8% वार्षिक ब्याज सहित 30 दिनों के भीतर वापस लौटाई जाए।



इस प्रकरण में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता श्री हर्षित पांडे ने पक्ष रखते हुए तर्क दिया कि यह वसूली न केवल नियम विरुद्ध है, बल्कि भारत के उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) के कई निर्णयों का भी उल्लंघन है। अधिवक्ता श्री हर्षित पांडे बताया कि यह मामला शहडोल जिले का है और याचिकाकर्ता चपरासी के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवा निवृत्ति के बाद उनके पेंशन और अन्य देयों से जो राशि वसूली गई थी, वह पूरी तरह अवैधानिक थी।




## दुकान रिक्त करने के नगर पालिका परिषद पन्ना के आदेश पर स्थगन

**जबलपुर।** म. प्र. उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकल पीठ ने मुख्य नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा याचिकाकर्ता की दुकान रिक्त करने के आदेश पर स्थगन प्रदान करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी पन्ना से जवाब तलब किया है। उल्लेखनीय है कि याचिकाकर्ता मुबारक तनय के द्वारा उक्त माचिका दायर करते हुए तथ्य प्रस्तुत किए कि याचिकाकर्ता को नगर पालिका परिषद पन्ना के द्वारा पंजीकृत लीज डीड के द्वारा दुकान आवंटित की गई थी जिसमें याचिकाकर्ता फल बेचकर अपनी आजीविका चलाता था। नगर पालिका अधिकारी ने याचिकाकर्ता को इस आशय का नोटिस दिया कि दुकान का निर्माण नए तरीके से करना है व फिर नवीन एक ऑन लाइन निविदा से दुकान का आवंटन करना है. अतः 7 दिवस के भीतर दुकान रिक्त करें । याचिकाकर्ता के अनुसार उसकी लीज डीड के अस्तित्व में रहते हुए दुकान रिक्त करने का आदेश नये सिरे से आवंटन करने की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश मनमाना है और उसे सुनवाई का अवसर भी नहीं दिया गया। याचिकाकर्ता की ओर से असीम त्रिवेदी , शुभम पाटकर, विनीत टहनगुरिया ने पैरवी की।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

### विपक्ष का हमला: निगम की संपत्तियां नहीं बिकने देंगे

# कठौंदा प्लांट, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन पर सदन गर्माया






जबलपुर।

नगर निगम के पंडित भवानी प्रसाद सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित बजट बैठक में विपक्ष जमकर हमलावर रहा, विपक्षीय सदस्यों ने कहा की नगर निगम की वित्तीय हालत बहुत खराब है और निगम 18 सौ करोड़ का बजट पेश कर रहा है. बजट में प्रस्तावित रीडेंसीफीकेशन के मुद्दे पर विपक्ष ने दो टूक कहा की आपका प्लान क्या है, क्या लेकर आ रहे हो इससे कोई सरोकार नहीं, निगम की संपत्तियां हम बेचने नहीं देंगे. विपक्ष की ओर से पार्षद संतोष पंडा ने शुरुआत में ही महापौर पर झूठ बोलने और नगर सत्ता की कथनी और करनी में फर्क होने का आरोप लगाकर माहौल गर्मा दिया. उसके बाद महात्मा गांधी वार्ड के पार्षद हर्षित यादव ने नगर निगम की संपत्तियों को बेचने की प्लानिंग पर सत्ता को घेरा और कहा की हम शहर की विरासत और पहचान बिकने नहीं देंगे. नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा ने कठौंदा प्लांट कचरे से बिजली बनाने की योजना पर सवाल खड़े किये, नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एसएल कंपनी को ठेका दिया गया था. ठेका कंपनी ने उक्त जगह बैंक से लोन लिया और शर्तों का पालन नहीं करते हुये भाग खड़ी हुई. अब बैंक उस जगह का आक्शन कर रही है. इस तरह से ठेका कंपनी ने निगम को वित्तीय संकट में डाल दिया है. ऐसे में निगम धन से भी जाएगी और धर्म से भी जाएगी. पार्षद प्रमोद पटेल, मुकीमा अंसारी, वकील अंसारी शहर की सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े किए.

### चार फायर स्टेशन की घोषणा

महापौर ने अपने वक्तव्य में कहा, जगत बहादुर सिंह अन्नू ने शहर में चार नए फायर स्टेशन खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि "शहर लगातार विस्तार कर रहा है, ऐसे में अग्नि दुर्घटना की स्थिति में पांच मिनट के भीतर फायर ब्रिगेड की पहुंच सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है।"

### शहर को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाएंगे: महापौर

महापौर ने आगे कहा कि नगर निगम का लक्ष्य जल्द ही शहर को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि जो बच्चे इस गतिविधि में लिप्त हैं, उनके लिए शिक्षा और अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की जाएगी। वहीं पढ़े-लिखे, लेकिन बेरोजगारी के कारण भीख मांगने वालों के लिए नौकरी के अवसर प्रदान किए जाएंगे, ताकि उनका जीवन स्तर सुधरे और वे सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। यहां महापौर ने दावा किया कि कि नगर निगम के पास विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा, "हमारी प्राथमिकता है कि बुनियादी सुविधाएं हर नागरिक तक पहुंचे और शहर आधुनिकता की दिशा में अग्रसर हो।"

### 'क्यों झूठ बोलते हो' पर गरमाया सदन

बजट बैठक में उस समय माहौल गरमा गया जब कांग्रेस पार्षद संतोष दुबे ने महापौर पर झूठ बोलने का आरोप लगा दिया। उन्होंने कई बिंदुओं पर महापौर के बयानों को गलत बताया और चुनौती दी कि यदि उनके आरोप झूठे साबित होते हैं तो वे राजनीति से संन्यास ले लेंगे।

### बीजेपी कार्यालय पर भी गरमाई बहस...

बैठक के दौरान बीजेपी कार्यालय को लेकर भी विवाद खड़ा हो गया। कांग्रेस पार्षद संतोष पंडा ने आरोप लगाया कि पार्टी को केवल 10 हजार वर्गफीट भूमि आवंटित की गई थी, लेकिन उन्होंने 40 हजार वर्गफीट पर कब्जा कर लिया है। इस आरोप पर बीजेपी पार्षदों ने हंगामा करते हुए इसे निराधार बताया। महापौर ने भी इस पर सफाई देते हुए कहा कि कार्यालय का निर्माण पूरी तरह से वैध तरीके से हुआ है।

### मंत्री प्रतिनिधि का स्वागत

इस बीच, प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह के प्रतिनिधि के रूप में सदन में पहुंचे अभय सिंह का महापौर, नेता प्रतिपक्ष और अन्य पार्षदों द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया।



# राजस्व रिकार्ड को नवजीवन मिला

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की सकारात्मक सोच से जिले के राजस्व रिकार्ड को नवजीवन मिला है। जिसे देखने के लिए सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, नीरज सिंह ठाकुर व संतोष बरकड़े राजस्व अभिलेखागार पहुंचे। राजस्व अभिलेखागार के नवीनतम स्वरूप को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि जनता से जुडे. राजस्व रिकार्ड को आधुनिकतम रूप में लाने का यह कार्य प्रशंसनीय है। पूरे मध्यप्रदेश में रिकार्ड रूम का ऐसा ही संधारण होना आवश्यक है ताकि आमजन को राजस्व अभिलेख की नकल प्राप्त करने में कोई दिक्कत न हो। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि पहले राजस्व रिकार्ड रूम बहुत ही अस्त-व्यस्त रूप में था, जिसे वे व्यवस्थित करने का प्रयास किये हैं। साथ ही सभी रिकार्डों को स्कैन कर ऑनलाइन भी किया गया है। कोई भी व्यक्ति उक्त रिकार्ड की स्थिति के बारे में घर बैठे पता कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पहले राजस्व अभिलेख की नकल प्राप्त करने में काफी समय लगता था, लेकिन अब आम जन को सहजता से वांछित रिकार्ड सुलभता के साथ उपलब्ध हो सकेंगे। अपडेटेड राजस्व रिकार्ड रूम में 1909-10 से अभिलेख उपलब्ध हैं, जो अब सहजता से कम्प्यूटर के माध्यम से उपलब्ध हो सकेंगे।

# गाजी नगर को मिली गंदगी और हादसे से निजात

**पूर्व पार्षद की चेतावनी के बाद निगम ने हटाया डंपिंग स्टेशन**

**जबलपुर।** राज्यसभा सांसद प्रतिनिध एवं मोतीलाल नेहरू वार्ड के पूर्व पार्षद सैय्यद ताहिर अली के प्रयासों से गाजी नगर को गंदगी, बदबू, बीमारी और खौफनाक अग्नि हादसे के डर से निजात मिल गई. नगर निगम ने गाजी नगर मैदान के पास बना कचरा डम्पिंग स्टेशन हटा दिया है. यह जानकारी सोमवार सुबह निगम जोन क्रमांक 14 के सीएसआई अतुल रैकवार ने गाजी नगर पहुंचकर दी. जिसके बाद क्षेत्रीय जनों ने सैय्यद ताहिर अली का अभार व्यक्त किया. वहीं श्री ताहिर ने यहां कहा, हम नगर निगम को हमारी मांग सुनने के लिये धन्यवाद देते हैं, वहीं चेतावनी भी देते हैं यदि भविष्य में कभी यहां दोबारा कचरा डम्प करने का प्रयास हुआ तो हम यहीं फिर से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे.गौरतलब है की 12 अप्रैल को गाजी नगर मैदान में बने कचरा डम्पिंग यार्ड में आग लग गई. आग जिस जगह लगी उससे कुछ दूरी पर 300 परिवार थे, झुग्गी बस्ती में रह रहे थे. वहीं सामने गाजी बाग में शादी का कार्यक्रम चल रहा था. राहत की बात रही की आग पर समय रहते कंट्रोल पा लिया गया. जिससे खौफनाक हादसा टल गया. हादसे के बाद क्षेत्र के पूर्व पार्षद सैय्यद ताहिर अली ने नगर निगम आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों को पूरी घटना से अवगत कराया. साथ ही निगम अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर 5 दिन के अंदर गाजी नगर का कचरा डम्पिंग स्टेशन बंद करने की मांग की. ताहिर ने निगम को चेतावनी दी थी की यदि यह कचरा स्टेशन बंद नहीं हुआ तो कचरे के ढेर पर ही अनिश्चित कालीन धरना दिया जाएगा. जिसके बाद निगम अधिकारियों ने गाजी नगर से कचरा डम्पिंग स्टेशन हटाने का निर्णय लिया।

### भीषण गर्मी से जन जीवन बेचैन

# 40 डिग्री के पार पारे की तपन बरकरार



**जबलपुर।** जिले में लगातार चौथे दिन पारा 40 डिग्री के पार रहा, तेज धूप की तपन बरकरार रही. भीषण गर्मी से जनजीवन बेचैन नजर आया। मौसम का असर बाजारों पर भी दिखने लगा है दिन भर कड़ी धूप के बीच बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है।शाम ढलने के बाद बाजारों में रौनक लौटती है. गर्मी का असर देर रात तक बना रहता है। शादी विवाह के सीजन होने के बाद भी बाजारों में भीड़ सूर्यास्त के बाद ही उमड़ती है। सोमवार को भी पारा 40 डिग्री के पार रहा. दोपहर में धूप चुभ रही थी और सूर्यास्त के बाद भी गर्म हवाओं के थपेड़े चल रहे थे। भीषण गर्मी से सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। बाजारों में चहल-पहल शाम ढलने के बाद शुरु हुई। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 23.7 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातः 47 प्रतिशत और सायंकाल 35 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह प्रातःकाल 5.43 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6.34 मिनिट पर हुआ। पश्चिमी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर की प्रतिघंटे की रफ्तार से चली। प्रदेश में सबसे अधिक 44.2 डिग्री तापमान सीधी जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 37.8 और न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

## जनप्रतिनिधियों ने प्रशासनिक अधिकारियों को दी शुभकामनाएं

**जबलपुर।** सिविल सर्विस-डे पर जनप्रतिनिधियों ने प्रशासनिक अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। दिशा की बैठक के बाद सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, नीरज सिंह, संतोष बरकड़े व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया ने कलेक्टर दीपक सक्सेना, नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव आदि अधिकारियों को पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनाएं दी।

## भाजपा के चार मंडलों की कार्यकारिणी घोषित

**जबलपुर।** भाजपा जबलपुर के जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के अनुमोदन के पश्चात जबलपुर महानगर की केंट विधानसभा अंतर्गत शहीद भगत सिंह मंडल, अटल बिहारी बाजपेई मंडल, वीर सावरकर मंडल, छत्रपति शिवाजी मंडल के मंडल अध्यक्षों ने मंडल कार्यकारिणी घोषित की है। भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर, केंट विधानसभा के विधायक अशोक रोहाणी, शहीद भगतसिंह मंडल के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह सेंगर, अटल बिहारी बाजपेई मंडल के अध्यक्ष आशीष राव, वीर सावरकर के अध्यक्ष गुड्डा केवट, छत्रपति शिवाजी मंडल के अध्यक्ष सौरभ गोयल ने मंडल के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारणी सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### आवंटन के बाद राशन दुकानों में नहीं पहुंच पा रहा गेहूं

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली चरमराई

**जबलपुर।** धान घोटाले में सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों सहित राईस मिलर्स पर फर्जी वाड़े को लेकर की गई कार्यवाही का असर सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर साफ दिखाई देने लगा है। एक महीना बीत जाने के बाद आरोपी तो गिरफ्तार नहीं हो सके, लेकिन खाद्यान्न की सप्लाई और उठाओ जैसे कार्य प्रभावित होने लगे हैं। हालांकी प्रशासन का दावा है की पल्लेदारों की हड़ताल होने की वजह से कुछ कठनाई आ रही है, जिसे जल्द दूर कर लिया जाएगा। बताया गया है की पिछले वित्तीय वर्ष की समाप्ति मार्च के दौरान ही आवंटित हो चुके अप्रेल माह के खाद्यान्न कोटे के बावजूद जिले की राशन दुकानों से जरुरतमंद हितग्राहियों को गेहूं नहीं मिल पा रहा है। पूछे जाने पर सेल्समेन या राशन दुकान संचालक हितग्राहियों को यह कह कर टरका रहे हैं कि उनके पास अभी तक गेहूं का आवंटन नहीं पहुंचा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पल्लेदारों की हड़ताल हैं , जिसके चलते जिले के रिछाई, पाटन, शहपुरा, सिहोरा, कुण्डम में बने वितरण सेंटर में गेहूं समय पर नहीं पहुंच पाया जहां से राशन दुकानदारों को आवंटन मिलता है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक नुजहत बाकई ने बताया कि पल्लेदारों की समस्या है, इसलिए गाड़ियों में माल लोड नहीं हो पा रहा है जिसके कारण राशन दुकानों तक गेहूं नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने बताया कि मण्डला से श्रमिकों को बुलाया गया, जल्द ही समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि जबलपुर जिले में लगभग 14 लाख 51 हजार 953 राशन कार्डधारक हैं। 1047 नगर-निगम सीमा और ग्रामीण अंचल में राशन दुकान संचालित हो रही हैं।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह मई 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 मई से 31 मई तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 अप्रैल 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रिजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार 1100
कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________
नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।
हरिभूमि
ग्राहक प्रति
जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

# सोना हुआ सोणा... 1,650 रुपए की छलांग, एक लाख की दहलीज पर, चांदी भी मजबूत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कमजोर डॉलर और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध को लेकर अनिश्चितताओं के चलते मांग बढ़ने से राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतों में 1,650 रुपए की तेजी आई, जिससे इसका भाव एक लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के मनोवैज्ञानिक स्तर के करीब पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 99,800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। शुक्रवार को इसका मूल्य 20 रुपए घटकर 98,150 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

स्थानीय बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,600 रुपए उछलकर 99,300 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। चांदी की कीमतें भी 500 रुपए चढ़कर 98,500 रुपए प्रति किलोग्राम हो गईं। पिछले सत्र में चांदी 98,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर सपाट बंद हुई थी।

## प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत सोमवार को 99,800 रुपए

### डिलिवरी वाला सोना भी चमका

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून डिलिवरी वाले सोना वायदा का भाव 1,621 रुपए यानी 1.7 प्रतिशत बढ़कर 96,875 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 3,397.18 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंच गया। बाद में, इसका लाभ कुछ कम हुआ और यह 3,393.49 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार किया। वैश्विक स्तर पर, सोने के वायदा भाव ने 80 डॉलर प्रति औंस या 2.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ पहली बार 3,400 डॉलर के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार किया।



### कमजोर डॉलर बना कारण

कोटक महिंद्रा एएमसी के कोष प्रबंधक सतीश डोंडापति ने कहा, "इस साल, व्यापार तनाव, ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और कमजोर डॉलर के कारण सोने और चांदी की कीमतों में उल्लेखनीय उतार-चढ़ाव देखा गया है। अब तक सोने में 25 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है, जिसमें अमेरिकी प्रशासन द्वारा दो अप्रैल को शुल्क की घोषणा के बाद से छह प्रतिशत की बढ़ोतरी भी शामिल है।"

### सकारात्मक तेजी जारी

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के जिंस एवं मुद्रा शोध के ईबीजी उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, 'सोने की कीमतों में सकारात्मक तेजी जारी रही और यह 3,400 डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंच गई। व्यापार शुल्क संबंधी अनिश्चितता, अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि से सोने को समर्थन मिल रहा है।' एशियाई कारोबार के घंटों में हाजिर चांदी लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 32.85 डॉलर प्रति औंस हो गई।

## खबर संक्षेप

### एलआईसी ने बैंक ऑफ बड़ौदा में बढ़ाई हिस्सेदारी




**नई दिल्ली।** बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एलआईसी ने सोमवार को कहा कि उसने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा में अपनी हिस्सेदारी करीब दो प्रतिशत बढ़ाकर 7.05 प्रतिशत कर ली है। भारतीय जीवन बीमा निगम ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने डेढ़ साल की अवधि में खुले बाजार से 10.45 करोड़ अतिरिक्त शेयर खरीदे हैं।

### इंटरआर्क को मिला 300 करोड़ रुपए का ऑर्डर




**नई दिल्ली।** निर्माण समाधान प्रदाता इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड को एक टायर विनिर्माण कंपनी से 300 करोड़ रुपये से अधिक का ऑर्डर मिला है। इंटरआर्क ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, "इंटरआर्क बिल्डिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड ने भारतीय पीईबी उद्योग में अब तक का सबसे बड़ा एकल पीईबी ऑर्डर हासिल किया है।

### एआई उपकरणों की बिक्री बढ़ाने बनाई नई योजना



**नई दिल्ली।** प्रमुख उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने यहां अत्यधिक प्रतिस्पर्धी घरेलू उपकरण बाजार में अपनी वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय भाषाओं और भारत से संबंधित विशिष्ट सुविधाओं के लिए एआई आधारित फीचर पेश किए हैं। दक्षिण कोरियाई कंपनी के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

### सरकार अब हर महीने जारी करेगी बेरोजगारी के आंकड़े



**मुंबई।** सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि सरकार 15 मई से बेरोजगारी के आंकड़े तिमाही आधार पर जारी करने के बजाय मासिक आधार पर जारी करना शुरू करेगी। 15 मई को जारी होने वाले आंकड़ों में जनवरी, फरवरी और मार्च के आंकड़े शामिल होंगे और उसके बाद हर महीने के आंकड़े जारी किए जाएंगे।

### 30 करोड़ डॉलर जुटाने की खबरों का खंडन



**नई दिल्ली।** विविध क्षेत्रों में कार्यरत ओला समूह की कृत्रिम मेधा इकाई 'कृत्रिम' ने सोमवार को कंपनी की 30 करोड़ डॉलर जुटाने की योजना पर खबरों का खंडन किया। एक रिपोर्ट में 30 करोड़ डॉलर जुटाने के लिए एआई उद्यम योजना की बात कही गई है। लेख में गलत तरीके से यह कहा गया है कि कृत्रिम बाहरी इक्विटी पूंजी जुटाने के लिए बातचीत कर रही है।

### एयरटेल ने 'अलर्ट' का दायरा अंतरराष्ट्रीय स्तर तक बढ़ाया




**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल ने स्पैम (अवांछनीय कॉल या एसएमएस) के खिलाफ अपने जारी अभियान में सोमवार को दो नए फीचर की घोषणा की। कंपनी ने स्पैम की पहचान के लिए ग्राहकों को सतर्क करने का दायरा अंतरराष्ट्रीय कॉल और एसएमएस तक बढ़ा दिया है । पिछले छह महीनों में इस तरह के प्रयासों में 12 प्रतिशत की वृद्धि के बीच अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के माध्यम से भारत में आने वाले स्पैम कॉल की बढ़ती और खतरनाक प्रवृत्ति को खत्म किया जा सकेगा।

## सेंसेक्स 855.30 अंक उछलकर 79,408.50 पर बंद

# निवेशक मालामाल ! पांच दिन में 32 लाख करोड़ रुपए बढ़ी संपत्ति

### निफ्टी 24,000 अंक के पार

जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'बाजार पर तेजड़ियो हावी रहे, जिससे निफ्टी पिछले तीन महीने से अधिक समय में तीसरे प्रयास में 24,000 अंक के पार पहुंच गया और बैंक निफ्टी नई ऊंचाई पर पहुंच गया। अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की संभावना बाजार धारणा को मजबूत कर रहा है।'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

शेयर बाजार में पिछले पांच दिन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी से सोमवार तक निवेशकों की संपत्ति 32 लाख करोड़ रुपए बढ़ी है। इस दौरान विदेशी कोषों की लिवाली और व्यापक तेजी से कारोबारी भावनाएं मजबूत हुईं। सोमवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 855.30 अंक या 1.09 प्रतिशत उछलकर 79,408.50 पर बंद हुआ। पिछले पांच दिन में सेंसेक्स 5,561.35 अंक या 7.53 प्रतिशत बढ़ा है।

पांच कारोबारी दिनों में बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 32,03,295.8 करोड़ रुपए बढ़कर 4,25,85,629.02 करोड़ रुपए (5,000 अरब अमेरिकी डॉलर) हो गया। लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक सतीश चंद्र अलूरी ने कहा, 'बाजार में तेज शुरुआत हुई और पूरे दिन बढ़त जारी रही। सप्ताहांत में बैंकों की मजबूत आय ने कारोबारी धारणा को मजबूत किया। इसे सकारात्मक घरेलू संकेतों का लाभ भी मिला।' उन्होंने कहा कि कंपनियों के तिमाही नतीजों को लेकर उत्साह है, क्योंकि दिग्गज बैंकों ने सकारात्मक टिप्पणियों के साथ अनुमान से काफी बेहतर नतीजे पेश किए हैं।



### संपत्ति गुणवत्ता में सुधार

बैंकों में संपत्ति गुणवत्ता में सुधार और कर्ज में अच्छी वृद्धि से बैंक शेयरों के प्रति निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 4,667.94 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। बीएसई के 2,918 शेयर लाभ में जबकि 1,168 शेयर नुकसान में रहे।

### टैरिफ वॉर नुकसान की हुई पूरी भरपाई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दो अप्रैल को जवाबी शुल्क लगाये जाने की घोषणा के बाद शेयर बाजार में जितना नुकसान हुआ था, उसकी पूरी भरपाई अब हो चुकी है। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एशियन पेंट्स और नेस्ले शामिल हैं। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के शेयर में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई।

### आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार चढ़ा

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 855 अंक से अधिक चढ़कर 79,000 अंक के स्तर से ऊपर रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 24,100 अंक के पार पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली के साथ कंपनियों के बेहतर तिमाही नतीजों के बाद बैंक और आईटी शेयरों में खरीदारी से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 855.30 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,000 अंक के ऊपर 79,408.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,081.85 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 273.90 अंक यानी 1.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,125.55 अंक पर बंद हुआ। पांच दिनों की तेजी में सेंसेक्स 5,561.35 अंक यानी सात प्रतिशत से अधिक लाभ में रहा है, जबकि निफ्टी 1,726.40 अंक चढ़ा है।

# भारत को विकसित देश बनने सालाना पैदा करनी होंगी 80 लाख नौकरियां

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क



भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि भारत को 2047 तक विकसित देश बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अगले 10-12 वर्षों तक प्रति वर्ष कम से कम 80 लाख नौकरियां पैदा करनी होंगी तथा सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी बढ़ानी होगी। नागेश्वरन ने यहां कहा, हमारा दृष्टिकोण 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य हासिल करना है। भारत के आकार के अलावा सबसे बड़ी चुनौती यह है कि अगले 10-20 वर्षों तक बाहरी वातावरण उतना अनुकूल नहीं रहने वाला है, जितना 1990 के बाद पिछले 30 वर्षों में रहा होगा। इस संदर्भ में यह तो तय है कि आप एक सीमा से आगे अपना बाह्य वातावरण नहीं चुन सकते - हमें कम से कम अगले 10 से 12 वर्षों तक प्रति वर्ष 80 लाख नौकरियां पैदा करनी होंगी और जीडीपी में विनिर्माण का हिस्सा बढ़ाना होगा।

### चीन विनिर्माण में आगे

हमें यह देखना होगा कि चीन ने विनिर्माण में, खासकर कोविड महामारी के बाद जबरदस्त प्रभुत्व हासिल कर लिया है। नागेश्वरन कोलंबिया विश्वविद्यालय के 'स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स' में भारतीय आर्थिक नीतियों पर 'दीपक और नीरा राज केंद्र' द्वारा आयोजित 'कोलंबिया भारत शिखर सम्मेलन-2025' को संबोधित कर रहे थे।

# चीनी हितों को दरकिनार करने पर दी जवाबी कार्रवाई की धमकी

एजेंसी ⏭ बीजिंग



चीन ने सोमवार को धमकी दी कि वह चीनी हितों की कीमत पर अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करने की कोशिश करने वाले देशों पर जवाबी कार्रवाई करेगा।
सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह टिप्पणी उन रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए की, जिनमें कहा गया था कि अमेरिका, शुल्क छूट के बदले में चीन के साथ व्यापार संबंधों को सीमित करने के लिए अन्य देशों पर दबाव बनाने की तैयारी कर रहा है।

■ अमेरिका के साथ संभल कर व्यापार समझौता करें देश

प्रवक्ता ने बयान में कहा कि चीन, अमेरिका और उसके व्यापारिक साझेदारों के बीच चीनी हितों की कीमत पर किए जाने वाले किसी भी समझौते का दृढ़ता से विरोध करता है। बयान में कहा गया, "यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो चीन इसे स्वीकार नहीं करेगा और दृढ़तापूर्वक इसके अनुरूप जवाबी कदम उठाएगा।" इसमें कहा गया है कि चीन को समाधान करने का अधिकार है और अपने वैध अधिकारों और हितों की रक्षा करने की क्षमता भी है।

### चीन, अमेरिका के साथ समान शर्तों पर जुड़े भारत

**नई दिल्ली।** शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने सोमवार को कहा कि भारत को चीन और अमेरिका के साथ समान शर्तों पर जुड़ना चाहिए और यह जुड़ाव बाहरी दबाव के बजाय उसकी रणनीतिक स्वायत्तता, आर्थिक हित और वैश्विक व्यापार सिद्धांतों पर आधारित होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि चीन ने आगाह किया है कि वह उन देशों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करेगा जो चीनी हितों की कीमत पर अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करते हैं। जीटीआरई ने यह बात इसी संदर्भ में कही है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने कहा कि चीन को अलग-थलग करने के अमेरिकी प्रयासों के साथ जुड़ने वाले देशों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की चीन की चेतावनी को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की वास्तविकताओं के हिसाब से देखा जाना चाहिए।

## धोखाधड़ी से आईटीसी पास कराने वाली 25,009 फर्जी कंपनियों का पता चला




**नई दिल्ली।** केंद्रीय और राज्य जीएसटी अधिकारियों ने 2024-25 के दौरान 61,545 करोड़ रुपये के इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) को धोखाधड़ी से पास करने में शामिल 25,009 फर्जी फर्मों का पता लगाया है। 2025 में समाप्त वित्त वर्ष के दौरान आईटीसी को रोक कर कुल 1,924 करोड़ रुपये वसूल किए और 168 लोगों को गिरफ्तार किया गया। केंद्रीय और राज्य जीएसटी अधिकारियों ने आईटीसी धोखाधड़ी के जो मामले पकड़े, उनके अनुसार दो वर्षों 2023-24 और 2024-25 में 42,140 फर्जी कंपनियों का पता चला, जो 1.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक की आईटीसी धोखाधड़ी में शामिल थीं। इस दौरान आईटीसी को रोक कर कुल 3,107 करोड़ रुपये वसूले गए और 316 गिरफ्तारियां की गईं।

# बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर सुस्त पड़कर रही 3.8 प्रतिशत

■ उर्वरक उत्पादन मार्च में 8 .8 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर मार्च में सुस्त पड़कर 3.8 प्रतिशत रही है। एक साल पहले इसी महीने में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 6.3 प्रतिशत बढ़ा था। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मासिक आधार पर इन उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में 3.4 प्रतिशत के मुकाबले थोड़ी अधिक है। मार्च में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट आई।

आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य महीने में कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, इस्पात और बिजली उत्पादन में क्रमशः 1.6 प्रतिशत, 0.2 प्रतिशत, 7.1 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत की हल्की वृद्धि हुई। उर्वरक उत्पादन मार्च में 8.8 प्रतिशत बढ़ा जबकि पिछले साल इसी महीने में इसमें 1.3 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सीमेंट उत्पादन बीते महीने 11.6 प्रतिशत बढ़ा जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 10.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। बुनियादी उद्योगों...कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली... की वृद्धि दर बीते वित्त वर्ष 2024-25 में 4.4 प्रतिशत रही। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में यह 7.6 प्रतिशत थी।

## 990 मेगावाट की योजना का किया क्रियान्वयन ...



**नई दिल्ली।** पवन ऊर्जा समाधान प्रदाता आईनॉक्स विंड लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि हस्ताक्षरित 1,500 मेगावाट फ्रेमवर्क समझौते में से 990 मेगावाट 'टर्नकी' ऑर्डर का निष्पादन गुजरात, राजस्थान और मध्यप्रदेश में कई स्थानों पर जोरों पर है। कंपनी ने बयान में कहा कि आईनॉक्स विंड को इन परियोजनाओं से संबंधित सभी अग्रिम प्राप्त हो गए हैं और चालू वित्त वर्ष से कई चरणों में परिचालन की उम्मीद है। कंपनी ने सीईएससी लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी पूर्वा ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड के साथ 1,500 मेगावाट फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

# ट्रैक्टर की बिक्री रिकॉर्ड 9.75 लाख इकाई रहने का अनुमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



प्रमुख नकदी फसलों के लिए उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य, बेहतर प्रतिस्थापन और सामान्य से अधिक मानसून की उम्मीद के बीच निर्माण मांग से घरेलू ट्रैक्टर की बिक्री चालू वित्त वर्ष में तीन से पांच प्रतिशत की दर से बढ़कर लगभग 9.75 लाख इकाई के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। आंकड़ा कंपनी क्रिसिल रेटिंग्स ने एक बयान में कहा कि भारतीय ट्रैक्टर उद्योग में 4,000 करोड़ रुपए का रणनीतिक पूंजीगत व्यय चक्र आने वाला है, जिसमें क्षमता उपयोग 75-80 प्रतिशत के इष्टतम स्तर के करीब है और 'ट्रेम-वी' के तहत स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसमें कहा गया है कि 'ट्रेम वी' का उत्सर्जन मानदंड एक अप्रैल, 2026 से लागू होने की उम्मीद है। वित्त वर्ष के अंत में पूर्व-खरीदारी भी मात्रा को बढ़ावा दे सकती है।

इसमें कहा गया, परिणामस्वरूप, चालू वित्त वर्ष में ट्रैक्टर की बिक्री वित्त वर्ष 2022-23 में प्राप्त 9.45 लाख इकाइयों के शिखर को पार करने की उम्मीद है।

### किसानों का विश्वास मजबूत होगा

क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में बिक्री में सात प्रतिशत की अच्छी वृद्धि हुई। क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग के सामान्य से अधिक मानसून के पूर्वानुमान से ग्रामीण भावना में सुधार आएगा और किसानों का विश्वास मजबूत होगा, जो ट्रैक्टर जैसे कृषि निवेश को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है।

## चालू वर्ष में निर्यात 6.5 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर सकता है

# चमड़ा, जूता निर्यात 25 फीसदी बढ़कर 5.7 अरब डॉलर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


देश के चमड़ा, गैर-चमड़ा जूते और उत्पादों का निर्यात सालाना आधार पर लगभग 25 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 5.7 अरब डॉलर का हो गया। चालू वित्त वर्ष में निर्यात 6.5 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर सकता है। निर्यातकों के निकाय सीएलई ने सोमवार को यह जानकारी दी है। चमड़ा निर्यात परिषद ने कहा कि विकसित और विकासशील दोनों देशों ओर से मांग कहीं बेहतर है।

सीएलई के कार्यकारी निदेशक आर सेल्वम ने कहा, ''2024-25 में, हमने, वाणिज्य विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य को एक अरब डॉलर अधिक के साथ पार कर लिया है और इस प्रवृत्ति को देखते हुए, हमारा निर्यात 2025-26 में 6.5 अरब डॉलर के स्तर को लांघ जाएगा।'

उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद यह क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। इसी तरह सीएलई के चेयरमैन राजेंद्र कुमार जालान ने कहा कि भारत के प्रमुख निर्यात गंतव्य-अमेरिका और ब्रिटेन दोनों में निर्यात अच्छा चल रहा है। जालान ने कहा कि 10 प्रतिशत शुल्क वृद्धि के कारण सभी निर्यातक खरीदारों को छूट दे रहे हैं, लेकिन कोई ऑर्डर रद्द नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, '14-15 अप्रैल से स्थिति सामान्य है। हमने अमेरिका के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते में सरकार को 'शून्य-के-लिए-शून्य' शुल्क का सुझाव दिया है।'

### अमेरिका और ब्रिटेन से भारी मांग

आने वाले महीनों के लिए ऑर्डर बुक अच्छी है और अमेरिका और ब्रिटेन से भारी मांग आ रही है। उन्होंने बताया कि यह उद्योग, श्रम गहनता वाला है, जो लगभग 42 लाख लोगों को रोजगार प्रदान करता है। इस क्षेत्र का कुल कारोबार लगभग 19 अरब डॉलर का है, जिसमें पांच अरब डॉलर का निर्यात भी शामिल है। उद्योग के अनुसार, इस क्षेत्र में वर्ष 2030 तक लगभग 39 अरब डॉलर का कुल कारोबार तक पहुंचने की क्षमता है, जिसमें 25 अरब डॉलर का घरेलू उत्पादन और 13.7 अरब डॉलर का निर्यात कारोबार शामिल होगा। उद्योग ने यह भी कहा कि कई चीनी निवेशक भारत में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए भारतीय फुटवियर कंपनियों के साथ हाथ मिलाने के इच्छुक हैं।



## रियल एस्टेट क्षेत्र ने 74 हजार करोड़ जुटाए



**नई दिल्ली।** वैकल्पिक निवेश कोषों ने दिसंबर, 2024 तक भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में कुल मिलाकर लगभग 74,000 करोड़ रुपए का निवेश किया है, जो सभी क्षेत्रों में सबसे अधिक है। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी एनारॉक ने यह जानकारी दी। एआईएफ का अर्थ भारत में स्थापित या गठित किसी कोष से है। यह निजी रूप से निवेश जुटाने का माध्यम है। एआईएफ अपने निवेशकों के लाभ के लिए एक परिभाषित निवेश नीति के अनुरूप भारतीय या विदेशी निवेशकों से धन जुटाता है।

## चिंतन

# लोकसेवा को भ्रष्टाचारमुक्त व जवाबदेह बनाने की जरूरत

सरकार चाहे नीतियां बनाएं या बजट, तीन बातों को ध्यान में रखकर काम करती है। अल्प अवधि यानी तत्काल की जरूरत, मध्य अवधि की आवश्यकता और दीर्घ अवधि की योजना। कार्ययोजना चालू वर्ष, अगले तीन वर्ष और पांच वर्ष के लिए तैयार की जाती है। पिछले एक दशक से सरकार कुछ इसी पैटर्न पर काम कर रही है। सरकार ने लंबी अवधि योजना के तहत वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य भी अपने लिए रखा है। लेकिन सभी स्तर की योजनाओं के क्रियान्वयन में लोक सेवक या प्रशासनिक अधिकारियों की अहम भूमिका है। भारत की विकास यात्रा और नीति निर्माण में लोक सेवक रीढ़ की भूमिका निभाते हैं। यह खासियत भी है और कमियां भी हैं। योग्य व श्रेष्ठ ब्रेन लोक सेवा में आते हैं, लेकिन हमारी प्रशासनिक कार्यप्रणाली में इतनी जड़ता, बाबूइज्म, सुस्ती व भ्रष्टाचार हैं कि नीति निर्माण से लेकर उसके क्रियान्वयन तक की प्रक्रिया अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाते हैं। आजादी के बाद से ही अंग्रेजी ढर्रे पर चल रहे प्रशासनिक ढांचे में समय समय पर यूं तो अनेक बार सुधार किए गए हैं, इसके बावजूद इसका मूल चरित्र लोकोन्मुखी नहीं हो सका है। देश के प्रशासनिक ढांचे में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। 21 अप्रैल को हर वर्ष सिविल सेवा दिवस मनाया जाता है, इस दिन लोक सेवकों को अपने कामकाज का अवलोकन करने का अवसर मिलता है। देश के पहले गृहमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने वर्ष 1947 में इसी दिन दिल्ली के मेटकाफ हाउस में परिवीक्षाधीन प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को संबोधित किया था और लोक सेवकों को 'भारत का स्टील फ्रेम' कहा था। देश का प्रशासनिक ढांचा आज भी स्टील फ्रेम की तरह मजबूत है, लेकिन भारतीयता, स्थानीय जरूरत, स्वदेशी ढांचा, पारदर्शिता, जवाबदेही, समयबद्धता, गतिशीलता जैसे लक्षणों से दूर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय प्रशासनिक ढांचे की जड़ता की ओर ध्यान दिलाते हुए विज्ञान भवन में लोक सेवकों के साथ अपने संवाद में दो टूक कहा कि, 'भारत की नौकरशाही और नीति निर्माण प्रक्रिया पुराने ढर्रे पर नहीं चल सकती।' पीएम ने औद्योगीकरण और उद्यमिता की गति को नियंत्रित करने वाले नियामक के रूप में नौकरशाही की पुरानी भूमिका का जिक्र करते हुए इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्र इस मानसिकता से आगे बढ़ चुका है और अब ऐसा माहौल बना रहा है जो आम नागरिकों के बीच उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है एवं उन्हें बाधाओं से निपटने में मदद करता है। इसलिए सिविल सेवाओं को अपने में बदलाव कर नियम पुस्तिकाओं का मात्र रखवाला न बनकर, विकास का सूत्रधार बनना चाहिए। देश का शासन मॉडल अब अगली पीढ़ी के सुधारों पर केंद्रित है तथा सरकार एवं आम नागरिकों के बीच की खाई को पाटने के लिए प्रौद्योगिकी एवं नई प्रक्रियाओं का सहारा लिया जा रहा है। हाल के वर्षों में सरकार ने नागरिक सशक्तिकरण, सेवा वितरण में सुधार, डिजिटल गैप को पाटने व प्रशासनिक क्षमता में वृद्धि के लिए कदम उठाए हैं। सिविल सेवा को दक्ष, प्रतिस्पर्धी और प्रभावी बनाने के लिए मिशन कर्मयोगी, लेटरल एंट्री, ई-समीक्षा, ई-ऑफिस, सिटीज़न चार्टर, सुशासन सूचकांक जैसे उपाय किए गए हैं। इन सुधारों का मुख्य उद्देश्य लोकसेवा को अधिक कुशल, पारदर्शी, भ्रष्टाचार मुक्त और जवाबदेह बनाना है। हालांकि 1966 और 2005 के प्रशासनिक सुधार आयोगों की सिफारिशें अभी भी लागू होने का इंतजार कर कर रही हैं। सिविल सेवकों के कामकाज व सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का सोशल ऑडिट आवश्यक है। सिविल सेवा को अधिक जवाबदेह, लोकोन्मुख और परिणामोन्मुखी बनाने की आवश्यकता है।

## सारा संसार



गोबिंद सागर झील सतलुज नदी पर बने भाखड़ा बांध के पानी से बनी एक मानव निर्मित झील है जो 170 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैली हुई है जो 90 किलोमीटर लंबी है। अपने स्थान और हिमालय पर्वतमाला से निकटता के कारण, झील हरे-भरे हरियाली और हर मोड़ पर शांति की आभा से घिरी हुई है।

# यूएस से कारोबार की नई उम्मीदें



**वेंस की यात्रा**
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा पर पूरे देश और दुनिया की निगाहें लगी हुई हैं। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शुल्क के मुद्दे और भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिए जाने के मद्देनजर बातचीत को तेजी से आगे बढ़ाने सहित भारत-अमेरिका संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर भी वार्ता होगी। उम्मीद करें कि वेंस की भारत यात्रा के दौरान भारत के साथ शुल्क के मुद्दे और भारत-अमेरिका के बीच हुए नए कारोबार समझौते को वर्ष 2025 के अंत तक अंतिम आकार दिए जाने के लक्ष्य के मद्देनजर लाभप्रद होगी। साथ ही इससे भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार का नया दौर आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा।

इक्कीस से 24 अप्रैल तक अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा पर पूरे देश और दुनिया की निगाहें लगी हुई हैं। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शुल्क के मुद्दे और भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिए जाने के मद्देनजर बातचीत को तेजी से आगे बढ़ाने सहित भारत-अमेरिका संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर भी वार्ता होगी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 18 अप्रैल को प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी सहयोगी और अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क के बीच प्रौद्योगिकी और नवाचार में साझेदारी तथा आपसी कारोबार हित संबंधी मुद्दों पर प्रभावी चर्चा हुई है।

गौरतलब है कि विगत 13 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप एक हाथ से देने और दूसरे से लेने में कामयाब दिखाई दिए हैं। इस वार्ता के दौरान भारत और अमेरिका ने व्यापार निवेश, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में कारोबार तथा वैश्विक व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने पर आधारित नए द्विपक्षीय कारोबार समझौते की रूपरेखा पर सहमति जताई है। दोनों देशों ने अमेरिका के व्यापार घाटे को कम करने, व्यापार पर गतिरोध के बीच टैरिफ को कम करने, अधिक अमेरिकी तेल, गैस और लड़ाकू विमानों की खरीदी के बारे में बात करने और रियायतों पर भी सहमति जताई है। दोनों देशों ने द्विपक्षीय समझौते के तहत भारत और अमेरिका के बीच वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार के लिए 500 अरब डालर का लक्ष्य निर्धारित किया है। साथ ही भारत और अमेरिका भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे के निर्माण के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। इस परिप्रेक्ष्य में विगत 9 अप्रैल को अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने व्हाइट हाऊस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पूरी दुनिया में भारत ऐसे पहले देश के रूप में सामने आया है, जो अमेरिका के साथ सबसे पहले टैरिफ पर प्रभावी बातचीत करते हुए दिखाई दे रहा है। भारत-अमेरिका के बीच बीटीए को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित किया गया है। यह भारत की टैरिफ कूटनीति की ही जीत है कि ट्रंप द्वारा चीन पर 245 फीसदी टैरिफ लागू कर दिया गया है और भारत पर लगाए गए 26 फीसदी टैरिफ को 90 दिनों तक स्थगित कर दिया गया है। ऐसे में भारत के कई प्रमुख उद्योग क्षेत्र लाभान्वित हो सकते हैं। इनमें आईटी, टेक्सटाइल और परिधान और सेमीकंडक्टर उद्योग आदि शामिल हैं। निःसंदेह अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध में भारत का यह रणनीतिक मंथन है कि मित्र देश अमेरिका से भारत को अधिक लाभ हो सकते हैं। हाल ही में प्रकाशित विदेश व्यापार के आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका लगातार चौथी बार भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। साथ ही दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 131.84 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह महत्वपूर्ण है कि पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को भारत का निर्यात 11.6 प्रतिशत बढ़कर 86.51 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 77.52 अरब डॉलर था। 2024-25 में



अमेरिका से आयात 7.44 प्रतिशत बढ़कर 45.33 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 42.2 अरब डॉलर था। अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 41.18 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो 2023-24 में 35.32 अरब डॉलर था।

यदि हम भारत के द्वारा अमेरिका को किए गए मुख्य निर्यात को देखें तो पाते हैं कि पिछले वर्ष अमेरिका को किए गए निर्यात में औषधि निर्माण व जैविक (8.1 अरब डॉलर), दूरसंचार उपकरण (6.5 अरब डॉलर), कीमती व अर्ध-कीमती पत्थर (5.3 अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (4.1 अरब डॉलर), सोना व अन्य कीमती धातु के आभूषण (3.2 अरब डॉलर), सहायक उपकरण सहित सूती तैयार वस्त्र (2.8 अरब डॉलर) और लोहा व इस्पात के उत्पाद (2.7 अरब डॉलर) शामिल हैं। अमेरिका से भारत वाले आयात में कच्चा तेल (4.5 अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (3.6 अरब डॉलर), कोयला, कोक (3.4 अरब डॉलर), कटे व पॉलिश किए हुए हीरे (2.6 अरब डॉलर), इलेक्ट्रिक मशीनरी (1.4 अरब डॉलर), विमान, अंतरिक्ष यान तथा उसके पुर्जे (1.3 अरब डॉलर) और सोना (1.3 अरब डॉलर) शामिल है। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि भारत में प्रधानमंत्री के तौर पर बीते 11 सालों में अमेरिका के साथ भारत के आर्थिक और कारोबारी रिश्ते मजबूत रहे हैं और भारत का अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ा है। यह द्विपक्षीय कारोबार वित्त वर्ष 2013-14 में महज 61.5 अरब डॉलर था, वह वित्त वर्ष 2024-25 में 131.84 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। इतना ही नहीं अमेरिका से भारत में किया गया एफडीआई भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर है। यह भी उल्लेखनीय है कि जहां अमेरिका के साथ भारत का कारोबार बढ़ना भारत के लिए लाभप्रद है, वहीं चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार भारत के लिए हानिप्रद है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। चिंताजनक यह भी है कि चीन से 2024-25 में आयात 11.52 प्रतिशत बढ़कर 113.45 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था। चीन के साथ व्यापार घाटा पिछले वित्त वर्ष में करीब 17 प्रतिशत बढ़कर 99.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 85.07 अरब अमेरिकी डॉलर था। चीन 2024-25 में 127.7 अरब अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। दोनों देशों में 2023-24 में 118.4 अरब अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। यद्यपि इस समय सरकार अमेरिका और चीन के टैरिफ वॉर के बीच घरेलू उद्योगों के संरक्षण के लिए राहत देने की तैयारी कर रही है, लेकिन अब टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा, अनुसंधान व विकास पर भी अधिक ध्यान दिया जाना होगा। कृषि तथा श्रम सहित अन्य सुधारों के क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। जीएसटी को सरल बनाना होगा। लॉजिस्टिक्स व बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाना होगा। देश को अधिक डिजिटल महारत हासिल करनी होगी। भारत को सेवा निर्यात और तेजी से बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। चूंकि अमेरिका ने चीन से अपने देश में आने वाले उत्पादों पर ज्यादा शुल्क लगा दिया है, ऐसे में भारत की ओर चीनी सामान की डंपिंग शुरू हो गई है। इसे देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों के भारतीय उद्यमियों और कारोबारियों की घरेलू बाजार में चीनी सामान की 'डंपिंग' को लेकर चिंताओं पर ध्यान दिया जाना होगा।

हम उम्मीद करें कि जेडी वेंस की भारत यात्रा के दौरान भारत के साथ शुल्क के मुद्दे और भारत-अमेरिका के बीच हुए नए कारोबार समझौते को वर्ष 2025 के अंत तक अंतिम आकार दिए जाने के लक्ष्य के मद्देनजर लाभप्रद होगी। साथ ही इससे भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार का नया दौर आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सुख-शांति से जीवन जीने की कला



संकलित
**दर्शन**

भगवान महावीर, जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर न केवल एक महान तपस्वी थे बल्कि एक महान दार्शनिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शक भी थे। उनके उपदेश आज भी मानव जीवन को दिशा देने वाले हैं। उन्होंने जिन पांच मूल सिद्धांतों-अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह की शिक्षा दी, वे आज के तनावपूर्ण और भौतिकतावादी युग में भी सुख-शांति का मार्ग दिखाते हैं। अगर हम उनके बताए मार्गों को अपने जीवन में उतारें, तो न केवल व्यक्तिगत स्तर पर सुख-शांति पा सकते हैं, बल्कि समाज और विश्व में भी करुणा, नैतिकता और अहिंसा की भावना को जागृत कर सकते हैं। भगवान महावीर का मार्ग समयातीत है-हर युग में प्रासंगिक और हर मनुष्य के लिए उपयोगी। भगवान महावीर स्वामी का प्रमुख संदेश था- अहिंसा परमो धर्मः। भगवान महावीर ने सत्य को आत्मा की शक्ति बताया। जो वस्तु हमारी नहीं है, उसे न लेना ही अचौर्य है। यह न केवल बाह्य चोरी से संबंधित है, बल्कि मानसिक और नैतिक स्तर पर भी लालच न करने की प्रेरणा देता है। आज जब भोगवादी प्रवृत्तियां चरम पर हैं, यह सूत्र संयम और संतोष का मार्ग दिखाता है। ह्मचर्य का तात्पर्य केवल शारीरिक संयम नहीं, बल्कि इंद्रियों की संपूर्ण नियंत्रण से है। यह व्यक्ति को मानसिक स्थिरता, आत्मानुशासन और ध्यान की शक्ति देता है। आधुनिक जीवन की दौड़ में यह सूत्र आत्म-शक्ति और जीवन-संतुलन बनाए रखने में सहायक हो सकता है।

## जीवन भर काम आएंगी ये बातें



संकलित
**प्रेरणा**

चाणक्य नीति को जीवन के गहन रहस्यों की कुंजी माना जाता है। आचार्य चाणक्य, जिनकी दूरदृष्टि, नीति निपुणता और तीक्ष्ण बुद्धि ने एक पूरे साम्राज्य की नींव रखी। यदि किसी धर्म में दया का भाव नहीं है, तो वह केवल एक खोखला आडंबर बन जाता है-ऐसे धर्म को त्याग देना चाहिए। उसी प्रकार जो गुरु ज्ञानहीन हो, पत्नी सदैव क्रोधित रहे और जो बंधुजनों में स्नेह न हो, उन्हें भी त्याग देना चाहिए। आचार्य चाणक्य के अनुसार आज जब समाज में दिखावे और आडंबर का बोलबाला है, यह श्लोक हमें बताता है कि असली मूल्य भावनाओं का है, आचरण का है। रिश्ते तब तक मूल्यवान हैं जब तक उनमें स्नेह, सहयोग और करुणा हो। यदि कोई रिश्ता केवल तनाव और क्रोध से भरा हो, तो वह आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए विषाक्त हो सकता है। ऐसे में बुद्धिमत्ता इसी में है कि व्यक्ति ऐसे संबंधों से दूरी बना ले जो जीवन को बोझ बना दें। जैसे सोने की परख उसे घिसने, काटने, तपाने और पीटने से होती है, वैसे ही मनुष्य की असली पहचान उसके त्याग, शील (चरित्र), गुण और कर्म से होती है। आधुनिक युग में जहां व्यक्ति को उसके बाहरी लिबास और सोशल स्टेटस से आंका जाता है। आचार्य चाणक्य का यह श्लोक याद दिलाता है कि सच्ची पहचान परिस्थितियों में दिखती है। जब समय कठिन होता है, तब ही असली चरित्र सामने आता है। ये पंक्तियां आज के नेताओं, शिक्षकों, माता-पिता और हर आम इंसान के लिए मार्गदर्शन का काम करती हैं क्योंकि जीवन का मूल्य उसकी आंतरिक गुणवत्ता से होता है, ना कि उसकी चमक-धमक से।

## विश्व पृथ्वी दिवस
रोहित कौशिक



# सिर्फ नारों से नहीं बचेगी धरती

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज धरती को बचाने के लिए भाषणबाजी तो बहुत होती है, लेकिन धरातल पर काम नहीं हो पाता है। यही कारण है कि धरती और पर्यावरण की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। जिस तरह से मौसम चक्र बिगड़ रहा है, वह हम सबके साथ समाज के उस वर्ग के लिए भी चिंता का विषय है जो ग्लोबल वार्मिंग पर चर्चा करने को फैशन मानने लगा था। दरअसल इन दिनों सम्पूर्ण विश्व में धरती बचाने के नारे जोर-शोर से सुने जा सकते हैं, लेकिन जब नारे लगाने वाले ही अभियान की हवा निकालने में लगे हों, तो धरती पर संकट के बादल मंडराने तय हैं। आज विभिन्न देशों में अनेक मंचों से जो धरती बचाओ आन्दोलन चलाए जा रहे हैं, उनमें एक अजीब विरोधाभास दिखाई दे रहा है। धरती सभी बचाना चाहते हैं, लेकिन अपने नहीं दूसरों के त्याग की कीमत पर। स्थायी विकास, ग्रीन इकोनॉमी और पर्यावरण संबंधी विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा जरूरी है लेकिन इसका फायदा तभी होगा जब हम व्यापक दृष्टि से सभी देशों के हितों पर ध्यान देंगे। गौरतलब है कि ग्रीन इकोनॉमी के तहत पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना सभी वर्गों की तरक्की वाली अर्थव्यवस्था का निर्माण करना शामिल है लेकिन हरित अर्थव्यवस्था के उद्देश्यों के क्रियान्वयन के लिए विकसित देश, विकासशील देशों की अपेक्षित सहायता नहीं करते। स्पष्ट है कि विकसित देशों की हठधर्मिता की वजह से पर्यावरण के विभिन्न मुद्दों पर कोई स्पष्ट नीति नहीं बन पाती है। वास्तव में हम पिछले अनेक दशकों से भ्रम में जी रहे हैं। यही कारण है कि पर्यावरण के अनुकूल तकनीक के बारे में सोचने की फुरसत किसी को नहीं है। पुराने जमाने में पर्यावरण के हर अवयव को भगवान का दर्जा दिया जाता था। नए जमाने में पर्यावरण के अवयव वस्तु के तौर पर देखे जाने लगे और हम इन्हें मात्र भोग की वस्तु मानने लगे। यह समझ विकसित करने के लिए एक बार फिर हमें नए सिरे से सोचना होगा। हमें यह मानना होगा कि जलवायु परिवर्तन की यह समस्या किसी एक शहर, राज्य या देश के सुधरने से हल होने वाली नहीं है। इस समय सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण के प्रति चिंता देखी जा रही है। यदि ग्रीन हाउस गैसों की वृद्धि इसी तरह जारी रही तो दुनिया को लू, सूखे, बाढ़ व समुद्री तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ेगा। तटीय इलाकों पर अस्तित्व का संकट पैदा हो जाएगा और अनेक पारिस्थितिक तंत्र, जंतु एवं वनस्पतियां विलुप्त हो जाएंगी। 30 फीसद एशियाई प्रवाल भित्ती जो कि समुद्रीय जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, अगले तीस सालों में समाप्त हो जाएंगी। वातावरण में कार्बनडाइआक्साइड की मात्रा बढ़ने से समुद्र के अम्लीकरण की प्रक्रिया बढ़ती चली जाएगी जिससे खोल या कवच का निर्माण करने वाले प्रवाल या मूंगा जैसे समुद्रीय जीवों और इन पर निर्भर रहने वाले अन्य जीवों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। दरअसल उन्नत भौतिक अवसंरचना जलवायु परिवर्तन के विभिन्न खतरों जैसे बाढ़, खराब मौसम, तटीय कटाव आदि से कुछ हद तक रक्षा कर सकती है। गौरतलब है कि विभिन्न तौर-तरीकों से जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित किया जा सकता है। इन तौर-तरीकों में ऊर्जा प्रयोग की उन्नत क्षमता, वनों के काटने पर नियंत्रण और जीवाश्म ईंधन का कम से कम इस्तेमाल जैसे कारक प्रमुख हैं। अब हमें यह समझना होगा कि धरती को सिर्फ नारे लगाकर नहीं बचाया जा सकता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सटाका




## आज की पाती

### शादियों में दिखावा गरीबों के लिए मुसीबत

हमारे देश में लोगों में दिखावे की भावना बहुत बढ़ गई है। लगभग हर त्योहार, सामाजिक और धार्मिक समारोहों में भी दिखावा किया जा रहा है। यह दिखावा हमारा आर्थिक नुकसान ही नहीं करवाता है, बल्कि हमारी मानसिक शांति भी भंग करता है, खास तौर पर उनके लिए यह दिखावा मुसीबत बनता है जो अपनी हैसियत से ज्यादा खर्चा करते हैं। त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। इसके कारण अनेक समस्याएं, गरीबों के सामने पैदा होती हैं। दिखावे की बढ़ती परंपरा पर रोक लगनी चाहिए।

*-किशन सिंह, रायपुर*

## करंट अफेयर


# कांगड़ा घाटी के रेलवे स्टेशन पर समृद्ध इतिहास वाली कलाकृतियां



हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा घाटी में लगभग 100 साल पुराने कई रेलवे स्टेशन पर 1929 में उनकी स्थापना के बाद से ट्रेन परिचालन में इस्तेमाल हुए पुरातन उपकरणों और कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। इस प्रदर्शनी का आयोजन 18 अप्रैल को मनाए जाने वाले विश्व धरोहर दिवस के उपलक्ष्य में 14 से 20 अप्रैल तक किया गया। कांगड़ा, पालमपुर और पठानकोट जैसे स्टेशन पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस प्रदर्शनी के दौरान रात्रिकालीन सिग्नल प्रणाली के लिए लालटेन, 'लेवल क्रॉसिंग' पर लालटेन, पहिया फिसलने से रोकने के लिए 'स्किप' उपकरण और ट्रेन संचालन में इस्तेमाल किए जाने वाले कई अन्य उपकरणों समेत दुर्लभ उपकरणों को प्रदर्शित किया गया। वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता भूपेंद्र ने कहा, इस दौरान फिरोजपुर मंडल ने पठानकोट स्टेशन पर विरासत से जुड़ी कलाकृतियों की प्रदर्शनी, पालमपुर स्टेशन पर विरासत गलियारा, कांगड़ा स्टेशन पर रोशनी का प्रबंध, नूरपुर और बैजनाथ के बीच चलने वाली 'नैरो-गेज' ट्रेन की सजावट, फिरोजपुर स्टेशन और मंडल कार्यालय के पास विरासत से जुड़ी वस्तुओं के विवरण के साथ 'सेल्फी प्वाइंट' की स्थापना की गई। उन्होंने बताया कि मंडल कार्यालय में विरासत से संबंधित चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

## ऑफ बीट

# राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ी मादक पदार्थों की तस्करी



दिल्ली में 2024 की तुलना में 2025 के शुरूआती तीन महीनों में मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों में दोगुनी वृद्धि देखी गई, जबकि आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में 80 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। पुलिस द्वारा रविवार को साझा किये गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली। आंकड़ों के मुताबिक, एक जनवरी से 31 मार्च 2025 के बीच दिल्ली में आबकारी अधिनियम के तहत कुल 2,496 मामले दर्ज किए गए, जबकि इसी अवधि के दौरान 2024 में कुल 1,382 मामले दर्ज किए गए थे। इसी प्रकार, स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के उल्लंघन के मामले 257 से बढ़कर 544 हो गए। रोजाना औसतन छह मामले सामने आए। आंकड़ों के मुताबिक, शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामले भी बढ़े हैं, जो पिछले वर्ष के 957 से बढ़कर इस वर्ष 1,049 हो गए हैं, जबकि जुआ अधिनियम के तहत दर्ज मामले 2024 के 677 से बढ़कर 1,018 हो गए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में अपराध में यह बढ़ोतरी प्रवर्तन कार्रवाई में वृद्धि के कारण हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, शस्त्र अधिनियम और जुआ अधिनियम सहित विभिन्न कानूनों के तहत दर्ज अपराधों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## ट्रेंड

### चैंपियनों को हार्दिक बधाई



सऊदी अरब के दम्मम में छठी एशियाई युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हमारे अंडर-18 एथलीटों द्वारा अविश्वसनीय प्रयास। 11 पदकों की प्रभावशाली संख्या के साथ, उन्होंने देश को बहुत गौरव दिलाया है। हमारे सभी युवा चैंपियनों को हार्दिक बधाई।

-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री

### पोप के निधन से दुनिया दुःखी



पोप फ्रांसिस के निधन से पूरी दुनिया दुखी है, जिन्हें आने वाली पीढ़ियां महत्वपूर्ण मानेंगी। वे अंतर-धार्मिक समझ और जुड़ाव के समर्थक थे। वे वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए भी प्रभावशाली शक्ति थे, जिन्होंने भेदभाव समाप्त करने का समर्थन किया।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### यूपी पुलिस ने गिरफ्तार किया



महात्मा ज्योतिबा फुले जी और माता सावित्री बाई फुले जी के जीवन पर बनी फिल्म पर मोदी सरकार के इशारे पर सेंसर बोर्ड द्वारा लगाई गई रोक के विरोध में लखनऊ में प्रदर्शन कर रहे आप कार्यकर्ताओं को योगी की तानाशाह पुलिस ने किया गिरफ्तार।

-संजय सिंह, आप नेता


### पुनर्मूल्यांकन करें



अगर यह आपकी शांति की कीमत चुकाता है, तो यह बहुत महंगा है। कोई भी नौकरी, व्यक्ति या आदत आपकी समझदारी के लायक नहीं है। अपनी शांति की रक्षा करें जैसे कि यह अमूल्य है-क्योंकि यह अमूल्य है। पुनर्मूल्यांकन करें। पुनः प्राप्त करें। पुनः ध्यान केंद्रित करें।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# एसएस राजामौली हैं भारत के सबसे महंगे डायरेक्टर

**मुंबई।** अब तक आपने बड़े बड़े सुपरस्टार्स की फीस के बारे में तो ढेरों किस्से पढ़े होंगे। चलिए आज आपको भारत के सबसे महंगे फिल्ममेकर से मिलवाते हैं। जिनकी फीस के आगे बड़े बड़े धुरंधरों की फीस भी चिल्लर है। इंडियन सिनेमा में एक डायरेक्टर ऐसे हैं जिन्होंने अब तक जितनी फिल्में बनाई हैं वो सुपरहिट रही हैं। देश ही नहीं, दुनिया में भी इनका डंका बजा है। चलिए इनसे मिलवाते हैं। ये कोई और नहीं, बल्कि एसएस राजामौली हैं, जिन्हें भारत का सबसे हाईएस्ट-पेड फिल्म डायरेक्टर कहा जा सकता है। मूल रूप से वह तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री से आते हैं, मगर उनकी फिल्में पैन इंडिया ही होती है।

## लाइफ Style



# श्रुति शुरू की फिल्म 'कुली' के लिए डबिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुपरस्टार रजनीकांत की मोस्ट अवेटेड फिल्म अपकमिंग फिल्म 'कुली'अगस्त में थिएटर्स में दस्तक देगी। फिलहाल फिल्म पर काम चल रहा है। इसमें कमल हासन की बेटी श्रुति हासन भी नजर आएंगी. अब एक्ट्रेस ने 'कुली' की शूटिंग पूरी करने के बाद डबिंग में जुट चुकी हैं।

हासन इसकी झलक सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए दिखाई है। इंस्टाग्राम स्टोरी पर श्रुति हासन ने अपनी एक फोटो पोस्ट की है, जिसमें वह हेडफोन लगाए हुए स्टूडियो में नजर आ रही हैं। श्रुति हासन ने कैप्शन में लिखा, 'डबिंग टाइम'. लोकेश कनगराज के डायरेक्शन में बनी इस एक्शन ड्रामा फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम जोरों पर चल रहा है। हाल ही में कन्नड़ एक्टर उपेंद्र ने पहली बार पुष्टि की कि 'कुली'में उनका रजनीकांत के साथ कॉम्बिनेशन सीन हैं। लोकेश कनगराज की एक्शन फिल्म 'कुली' की रिलीज डेट का मेकर्स ने हाल ही में ऐलान किया।


सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि फिल्म इस साल 14 अगस्त को दुनियाभर में रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण करने वाले प्रोडक्शन हाउस सन पिक्चर्स ने एक्स के जरिए यह घोषणा की गई। आमिर खान भी रंजनीकांत की इस फिल्म में कैमियो करते नजर आएंगे. हालांकि, मेकर्स ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। फिल्म में रेबा मोनिका जॉन और जूनियर एमजीआर भी अहम किरदारों में दिखेंगे। इसके साथ ही हाल ही में पूजा हेगड़े की भी फिल्म कुली में एंट्री हुई है।

## हॉलीवुड मसाला



# जस्टिन बीबर को जरूरत है मदद की!

**लॉस एंजिल्स।** जस्टिन बीबर अक्सर ही खबरों में बने रहते हैं। इस सिंगर से कई कंट्रोवर्सी पहले भी जुड़ चुकी हैं। हाल ही में सिंगर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वह बेसुध से नजर आए। जस्टिन की हरकतें देखकर उनके फैंस को टेंशन होने लगी है। वायरल वीडियो को देखने के बाद फैंस ने कहा है कि जस्टिन को मदद की जरूरत है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें जस्टिन एक म्यूजिक इवेंट कोचेला में डांस करते दिखे।



# क्रिस्टन स्टीवर्ट ने गर्लफ्रेंड से की शादी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट और डायलन मेयर की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। कहा जा रहा है कि लॉस एंजिल्स में करीबी लोगों के बीच क्रिस्टन ने अपनी गर्लफ्रेंड से शादी की है। रविवार यानी 20 अप्रैल को यह शादी हुई। क्रिस्टन स्टीवर्ट और डायलन मेयर साल 2019 में रिलेशनशिप में आए, दोनों ने लगभग सात साल तक डेट किया। साल 2021 में दोनों ने अपने करीबी लोगों के बीच ही सगाई भी की थी। इसके बाद अकसर ही इन दोनों को पब्लिक इवेंट्स पर साथ देखा गया। क्रिस्टन के फैंस जानना चाहते थे कि वह शादी कब करेंगी? टीएमजेड की एक रिपोर्ट के अनुसार स्टीवर्ट और उनकी गर्लफ्रेंड ने कोर्ट हाउस से शादी का लाइसेंस हासिल करने के बाद दोस्तों और परिवार के बीच सादे अंदाज में शादी की।



# मुस्लिम हूं, लेकिन मेरे लिए सुकून हैं शिव...


**मुंबई।** नुसरत भरूचा का मानना है कि ईश्वर एक है और उनतक पहुंचने के रास्ते अलग हो सकते हैं। वह नमाज पढ़ती हैं, रोजा रखती हैं और केदारनाथ जाकर नंदी के कान में विश भी मांगती हैं। वह सभी धर्मों को मानती हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि मुस्लिम होकर चर्च जाने या मंदिर जाने पर वह ट्रोलिंग को किस तरह लेती हैं। नुसरत भरूचा मुस्लिम है। वह फिर भी केदारनाथ गईं और ट्रोलिंग झेली।, 'मुझे शांति महसूस हुई। इतने लोग थे, लेकिन मैं माइंड में शांत हो गई थी। मेरे दिमाग और आत्मा में कोई परेशानी नहीं था। मुझमें उस वक्त एक स्थिरता आ गई थी। इसलिए, मैं वहां बैठ गई थी। वहां बहुत आवाज थी, लेकिन मुझे हवा की आवाज आ रही थी। मैं इस्लाम को मानती हूं, लेकिन शिव मेरे लिए सुकून हैं। मैं तो वैष्णो देवी भी गई हूं, मुझे शिव ने बुलाया था।'



# 'मर्दानी-3' की रिलीज डेट हुई अनाउंस

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रानी मुखर्जी की अपकमिंग फिल्म 'मर्दानी 3' का पोस्ट रिलीज हो गया है। मेकर्स द्वारा जारी किए गए पोस्टर में रानी हाथ में बंदूक पकड़े नजर आ रही हैं। रानी का धाकड़ लुक लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। वे सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की तारीफ कर रहे हैं। मेकर्स ने फिल्म के पोस्टर के साथ-साथ फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस की है। ये फिल्म अगले साल फरवरी में रिलीज होगी। मर्दानी' साल 2014 में रिलीज हुई थी। 'मर्दानी 2' साल 2019 में आई थी। वहीं 'मर्दानी 3' 27 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। मतलब सात साल बाद लोग रानी को पुलिस अफसर शिवानी शिवाजी रॉय के किरदार में देखेंगे। मर्दानी 3' के साथ फरवरी 2026 में सिनेमाघरों में तीन और फिल्में भी रिलीज होंगी।

## टीवी मसाला



# आर्यन को शतरंज का प्यादा बनाएगी माही मेंशन में अब होगी असली महाभारत...

**नई दिल्ली।** अनुपमा के साथ बातचीत में राघव उसे बताएगा कि जिन लोगों ने उनके साथ धोखा किया वो इसी शहर में रहते हैं। उधर राही फोन करके अपनी मां को बताएगी कि आज पराग और ख्याति की एनिवर्सरी है। सभी एक ग्रांड सेलिब्रेशन प्लान करेंगे। वसुंधरा, आर्यन और गौतम के राजी नहीं होने के बावजूद कोठारी मेंशन में एक शानदारी पार्टी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शाह परिवार के सभी सदस्य भी पहुंचेंगे। पुलिस ऑफिसर कॉल करके प्रेम को बताएगा कि जल्द ही उन्हें उस शख्स का पता चल जाएगा जिसने राही पर हमला किया था। इधर, राघव तक भी ये बातें पहुंचेंगी तो वह खुद ही अपना सच अनुपमा को बताने का फैसला करेगा। जब बात करने का मौका नहीं मिलेगा तो राघव एक पर्ची में अपनी सच्चाई लिखकर अनुपमा को दे देगा और चला जाएगा। संयोग ऐसा बनेगा कि अनुपमा को कोठारी मेंशन पहुंचने तक ये पर्ची पढ़ने का मौका ही नहीं मिलेगा। अनुपमा ख्याति को लेकर और उधर अनिल पराग को लेकर कोठारी मेंशन पहुंचेगा। फाइनली पराग और ख्याति आमने-सामने होंगे और दोनों एक दूसरे को प्यार भरी नजर से देखेंगे और चीजें संभलती नजर आएंगी। लेकिन, उससे पहले ऐसा बहुत कुछ होगा जिससे आने वाले तूफान की आहट मिलेगी। प्रेम जाकर अपने भाई को समझाने की कोशिश करेगा कि वह अपनी मां को माफ कर दे और माता-पिता के रिश्ते को बिगाड़ने की वजह ना बने।

## गौरव ने बताया रुपाली को क्यों नहीं मानते दोस्त

**नई दिल्ली।** गौरव खन्ना को अनुपमा सीरियल में अनुज कपाड़िया के रोल में काफी पॉप्युलैरिटी मिली। जब उन्होंने शो छोड़ा तो फैन्स का दिल टूट गया। शो छोड़ने की वजह क्या है, इसके पीछे कई कयास लगाए जाने लगे।



यह भी कहा गया कि उनकी रुपाली गांगुली से अनबन थी। अब गौरव खन्ना ने रुपाली गांगुली की तारीफ की है। उनका कहना है कि वह बहुत अच्छी इंसान है। यह भी बताया कि वह उन्हें दोस्त क्यों नहीं कहते। गौरव खन्ना ने बताया कि शो छोड़ने के बाद वह टीम के टच में हैं। बोले, 'शो छोड़ने के बाद किसी से बात नहीं हुई। राजन सर से बात हुई। अुपमा के स्पॉटबॉय ने मुझे कॉल किया था मास्टरशेफ के बाद।' रुपाली के बारे में गौरव बोले कि वह उन्हें दोस्त नहीं कह सकते। उन्होंने कहा, 'मैं रुपाली को फ्रेंड नहीं बोलूंगा। वह बढ़िया इंसान हैं, जिनसे मैंने बहुत कुछ सीखा। फ्रेंड क्या होता है कि मैं उन्हें कभी भी फोन कर दूं कि ये है, वो है। उनसे इस तरह के रिश्ते नहीं हैं। चाहे वो रुपाली हों या सुधांशु। यहां तक कि सुधांशुजी बोलना चाहिए। वह मेरी तरह बहुत स्पिरिचुअल हैं।'

# जैकलीन एलन मस्क की मां संग पहुंचीं सिद्धिविनायक मंदिर...

**मुंबई।** जैकलीन फर्नांडिस और एलन मस्क की मां मेय मस्क ने मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन किए। पारंपरिक परिधान में सजी जैकलीन ने मेय के साथ गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया। मेय मस्क अपनी किताब के हिंदी लॉन्च के लिए भारत आई हैं। जैकलीन, जिन्होंने हाल ही में अपनी मां को खोया, मेय के साथ मंदिर में दिखीं। जैकलीन फर्नांडिस अरबपति एलन मस्क की मां मेय मस्क के साथ रविवार को मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचीं। ट्रडिशनल आउटफिट और माथे पर दुपट्टा रखकर जैकलीन ने मेय मस्क के साथ गणपति बप्पा के दर्शन किए। मंदिर के अंदर से कई सारी झलकियां अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। जैकलीन फर्नांडिस ने ईस्टर के मौके पर मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में माथा टेका।



ये दिन इसलिए भी स्पेशल रहा क्योंकि इस प्रसिद्ध मंदिर में बप्पा का आशीर्वाद लेने के लिए उनके साथ सुपरमॉडल, डाइटिशियन, लेखिका और टेस्ला एंड स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क की मां मेय मस्क भी भी उनके साथ थीं। बता दें कि मेय मस्क अपनी किताब 'ए वूमन मेक्स ए प्लान' के हिंदी लॉन्च के लिए इस समय भारत में मौजूद हैं। सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन करने आईं जैकलीन अपने सिर पर दुपट्टा लिए नजर आईं और एलन मस्क की मां मेय भी यलो कलर के भारतीय पोशाक में मंदिर पहुंची थीं। मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए दोनों की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। कई लोगों ने जहां मंदिर में दुपट्टा से उनके सिर ढकने की तारीफ की है, वहीं कुछ लोगों ने अपना दिमाग दौड़ाना शुरू कर दिया है।

# ऐश्वर्या-अभिषेक को एनिवर्सरी पर साथ देख खुश हुए फैन्स....

*मुंबई। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के तलाक की खबरों से उनके कई फैन्स के दिल टूटे थे। इस मैटर पर काफी गॉसिप भी चलती रही। अब ऐश्वर्या ने ऐनीवर्सरी पर अभिषेक के साथ फोटो पोस्ट करके सब कुछ ठीक होने की तरफ इशारा किया है। ऐश्वर्या राय के एक पोस्ट से उनके और अभिषेक बच्चन के फैन्स काफी खुश हैं। बीते कुछ वक्त से उन दोनों के तलाक की खबरें आ रही थीं। अब ऐश्वर्या ने अपनी एनीवर्सरी पर अभिषेक के साथ नई तस्वीर पोस्ट की है। इसके साथ में दिल वाला इमोजी भी लगाया है। इस पोस्ट को करीब ढाई लाख लोगों ने लाइक किया है। इस पोस्ट पर लोगों के कई तरह के पोस्ट दिख रहे हैं। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन 20 अप्रैल साल 2007 में शादी के बंधन में बंधे थे। उनकी शादी को 18 साल हो चुके हैं। ऐनीवर्सरी के मौके पर*



*ऐश्वर्या ने अभिषेक और आराध्या के साथ एक तस्वीर पोस्ट की। साथ में वाइट हार्ट इमोजी भी है। इस पर प्रियंका चोपड़ा सहित कई लोगों के लाइक्स हैं। फैन्स खुशी भी जता रहे हैं। एक फॉलोअर ने लिखा है, फाइनली सब ठीक हो गया, परिवार से इम्पॉर्टेंट कुछ नहीं है। इस पर एक रिप्लाई है, सब ठीक ही था भाई। एक ने लिखा है, इनके रीयूनाइट होने से मुझे क्यों खुशी हो रही है। एक और ने लिखा है, लो भी कन्फर्म हो गया कि डिवोर्स नहीं हो रहा है। एक कमेंट है, कौन था वो जो तलाक की खबर फैला रहा था। एक ने लिखा है, तीनों की साथ तस्वीर पोस्ट करने के लिए थैंक यू। शादीशुदा कपल्स को आप दोनों से सीखना चाहिए। कुछ भी हो, एक कपल को सारे उतार-चढ़ाव में साथ रहना चाहिए।*

## कॅरियर में 300 से अधिक फिल्मों में किया काम और बनीं हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस

# दो सगी बहनें : एक बनी सुपरस्टार, दूसरी रह गई गुमनाम... बन गई दुश्मन!

*नई दिल्ली। इंडियन सिनेमा की सबसे सफल एक्ट्रेस की बात हो तो यकीनन श्रीदेवी का नाम सबसे टॉप पर आता है। जिन्होंने 300 फिल्मों में काम किया। बॉलीवुड से लेकर साउथ तक उनकी तूती बोली। एक्टर से लेकर तमाम डायरेक्टर तक उनके फैन हुआ करते थे। लेकिन, क्या आप श्रीदेवी की बहन की कहानी के बारे में जानते हो। श्रीदेवी की एक सगी बहन भी रही हैं, जिनका नाम है श्रीलता। तो चलिए आज श्रीलता और श्रीदेवी के रिश्ते, दरार और पूरी कहानी से रूबरू करवाते हैं। श्रीदेवी ने कई दशकों तक राज किया है। कॅरियर में 300 से अधिक फिल्मों में काम किया और हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस बनीं। वह साउथ से लेकर बॉलीवुड में लगातार काम करती थीं। कॅरियर के दौरान उनका नाम कभी मिथुन चक्रवर्ती से जुड़ा तो फिर शादी बोनी कपूर से कर ली। वहीं, दूसरी ओर उनका रिश्ता बहन श्रीलता के साथ शुरुआत में काफी गहरा रहा है। जहां श्रीदेवी इंडस्ट्री की बड़ी सुपरस्टार बनीं तो श्रीलता वहां तक नहीं पहुंच पाईं। फिर जिंदगी में एक मोड़ ऐसा आया कि दोनों के रिश्ते में खटास आने लगी। फिर तो एक मौका ऐसा भी था जब दोनों एक-दूसरे से बात भी नहीं करती।*



### क्यों पड़ी थी श्रीदेवी और श्रीलता में दरार

1996 की बात है। श्रीदेवी की मां अस्पताल में भर्ती थीं। तब दावा किया गया था कि उनका गलत ऑपरेशन के कारण याददाश्त कमजोर हो गई। बाद में उनकी तबीयत ठीक ही नहीं हुई और वह चल बसीं। इस घटना के बाद श्रीदेवी आगबबूला हो गईं और उन्होंने अस्पताल पर गलत ऑपरेशन का मुकदमा किया और 7.2 करोड़ रुपए का मुआवजा जीता। उस जमाने में उन्होंने इस रकम को अपने पास रख लिया।

### श्रीदेवी की बहन बनी मैनेजर

श्रीदेवी ने 1970 के दशक में अपने कॅरियर की शुरुआत की, तब श्रीलता अक्सर उनके साथ सेट पर जाती थीं। श्रीलता बहन के साथ-साथ साया की तरह रहती। कभी वह उनके साथ अवॉर्ड फंक्शन में दिखती तो कभी इंडस्ट्री के कार्यक्रमों में नजर आती। कहते हैं कि बहन की तरह श्रीलता भी इंडस्ट्री में आना चाहती थीं। वह भी हीरोइन बनने की चाहत रखती थीं। लेकिन, श्रीलता कभी हीरोइन न बन सकी और वह अपनी बहन श्रीदेवी की मैनेजर बन गईं।

### बहन ने दिया साथ

श्रीदेवी जहां इंडस्ट्री में बुलंदियां छू रही थीं, तो वहीं श्रीलता भी उनके हर कदम पर उनका साथ दे रही थीं। वह सब काम संभाल रही थीं। पहले उनकी मां सबकुछ देखती थीं। मगर, जब श्रीदेवी की मां का निधन हुआ तो दोनों बहनों के बीच दरार आ गई। तभी इस रिश्ते में खटास आने लगी।

### कर दिया था बहन ने ही केस

एक रिपोर्ट के मुताबिक, मां के गुजरने के बाद श्रीदेवी ने अपनी मां की संपत्ति अपने नाम कर ली, जिससे श्रीलता नाराज हो गईं। यहीं से दो सगी बहनों के बीच दरार पड़ने लगी। फिर श्रीलता ने प्रॉपर्टी में अपना हिस्सा पाने के लिए बहन पर मुकदमा किया, यह दावा करते हुए कि उनकी मां मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं थीं। श्रीलता को 2 करोड़ रुपए मिले, जिससे उनके रिश्ते में और कड़वाहट आ गई।

### जीजा चाहते थे सुलह करवाने

कहते हैं कि श्रीदेवी के पति और श्रीलता के जीजा बोनी कपूर ने दोनों बहनों के बीच सुलह कराने की लाख कोशिश की थी। एक वक्त तो ऐसा भी आया जब ये अफवाह उड़ी कि दोनों बहनों के बीच सब सही हो गया है। ये बात है 2013 की जब श्रीदेवी को पद्मश्री से सम्मानित किया गया, तब उनकी बहन ने परिवार के बीच एक समारोह रखा। तभी ये बातें होने लगी थी कि दोनों के बीच सब सही हो गया है। हालांकि, इन मतभेद के खत्म होने की औपचारिक पुष्टि नहीं हुई। दोनों बहनें न तो साथ दिखीं न ही कुछ कहा।

***श्रीदेवी की मौत के बाद भी गायब थीं बहन :*** कहते हैं कि जब श्रीदेवी की आकस्मिक मौत हुई तो श्रीलता चेन्नई में प्रार्थना सभा में भी नहीं पहुंची थीं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों ने कहा, 'श्रीलता को चुप रहने और तस्वीर से बाहर रहने के लिए कहा गया है। कुछ लोगों से तो ये भी सुना है कि वह श्रीलता को चैन्नई वाले बंगले का हक भी देंगे।' प्रॉपर्टी तो सब श्रीदेवी की थी। उनकी दौलत शोहरत से ही संपत्तियां अर्जित की गई थी।

## हाई कोर्ट ने 10 प्रतिशत ब्याज सहित अदायगी का सुनाया आदेश

# ग्रेच्युटी का निर्धारण कर 30 दिन में भुगतान नियोक्ता का दायित्व



**जबलपुर।** हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने अपने महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि ग्रेच्युटी कर्मचारी का अधिकार है और उसके लिए नियोक्ता के समक्ष आवेदन देने की आवश्यकता नहीं है। नियोक्ता का दायित्व है कि ग्रेच्युटी का निर्धारित कर कार्यमुक्त कर्मचारी को 30 दिनों में भुगतान करे। युगलपीठ ने दायर अपीलों को निरस्त करते हुए 10 प्रतिशत ब्याज के साथ ग्रेच्युटी की राशि का भुगतान करने के आदेश पारित किय है।जबलपुर स्थित लिटिल वल्ड हायर सेकंडरी स्कूल की ओर से दायर की गई सात अपीलों में हाई कोर्ट ने उक्त निर्देश दिए हैं। अपीलों में कहा गया था कि नियंत्रण प्राधिकरण व सहायक श्रम आयुक्त ने शिक्षक के रूप में कार्यरत मौसमी बैनर्जी सहित अन्य को 10 प्रतिशत ब्याज के साथ ग्रेच्युटी की राशि का भुगतान करने आदेश जारी किए हैं, जो चुनौती के योग्य है। इसी को निरस्त कराने हाई कोर्ट की शरण ली गई है। इससे पूर्व हाई कोर्ट की एकलपीठ ने नियंत्रण प्राधिकरण के आदेश को बरकरार रखते हुए याचिका निरस्त कर दी थी। लिहाजा, युगलपीठ के समक्ष अपील दायर की गई। दायर अपीलों में कहा गया था कि कार्यमुक्त होने के बाद अनावेदक शिक्षकों ने ग्रेज्युटी राशि के भुगतान के लिए आवेदन नहीं दिया था। इसके अलावा उन्होंने विलंब से ग्रेच्युटी की मांग करते हुए नियंत्रण प्राधिकरण व सहायक श्रम आयुक्त के समक्ष आवेदन दायर किया था। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि एक्ट के प्रविधानों के तहत कर्मचारी के आवेदन की प्रतीक्षा किए बिना नियोक्ता का यह दायित्व है कि वह ग्रेच्युटी की राशि निर्धारित करते हुए 30 दिनों में उसका भुगतान करे। एक्ट में ऐसा कोई प्रविधान नहीं है, जो महज विलंब के आधार पर ग्रेच्युटी के अधिकार से वंचित करने की अनुमति नियोक्ता को प्रदान करता है। अपीलकर्ता द्वारा लिया गया विलंब का आधार 1972 के अधिनियम के प्रविधानों के विपरीत है। युगलपीठ ने उक्त आदेश के साथ दायर अपील निरस्त कर दी।

## मध्यप्रदेश में ओबीसी आरक्षण के मसले का अब सुप्रीम कोर्ट करेगा फैसला

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 फीसदी आरक्षण देने के मसले का फैसला अब सुप्रीम कोर्ट करेगा। इस मामले से जुड़ी 52 ट्रांसफर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। जस्टिस अभय एस ओक एवं जस्टिस उज्जवल भुइयां की खंडपीठ ने मप्र हाईकोर्ट से इन याचिकाओं को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया। अब मप्र हाईकोर्ट में इनसे जुड़ी लंबित 52 याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट भेज दी जाएंगीसुनवाई के दौरान मप्र सरकार की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने शीर्ष अदालत से निवेदन किया कि ओबीसी आरक्षण से जुड़े मामलों पर जल्द से जल्द सुनवाई की जाए। उन्होंने इन सभी याचिकाओं को सुको ट्रांसफर करने का अनुरोध किया। इस पर कोर्ट ने कहा कि इन मामलों की सुनवाई के लिए जल्द ही एक उपयुक्त बेंच गठित की जाएगी।उल्लेखनीय है ये मामला पिछले 6 वर्ष से लंबित है। वर्ष 2019 में मप्र हाईकोर्ट में ओबीसी आरक्षण को चुनौती देते हुए पहली याचिका दायर हुई थी। इसके बाद इस विषय पर कई याचिकाएं दायर हुईं। इनमें कुछ याचिकाएं ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने के विरोध में हैं, जबकि कुछ इसके पक्ष में हैं।



## प्रो.वंदना शुक्ला का सम्मान

**जबलपुर।** महाविद्यालय हिंदी विभाग द्वारा प्रो. वंदना शुक्ला, विभागाध्यक्ष हिंदी, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर की 40 वर्ष की शासकीय सेवापूर्ण करने एवं सेवानिवृत्त होने पर पुष्पगुच्छ एवं शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रो. अरुण शुक्ल, विभागाध्यक्ष हिंदी ने बताया कि प्रो. वंदना शुक्ला अपने विद्यार्थियों एवं सहकर्मियों के बीच अपनी सहजता, मिलन सारता एवं हँसमुख स्वभाव के कारण लोकप्रिय है। उन्होनें विद्यार्थियों को अपने ज्ञान से हमेशा दिशा-दर्शन दिया है। इस अवसर पर डॉ. शैलप्रभा कोष्टा, डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. तरुणेद्र साकेत, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया, डॉ. नीलिमा, डॉ. सुमित पासी, श्री मनीश रघुवंशी, शोधार्थी रंजना आदि के साथ कर्मचारी उपस्थित रहें।

## मां भारती दीर्घा संस्था ने नेपियर टाऊन में स्थापित किया प्याऊ




**जबलपुर।** भीषण गर्मी को देखते हुए हर साल की तरह मां भारती संस्था द्वारा राहगीरों के लिए शीतल व शुद्ध जल का शुभारंभ नेपियर टाउन में किया गया। संस्था अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन ने कहा कि इस भीषण गर्मी में जो आसमान से बरसती आग और तवे सी तपती धरती है,ऐसे में राहगीरों के लिए यह शुद्ध शीतल जल अमृत की तरह है। राहगीरों की प्यास बुझाना एक पूर्णार्थ और धर्मार्थ का कार्य है अतः हमने राहगीरों के साथ-साथ पशु पक्षियों के लिए भी शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की है और इस पुनीत कार्य में सुनंदा पंचभाई, वैशाली टेंभरे, शशि कपूर,सुषमा भाटिया, सुनीता सेठी ,वीणा ताम्रकार, उल्का साहू,बरखा गुप्ता, हेमा ठाकुर, नीलम साहू, नीतू खरे, सविता श्रीवास्तव, सरला साहू,एकता साहू, रीना साहू, सरिता जैन, उर्मिला साहू, अनु दुबे, पार्वती सोनकर, रंजना अग्रवाल, ममता साहू, दीपमाला आदि की सहभागिता सराहनीय रही।



## पशुपालन एम्पलाइज लीग क्रिकेट एवं महिला बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन

**जबलपुर।** पशुपालन एम्पलाइज लीग पीपीईएल आज के दिन का पहला मैच क्वार्टर फाइनल ग्वालियर vs छिंदवाड़ा जिसमें ग्वालियर ने पहले खेलते हुए 49 रन 5 विकेट पर रन बनाए, छिंदवाड़ा ने 7.3 बाल में ही 50 रन बना लिए जिसमें बुद्धघोष ने 25 रन बनाए और इस मैच का मैन ऑफ द मैच प्रेम रहे। इस फाइनल मैच में बड़वानी ने पहले टॉस जीतकर नीमच टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया जिसे स्वीकार करते हुए नीमच टीम 10 ओवर में संजू के 22 रनों की बदौलत 4 विकेट खोकर 69 रन ही बना पाई बड़वानी की ओर से विनोद चौहान ने 2 विकेट लिए। दूसरी पारी में बड़वानी के सभी प्लेयर ने थोड़ा-थोड़ा योगदान कर एक बॉल रहते इस स्कोर को चेज कर लिया इनकी ओर से नीरज प्रजापति ने 10 बॉल में 17 रन बनाए जिसमें अंपायर आदित्य रघुवंशी और शिवम धाकड़ ने बड़वानी को विजय घोषित किया। इस मैच में मैन ऑफ द मैच नीरज सिंह और प्लेयर ऑफ द सीरीज संजू सैमसन रहे। मैच का टॉस डॉ. जेपी सिंह, डॉक्टर प्रफुल्ल मून द्वारा कराया गया। टॉस बड़वानी ने जीता और पहले क्षेत्र रक्षण करने का निर्णय लिया इस अवसर पर डॉ. अविनाश श्रीवास्तव, डॉक्टर आरके कुर्मी, मनोज बेस, डॉ. एसके विश्वकर्मा, डॉक्टर विजय विश्वकर्मा ने टीमों को शुभकामनाएं देकर मैच को प्रारंभ कराया।

## बाल लीला, गोवर्धन पूजा से श्रोता हुए भावविभोर



**जबलपुर।** त्रिपुर सुंदरी मंदिर के सामने ग्राम पिपरिया, भेड़ाघाट रोड में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन 17 अप्रेल से 25 अप्रेल तक अपरान्ह 03 बजे से हरिइच्छा तक किया जा रहा है। आयोजन के अंतर्गत 21 अप्रेल को आचार्य पं. कमलेश तिवारी के मुखारबिंद से बाल लीला, गोवर्धन पूजा की कथा सुनाई गई। मुख्य यजमान बाबू भैया परोहा व श्रीमती निर्मला देवी ने इस पुनीत अवसर पर सपरिवार, इष्ट मित्रों सहित पधारकर कथा श्रवण करने का अनुरोध किया है।

## सिविल सेवा दिवस पर कर्मचारी हित में कार्य करने की संगठन ने ली शपथ



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने भारतीय सिविल सेवा दिवस पर देश एवं प्रदेश की प्रगति में अपना योगदान देते हुए जनता के हितों की रक्षा एवं सेवा में हमेशा समर्पित व प्रतिबद्ध रहने वाले समस्त सिविल सेवकों को जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन जबलपुर ने हार्दिक बधाईयां देते हुए समस्त सिविल सेवकों को प्रतीकात्मक सम्मान देते हुए संघ के अध्यक्ष भाई रॉबर्ट मार्टिन को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि संगठन निरंतर सिविल सेवकों के हित में कार्य करता रहेगा और समय-समय पर भारतीय सिविल सेवा में कार्यरत कर्मचारियों, लोकसेवकों की समस्याओं के निराकरण हेतु निरंतर प्रयासरत रहेगा और अपनी आवाज बुलंद करता रहेगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राकेश श्रीवास, हरीश चन्द्र वर्मा, संतोष श्रीवास्तव, रामशंकर श्रृंगी, मोनिका सोनी, के. रत्नाकर, पदमा मालवीय, मंजुलता सोनी, अमिता केसरवानी, पूजा सोनकर, शबनम कुरेशी, ममता श्रीवास्तव, रिक्ता जेकब, वंदना विश्वकर्मा, सीमा तिवारी, राधा सोनकर, फरजाना बानो, रश्मि गुप्ता आदि ने शपथ ली कि सिविल सेवा के नियमों का पालन करते हुए कर्मचारी हित में कार्य करते रहेंगे।

### पं. सुधीर व्यास ने भजनों की वर्षा कर भक्तों को किया भावविभोर

## भक्ति, श्रद्धा और संगीत से गूंजा माँ बगलामुखी सपर्या महोत्सव



**जबलपुर।** श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ, शंकराचार्य मठ, सिविक सेंटर में माँ बगलामुखी सपर्या महोत्सव का भव्य आयोजन पूज्य ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जबलपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। भक्ति संध्या के मुख्य आकर्षण रहे सुप्रसिद्ध भजन गायक पं. सुधीर व्यास जिन्होंने "ये चमक ये दमक..." जैसे लोकप्रिय भजनों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उनकी सुमधुर आवाज और भावपूर्ण प्रस्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं को माँ बगलामुखी की भक्ति में डुबो दिया। श्रोताओं ने देर रात तक भजनों का आनंद लिया और माँ का आशीर्वाद प्राप्त किया। ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज ने भक्तों को माँ बगलामुखी की कृपा का महत्व बताया और जीवन में धर्म व सेवा को अपनाने का संदेश दिया। माँ की महाआरती एवं प्रसाद वितरण हुआ।इस आयोजन के सूत्रधार डॉ. सुधांशु गुप्ता (प्रदेश सह संयोजक, भाजपा विदेश संपर्क विभाग) ने सभी आगंतुकों, श्रद्धालुओं, अतिथियों व सेवा में लगे सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों को जनहित में निरंतर करते रहने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में उपस्थित सांसद आशीष दुबे, जितेंद्र जामदार, विनोद गोंटिया, पवन स्थापक, समीर दीक्षित, बृजेश दुबे, आलोक तिवारी, मनोज सेन आदि उपस्थित रहे।

## ईस्टर पुनरुत्थान दिवस पर मरीजों को किए फल वितरित



**जबलपुर।** आज सर्व ईसाई महासभा जबलपुर एवं मसीही समाज के लोगों के विशेष सहयोग से ईस्टर पुनरुत्थान पर्व के उपलक्ष्य में जिला चिकित्सालय विक्टोरिया में भर्ती मरीजों को फल वितरित किया एवं उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रभु यीशु मसीह से प्रार्थना कामना की। जिला अध्यक्ष शान कुमार ने कहा मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। आज हम यहां मरीजों के बीच फल वितरण कर उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास कर रहे हैं। यह छोटा सा कदम न केवल उनका हौसला बढ़ाता है, बल्कि हमें भी एक-दूसरे के प्रति प्रेम और सहानुभूति का महत्व याद दिलाता है। आइए, हम सब मिलकर समाज में एकता, करुणा और सेवा का संदेश फैलाएं। जिला सचिव डेन्ज़लि आंग्रे ने सभी लोगों को पुनरुत्थान दिवस की शुभकामनायें प्रेषित की।ईसाई धर्मगुरु रेव्ह. मलर सेलवन, रेव्ह. अभिषेक सेमुएल ( प्रदेश संघठन मंत्री) एवं पास्टर स्टैनली सुकुमार, पास्टर भान सिंह ने विशेष प्रार्थनायें की। इस दौरान संघठन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष फ्रांसिस मारियन, प्रदेश अध्यक्ष विनोद चैंबर्स, जिला अध्यक्ष शान कुमार, प्रदेश संघठन मंत्री प्रभाकर चक्रे, जिला सचिव डेन्ज़लि आंग्रे, जिला कोषाध्यक्ष जेरी दयाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष नॉर्बर्ट पॉल, सचिव शिमोन सागर, जॉन दयाल, मिडिया प्रभारी मनोज एंथोनी, एनोस, मनोज पिल्लै, महिला जिला अध्यक्ष सुधा सेमुएल, श्वेता सेमुएल, एडवोकेट रुचिका जेम्स, अर्पित, रोहन, सनी एवं संघठन के लोग शामिल रहे।

## पनागर में भगवान परशुराम शिवजी की मूर्तियां स्थापित

**जबलपुर।** ब्राह्मण एकता संगठन पनागर द्वारा भगवान परशुराम मंदिर प्रांगण बम्हनौदा रोड में बैठक आयोजित हुई. जिसमें भगवान परशुराम जयंती अक्षय तृतीया कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई. भगवान परशुराम प्राण प्रतिष्ठा एवं शिव जी और नंदी महाराज स्थापित किए जाएंगे. 30 अप्रैल को मंगलाचरण एवं वेदी पूजन 1 और 2 मई को पूजन चलेगी. 3 मई को भगवान परशुराम जी की प्राण प्रतिष्ठा एवं प्रसाद वितरण होगा. कार्यक्रम को भव्य बनाने अनेकों विप्रजनों ने अपने अपने सुझाव दिए जिसमें 30 अप्रैल को जल यात्रा के साथ कलश यात्रा के साथ मार्ग निश्चित किया गया. बैठक में सुरेश मिश्रा, रविशंकर अवस्थी, मदन तिवारी, सर्वेश मिश्रा, प्रवीण मिश्रा, धर्मेश उपाध्याय, विकास पांडे, उमेश मिश्रा, आशुतोष तिवारी, कृष्णकुमार तिवारी, नितिन गौतम, शैलेश तिवारी, रितुराज तिवारी, शेखर द्विवेदी राजा प्यासी, महेंद्र चौबे, अमित परोंहा, अतुल पांडे, अभिषेक दुबे, वैभव पांडे आदि उपस्थित रहे।

## अत्यधिक गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए विद्यालयों में अवकाश की मांग

### भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा स्कूल शिक्षा मंत्री के नाम संभागीय आयुक्त को सौंपा गया ज्ञापन



**जबलपुर।** वर्तमान में जबलपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू के कारण छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। इस गंभीर परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई), जबलपुर के जिला अध्यक्ष सचिन रजक के नेतृत्व में आज एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री के नाम एक ज्ञापन संभागीय आयुक्त, जबलपुर संभाग को सौंपा गया।

जिलाध्यक्ष सचिन रजक ने बताया कि तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक बना हुआ है, जिससे स्कूली बच्चों को हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में स्कूल जाना विद्यार्थियों के लिए एक गंभीर स्वास्थ्य संकट बनता जा रहा है। श्री रजक ने ज्ञापन में यह मांग रखी कि जबलपुर जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में तत्काल प्रभाव से अस्थायी अवकाश घोषित किया जाए, जिससे विद्यार्थियों को इस खतरनाक गर्मी से राहत मिल सके और कोई भी अप्रिय घटना न घटे। जबलपुर जैसे बड़े और भीषण गर्मी से प्रभावित जिले में यह निर्णय शीघ्र लिया जाना आवश्यक है।

एनएसयूआई जबलपुर ने अपेक्षा की है कि प्रशासन मानवीय दृष्टिकोण से शीघ्र निर्णय लेकर छात्रहित में अवकाश की घोषणा करेगा। इस अवसर पर संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों के हित में इस पहल का समर्थन किया। ज्ञापन के दौरान जिलाध्यक्ष सचिन रजक, प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ गौतम, राष्ट्रीय सचिव करन तामसेतवार, राहुल रजक, अभिषेक पटेल, अभिषेक दाहिया सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे।

### धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वालों पर हो एनएसए की कार्यवाही

## एपीसीआर एसोसियेशन ने विवादित बयान देने वाले संगठनों पर कार्रवाई करने एसपी को ज्ञापन सौंपा



**जबलपुर।**

21 अप्रेल को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे APCR एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ़ सिविल राइट्स के सदस्यों द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि विगत कुछ दिनों पहले सराफा चौराहे पर कुछ हिंदूवादी संगठनों द्वारा जानबूझकर मुस्लिम समुदाय के उपासक एवं अजान के बारे में विवादित बयान देते हुए हंसी-मजाक उड़ाया गया, जिससे मुस्लिम समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। संगठन के सचिव ने अपने वक्तव्य में बताया कि हमारा शहर शांति और सौहार्द एवं आपसी भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश करते हुए आया है, किन्तु विगत पिछले कुछ सालों से ऐसे लोग एक्टिव हुए हैं जो समाज में जहर घोलने का काम कर रहे हैं और जबलपुर शहर की शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक से हमारा आग्रह है कि ऐसे लोग अथवा संगठनों पर कड़ी नजर रखी जाए जो शहर में शांति भंग करने की कोशिश करते हैं या किसी समुदाय के खिलाफ विवादित बयान देते हैं उन पर तुरंत सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए ताकि फिर कोई व्यक्ति या संगठन शहर की शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश न करे। ज्ञापन देते समय एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ़ सिविल राइट्स के नाजिम शहर, गुलाम रसूल, मोहम्मद मेहंदी, सिराज मंसूरी, यासिर मंसूरी, वसीम अंसारी, साबिर भाई, शकील भाई, ज़ोहेब, यासिर अम्मार, काशिफ़ खान, सरफराज, सोनू अंसारी, शाहिद अहमद, ओवैस खान, सफीक अहमद, समीर बाबू, शाहिद अहमद, नासिर बाबू एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**NOTICE**

I, **ASHISH THAKUR** Age 45 Resident of **H-27 Purva, Garha, Babu Colony, Medical College Campus,** Jabalpur (M.P) 482003 do hereby solemnly affirm and declare as under- that, I am holding PAN **ADTPT5269J** originally issued to me on....... that, inadvertently/while trying to correct my details in the PAN, or for any other purpose, I have got issued a fresh **PAN ANAPT4571C** that I want to **RETAIN** the PAN **ADTPT5269J** which I have been using for filling of ITR and or other financial transactions. that I want to **SURRENDER** the PAN **ANAPTA4571C** which I have not used in any kind of financial transactions, opening of account at any Bank /Post Office /Financial Institution /Equity or Derivatives Trading Company/or any other purpose. that I undertake to indemnify the **Income Tax Department** of any kind of loss that may arise in future, consequent/subsequent to the deletion of PAN as stated above. And, that the above statements are true to the best of my knowledge and belief.